

04:01:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर
## हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 004
epaper.rashtriyakhabar.com
पौष, शुक्लपक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत 2079

### चाणक्य नीति

दीपो भक्षयते ध्वान्तं कज्जलं च प्रसूयते।
यदन्नं भक्षयेन्नित्यं जायते तादृशी प्रजा॥

भावार्थ : दीपक अंधकार को खाता है और उससे काजल की उत्पत्ति होती है। इसी प्रकार मनुष्य जैसा अन्न खाता है, वैसी ही उसकी संतान उत्पन्न होती है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 23.00 °c | 09.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .15 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 06 .31 बजे

टैलेंट हंट

## हमें भारत को सबसे आधुनिक बनाना है:मोदी

# ऊर्जा की जरूरतों पर काम हो तो देश का बहुत भला होगा

- वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए विज्ञान कांग्रेस का उदघाटन
- उन विषयों पर भी ध्यान रहे, जिनपर काम नहीं हो रहा
- महिला सशक्तिकरण पर आधारित है यह वैज्ञानिक आयोजन






**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा , वैज्ञानिक ऐसा संस्थागत ढांचा विकसित करें जो युवा प्रतिभाओं को आकर्षित करें और उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। टैलेंट हंट जैसी प्रतिभाओं के जरिए प्रतिभाओं की पहचान की जा सकती है और उन्हें प्रोत्साहित किया जा सकता है। आज खेल में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है ,इसकी वजह है कि खेल के प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थागत ढांचे को मजबूत किया गया। गुरु शिष्य की भारतीय परंपरा विज्ञान के क्षेत्र में भी मददगार हो सकती है जिसमें शिष्य की सफलता में गुरु अपनी सफलता देखता है। हम ऐसे विषयों पर काम करें जो पूरी मानवता के लिए जरूरी हैं। श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाराष्ट्र में राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय (आरटीएमएनयू) के अमरावती रोड परिसर में आयोजित विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, भारत 25 वर्षों में जिस ऊंचाइयों पर पर होगा उसमें भारतीय वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। भारत का वैज्ञानिक समाज देश को उन ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा जिसका देश हकदार रहा है, यह मेरा विश्वास है। उन्होंने कहा भारत का वैज्ञानिक समुदाय यदि ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने पर अनुसंधान करे तो इससे भारत का बड़ा भला होगा। हमें ऐसे भविष्य के विचारों पर भी काम करना होगा जिन पर अभी कहीं काम नहीं हो रहा है। उद्घाटन सत्र में महाराष्ट्र के राज्यपाल और महाराष्ट्र शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भगत सिंह कोश्यारी, केंद्रीय मंत्री और आरटीएमएनयू शताब्दी समारोह की सलाहकार समिति के अध्यक्ष नितिन गडकरी, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा उप-मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस शामिल रहे। इस वर्ष कार्यक्रम की विषयवस्तु साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर ›› पेज 2 भी देखें

उड़ीसा में रूसी नागरिकों की मौत का रहस्य लगातार उलझता जा रहा

## अब तीसरे रूसी नागरिक का शव पारादीप में मिला





- पहले मृत दोनों लोग पुतिन के आलोचक थे
- तीसरा शख्स पानी के जहाज का इंजीनियर था
- दुनिया में अन्य स्थानों पर भी मरे हैं आलोचक

**राष्ट्रीय खबर**

**भुवनेश्वर:** उड़ीसा में लगातार तीन रूसी नागरिकों की मौत के बाद अब इस पर लोगों का ध्यान जाने लगा है। उड़ीसा में आज एक और रूसी मृत मिला। बीते एक पखवाड़े में इस तरह का ये तीसरा मामला सामने आया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मिलाकोव सर्गेई के रूप में पहचाने जाने वाले रूसी को जगतसिंहपुर जिले के पारादीप बंदरगाह पर लंगर डाले जहाज में मृत पाया गया था। 51 वर्षीय व्यक्ति जहाज एम बी अलदना का मुख्य इंजीनियर था, जो पारादीप के रास्ते बांग्लादेश के चटगांव बंदरगाह से मुंबई जा रहा था। सुबह करीब 4.30 बजे रूसी नागरिक जहाज के चेंबर में मृत पाया गया। हालांकि पुलिस तत्काल मौत के कारणों का पता नहीं लगा सकी है। पारादीप पोर्ट ट्रस्ट के अध्यक्ष पी एल हरानंद ने रूसी इंजीनियर की मौत की पुष्टि की और कहा कि मामले की जांच की जा रही ›› पेज 2 भी देखें

## यूरोपीय संघ ने चीन को कोविड टीके मुफ्त देने की पेशकश की

**मास्को:** यूरोपीय संघ ने कोविड-19 प्रसार को रोकने के लिए चीन को मुफ्त में डोज उपलब्ध कराने की पेशकश की है, क्योंकि बीजिंग शहर अब लंबे लॉकडाउन को हटाने की तैयारी में है। यहां के स्थानीय समाचार पत्र द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। चीन ने दिसंबर में घोषणा की कि वह कोविड-19 के दौरान लगाए गए लॉकडाउन और सभी नियमों को वापस ले रहा है, जिससे यूरोपीय संघ ने अन्य देशों में दोबारा से कोविड-19 प्रसार की आशंका जताई है। अधिकारी ने कहा कि चीनी सरकार ने अभी तक यूरोपीय संघ द्वारा की गई पेशकश का जवाब नहीं दिया है। चीन में नवंबर में फिर से कोविड-19 के मामलों में उछाल देखा गया जिसके बाद, यहां के अधिकारियों ने कुछ क्षेत्रों में आंशिक रूप से लॉकडाउन लगाया और स्थानीय लोगों को दैनिक आधार पर पीसीआर परीक्षण कराना भी लागू कर दिया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि चीन में वर्तमान टीकाकरण कवरेज अपर्याप्त था और वायरस के प्रसार को रोकने के लिए उचित कदम उठाने की सख्त आवश्यकता है।

## एशियाई प्रशांत डाक संघ का भारत ने संभाला नेतृत्व

**नयी दिल्ली :** भारत के डाक सेवा बोर्ड के पूर्व सदस्य (कार्मिक) विनय प्रकाश सिंह इस महीने से एशियाई प्रशांत डाक संघ (एपीपीयू) का महासचिव पद संभालने जा रहे हैं। डाक विभाग के सचिव विनीत पांडे ने कहा, यह पहली बार है जब कोई भारतीय डाक क्षेत्र में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन का नेतृत्व कर रहा है। यह विभाग के लिए सौभाग्य की बात है कि उसका अधिकारी संघ की गतिविधियों का नेतृत्व संभाल रहा है जबकि यह भारत की जी20 अध्यक्षता का वर्ष है। संचार मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि बैंकॉक मुख्यालय संभालेगा। अगस्त-सितंबर 2022 के दौरान बैंकॉक में आयोजित 13वीं एपीपीयू कांग्रेस के दौरान हुए चुनावों में भारत को प्रतिष्ठित महासचिव के पद की जिम्मेदारी मिली। बयान के अनुसार डॉ. सिंह चार वर्ष के लिए संघ के महासचिव का पदभार संभाल रहे हैं। डॉ सिंह ने कहा,मेरा लक्ष्य डाक नेटवर्क के माध्यम से व्यापार के विकास में सुधार करने के लिए एशिया प्रशांत क्षेत्र में डाक निकायों के साथ क्षेत्रीय समन्वय में सुधार करना है, संघ की स्थिरता सुनिश्चित करना और एपीपीसी में पेश किए जाने वाले प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में सुधार करना है।

## ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड को ब्रिटेन करेगा आतंकवादी समूह घोषित

**लंदन :** ब्रिटेन आधिकारिक रूप से ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड को पिछले सप्ताह सरकार विरोधी प्रदर्शनों के सिलसिले में ब्रिटेन से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार करने के कारण आतंकवादी समूह घोषित करेगा। टेलीग्राफ ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में बताया गया कि इस कदम की घोषणा इस सप्ताह में कर दी जाएगी, जिसे ब्रिटेन के सुरक्षा मंत्री टॉम तुगेंदत और गृह सचिव सुएला ब्रेवरमैन का समर्थन प्राप्त है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड को आतंकवादी घोषित करने के बाद अगर इस शाखा की बैठकों में भाग लेने वाले और सार्वजनिक रूप से उसका लोगो रखने वाले को आपराधिक माना जाएगा। ब्रिटेन गृह विभाग ने टेलीग्राफ रिपोर्ट पर टिप्पणी के अनुरोध का तत्काल जवाब नहीं दिया। ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स ने पिछले सप्ताह सरकार विरोधी प्रदर्शनों के सिलसिले में ब्रिटेन से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार किया था, जिन्होंने 22 वर्षीय कुर्द ईरानी महसा अमिनी की मौत के बाद देश को हिलाकर रख दिया है। महसा ने महिलाओं के लिए इस्लामिक ड्रेस कोड कानून के तहत 'अनुचित पोशाक' पहनने के लिए गिरफ्तार किया गया था।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है। **संपादक**

नईदिल्ली में विश्राम के बाद राहुल की भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ

## मेरा भाई सत्य का कवच पहनकर चल रहा है: प्रियंका



- उत्तरप्रदेश के बागपत पहुंचा है यह काफिला
- मंच से अंबानी और अडाणी का नाम लिया
- भाई बहन एक साथ कई स्थानों पर चलते रहे

**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आज से फिर शुरू हुई। दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में दर्शन के बाद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने ये पदयात्रा शुरू की है। दिल्ली दंगों में प्रभावित मौजपुर, जाफराबाद, गोकुलपुरी से होते हुए इस यात्रा ने यूपी में प्रवेश किया। यूपी के लोनी से गाजियाबाद होते हुए ये पदयात्रा रात को बागपत में रुकेगी और विश्राम किया जाएगा।उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने के बाद 120 किलोमीटर का सफर तय कर 5 जनवरी को हरियाणा में पहुंचेगी। यह यात्रा 110 से अधिक दिनों में 3,000 किमी से अधिक मार्च कर चुकी है। विराम से पहले यात्रा दक्षिणी राज्यों से शुरू होकर राजस्थान और दिल्ली तक गई थी। 7 सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई यात्रा अब तक तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र और हरियाणा के कुछ हिस्सों को कवर कर चुकी है। इसका समापन जम्मू-कश्मीर में होगा। कांग्रेस ने दावा किया है कि यह भारत के इतिहास में किसी भी भारतीय राजनेता द्वारा सबसे लंबा पैदल मार्च है। इस यात्रा के साथ, राहुल गांधी का उद्देश्य पार्टी कार्यकताओं को जुटाना और देश में ›› पेज 2 भी देखें

### रूसी सैन्य ठिकाने पर यूक्रेन की सेना का जोरदार जबावी हमला

**कियेब:** रूसी मिसाइलों की बारिश के बीच ही यूक्रेन की सेना ने जवाबी हमला किया है। नये साल के जश्न के बीच ही यूक्रेन की सेना ने रूस के कब्जे वाले पूर्वी यूक्रेन में यह हमला किया है। रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस क्रम में चार रॉकेट दागे गये थे। इससे 63 सैनिकों की मौत हुई है। दूसरी तरफ यूक्रेन ने दावा किया है कि उसने चार सौ रूसी सैनिकों को मार डाला है। इस हमले में काफी संख्या मे सैनिक घायल भी हुए हैं। दूसरी तरफ रूसी मिसाइलों के हमले से तबाह होते यूक्रेन के लिए सबसे बड़ी परेशानी बिजली संकट है। इसी वजह से अब सरकारी स्तर पर इस बात का एलान किया गया है कि लोग जहां तक हो सके अपने अपने घरों में बिजली की बचत करें। हर बार रूसी मिसाइलों के हमले से यूक्रेन की बिजली व्यवस्था बाधित हो रही है। दूसरी तरफ अत्यधिक ठंड के मौसम में बिजली नहीं होने के आम जनता को भारी कष्ट उठाना पड़ रहा है। यूक्रेन के इस हमले के बारे मे पता चला है कि रूसी कब्जे वाले डोनेस्क इलाके में लगातार पच्चीस रॉकेट दागे गये थे। वहां पर एक स्कूल में रूसी सेना ने अपना अस्थायी शिविर बना रहा था। हमले में इसी शिविर में मौजूद रूसी सैनिक हताहत हुए हैं। वैसे इस बात की भी चर्चा है कि दरअसल यह हमला माकिवका के एक कोल माइनिंग सेंटर पर हुआ है। हमले में भवन का बहुत बड़ा हिस्सा पूरी तरह ध्वस्त हो गया है, ऐसा बताया गया है। चर्चा इस बात की भी हो रही है कि रॉकेट गिरने की वजह से वहां के बारूद भंडार में भी विस्फोट हो गया। इस भंडार में विस्फोट की वजह से ही रूसी सेना को अधिक नुकसान पहुंचा है। रूसी रक्षा मंत्रालय का कहना है कि यूक्रेन ने अमेरिका से मिले हिमार्स मिसाइल की मदद से यह हमला किया है।

### संगम की रेती पर तंबुओं की नगरी कल्पवासियों का कर रही है इंतजार

**प्रयागराज :** प्रयागराज में संगम की रेती पर करीब 700 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बसायी गयी तंबुओं की नगरी छह जनवरी से शुरू हो रहे माघ मेला के दौरान कल्पवास करने वाले श्रद्धालुओं की बाट जोह रही है। संगम क्षेत्र करीब डेढ़ माह तक धर्म-कर्म, आस्था और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र रहेगा। संगम की रेती पर बसे तंबुओं के शहर में कल्पवासी जीवन-मृत्यु के बंधनों से मुक्ति की कामना परम पिता परमेश्वर से करेंगे। इस बार जनवरी में चार प्रमुख स्नान पर्व पड़ पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पड़ेंगे। छह जनवरी को पौष पूर्णिमा से संगम तट पर कल्पवास शुरू हो जाएगा। उत्थान ज्योतिष संस्थान के निदेशक पं. दिवाकर त्रिपाठी पूर्वांचली के अनुसार पूर्णिमा तिथि गुरूवार पांच जनवरी रात में 1:30 बजे से शुरू होगी जो शुक्रवार छह जनवरी को रात 3:13 बजे तक रहेगी। पूर्णिमा तिथि का मान शुक्रवार को सूर्योदय से सूर्यास्त तक रहेगा।

724 करोड़ रुपये की 28 बीआरओ परियोजना राष्ट्र को समर्पित किया

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन को दी चेतावनी



- शांति के साथ-साथ शक्ति के भी उपासक हैं
- पूर्व जितना अधिक मजबूत होगा, देश उतना मजबूत
- अरुणाचल में आधारभूत संरचनाओं में बढ़ोत्तरी की गयी

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** भारत और चीन के बीच सीमा तनाव के बीच केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 3 जनवरी को अरुणाचल प्रदेश में सियोम पुल और 27 अन्य बीआरओ-पूरी हो चुकी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया।केंद्रीय रक्षा मंत्री ने अरुणाचल प्रदेश में अलोंग-यिन्कियोंग रोड पर सियोम ब्रिज पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 3 सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की 724 करोड़ रुपये की 28 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। राजनाथ सिंह अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले के बोलेंग पहुंचे और आधिकारिक तौर पर महत्वपूर्ण सियोम पुल का उद्घाटन किया। समारोह में रक्षा मंत्री ने देश के प्रभुत्व को बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय हितों को पहले रखने के महत्व पर जोर दिया।पिछले महीने तवांग सेक्टर में चीन और भारतीय सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज पहली बार अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले के दौरे पर पहुंचे।परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए किसी देश का नाम लिए बिना ही इशारों-इशारों में चीन को संदेश दिया कि भारत की धरती से ही वसुधैव कुटुंबकम का संदेश गया है।चीन को चेतावनी दिया कि हम शांति के साथ-साथ शक्ति के भी उपासक हैं। बदलती दुनिया, बदलते समय और राष्ट्रों के बदलते ›› पेज 2 भी देखें

## नये साल के जश्न के मौके पर बर्लिन में व्यापक हिंसा



**राष्ट्रीय खबर**

**बर्लिन:** दो साल की बंदी के बाद नये साल का जश्न भी यहां हिंसक हो गया। इस दौरान आपात सेवा में लगे कर्मचारियों पर 39 स्थानों पर हमले हुए। देश के दूसरे हिस्सों में भी इस किस्म की हिंसा की सूचनाओं ने सरकार को फिर से सतर्क कर दिया है। दरअसल हाल ही में नाजीवाद समर्थक एक गुट के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की थी। दूसरी तरफ रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि यूक्रेन में भी भेष बदलकर नाजीवाद का समर्थन करने वाले मौजूद हैं। इन सूचनाओं के बाद भी बर्लिन एवं जर्मनी के अन्य हिस्सों में सिर्फ सरकारी कर्मचारियों पर हमले की अब गहन जांच प्रारंभ कर दी गयी है। दरअसल सरकार ने दो साल की सख्ती के बाद पहली बार नये साल के उत्सव के मौके पर लोगों को आतिशबाजी की छूट दी थी।

बर्लिन में एक के बाद एक हमले क्यों हुए हैं, इसकी जांच की जा रही है। सूचना के मुताबिक ऐसे हमलों में 15 आपातकर्मी घायल हुए हैं। इसके अलावा 18 पुलिस अधिकारियों को भी भीड़ के हमले मे चोट आयी है। बर्लिन के दमकल विभाग को इस नये साल के जश्न के दौरान 17 सौ कॉल आये थे। इनमें से अधिकांश हिंसा से संबंधित थे। वहां जाने वाले बचाव दल ›› पेज 2 भी देखें

**पर्यावरण** लगातार शोध के बाद अब जाकर असली कारणों का पता चला

# भेड़ियों का रंग एक बीमारी के कारण बदल रहा है

- उत्तरी अमेरिका के जंगलों में दिख रहे हैं
- एक जीन में बदलाव से रंग भी बदलता है
- वायरस विशेषज्ञों को इसे भी जांचना चाहिए



**राष्ट्रीय खबर**

**वाशिंगटन:** अमेरिका के पर्यावरण वैज्ञानिक काफी समय से इस दिशा में शोध कर रहे थे। पूरे उत्तरी अमेरिका के जंगलों में रहने वाले भेड़ियों में से अनेक का रंग बदल गया था। ऐसे भेड़िये दूर से काले रंग के नजर आते थे। आम तौर पर इस जंगली प्राणी के चमड़े का रंग मटमैला होता है और उनमें काले रंग के रोएं भी होते हैं। अत्यंत कठिन बर्फीले माहौल में भी वे किसी तरह जीवित रह लेते हैं। इस क्रम में वे अपने शिकार का बहुत दूर तक पीछा कर झूंड में हमला कर उसे मार कर खा जाते थे। आम तौर पर ग्रे रंग के इन भेड़ियों में से कुछ काले रंग के क्यों हैं, यह बड़ा सवाल बना हुआ था। अब जाकर निरंतर शोध का बेहतर परिणाम निकला है। इस रंग परिवर्तन को दरअसल एक बीमारी माना गया है। एक खास किस्म के वायरस के हमले में उनके शरीर का रंग बदल जाता है। फ्रांस के यूनिवर्सिटी ऑफ मोंटपेलियर के पर्यावरण वैज्ञानिक साराह क्यूबायेंस ने इसकी खोज की है। उन्होंने ›› पेज 2 भी देखें

### भेड़ियो में पाये जानेवाले जीन को सीपीडी103 कहा गया

जांच में पाया गया है कि भेड़ियो में एक जीन होता है, जिसकी वजह से उनका रंग ग्रे कलर का होता है। इस जीन को सीपीडी103 कहा गया है। इस जीन में होने वाले बदलाव की वजह से पशु का रंग बदल जाता है। भेड़ियों के अलावा कुत्तों में भी काला रंग इस जेनेटिक बदलाव की निशानी है। वैसे उनके शरीर में एक खास प्रोटिन भी पाया गया है जो इस वायरस के खिलाफ प्रतिरोधक तैयार करता है। इस कारण वायरस की चपेट में आते ही भेड़ियों को फेफड़े का संक्रमण नहीं होता है। जांच में पाया गया है कि भेड़िये अब प्राकृतिक तौर पर भी इस वायरस का प्रतिरोधक अपने शरीर के अंदर पैदा करना सीख गये हैं। इसके लिए बारह अलग अलग स्थानों पर भेड़ियों की जंच की गयी थी। इससे पता चला कि काले रंग के भेड़ियों की आबादी कुछ जंगलो में बढ़कर 45 प्रतिशत तक हो चुकी है। इनमें काफी भेड़ियों के शरीर में प्राकृतिक प्रतिरोधक विकसित हो चुका है। फिर भी वैज्ञानिक यह मानते हैं कि इस वायरस पर अब वायरस विशेषज्ञों को और अच्छी तरह जांच कर कोई समाधान तलाश लेना चाहिए। उनका मानना है कि जिस तरीके से चमगादड़ के वायरस ने इंसानों के अंदर आकर तबाही मचायी है। इसी तरह यह वायरस भी भविष्य में इंसानों के लिए खतरा बन सकता है क्योंकि इंसानों की आबादी में इसका कोई प्रतिरोधक अब तक विकसित नहीं हुआ है।

शहर >> अपडेट

### जैन समाज की आस्था का रखा जाएगा ख्याल

रांची: गिरिडीह के पारसनाथ स्थित सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल की श्रेणी से हटाने की मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन समय के साथ और तीव्र होता जा रहा है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात समेत कई राज्यों में चल रहे आंदोलन के बीच आज रांची में भी जैन समाज के लोग सड़कों पर उतरे। दूसरी तरफ सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित किये जाने के विरोध में राजस्थान के जयपुर में 10 दिन से आमरण अनशन पर बैठे जैन मुनि सुज्ञेयसागर महाराज ने प्राण त्याग दिया है।मामले की गंभीरता को देखते हुए मीडिया से बात करते हुए पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन से ने काहा कि उन से जैन समाज का एक प्रतिनिधिमंडल मिला था। उन्होंने कहा कि जैन समाज को भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस मसले पर फैसला लेते वक्त इस बात का ख्याल रखा जाएगा कि जैन धर्म की आस्था पर चोट ना पहुंचे। उन्होंने कहा कि पारसनाथ को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने का फैसला तत्कालीन रघुवर सरकार ने लिया था। लेकिन अब इसको बदलने को लेकर मांग उठ रही है।

कार्यक्रम जनवरी 2023: सीएम करेंगे खतियान जोहार यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत

# कांग्रेस करेगी एक व्यापक जनसंपर्क 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान का शुभारंभ

▶▶ खतियान जोहार यात्रा का नेतृत्व खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर रहे हैं

राष्ट्रीय खबर



रांची: झारखंड की राजनीति के लिए 2023 का जनवरी माह पूरी तरह से राजनीतिक रैलियों और कार्यक्रम पर केंद्रित रहेगा। जनवरी माह में राज्य की प्रमुख राजनीतिक पार्टियां झामुमो, कांग्रेस और भाजपा कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसमें सबसे प्रमुख खतियान जोहार यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत करना है। झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन द्वारा चल रहे खतियान जोहार यात्रा का नेतृत्व खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर रहे हैं। जनवरी माह में ही पार्टी के संगठन मजबूती के लिए कांग्रेस पार्टी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत करेगी। वहीं, जनवरी माह में ही भाजपा के वरिष्ठ नेता सह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चाईबासा का दौरा करेंगे।खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत आगामी 17 जनवरी से होगी। बता दें कि पहले चरण की शुरूआत 8 दिसंबर को गढ़वा से हुई थी। इस चरण में मुख्यमंत्री ने खुद लोगों के बीच जाकर शिकायतों का निपटारा किया था। साथ ही उन्होंने योजनाओं की जमीनी स्तर की जानकारी ली थी। यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के कोडरमा से की जाएगी। यात्रा कोल्हान और दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के अन्य जिलों को कवर करेगा।भारत जोड़ो यात्रा के सफल अभियान को देख झारखंड कांग्रेस एक व्यापक जनसंपर्क अभियान की शुरूआत करेगी। अभियान को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान नाम दिया गया है। अभियान की शुरूआत आगामी 26 जनवरी से होगी, जो कि दो महीने तक चलेगी। इसके तहत प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जो ग्राम पंचायतों व गांव, मतदान केन्द्रों को कवर करेगा। अभियान की शुरूआत प्रखंड स्तर पर बैठक से होगी। गांव-गांव में कांग्रेस का झंडा लेकर यात्रा शुरू किया जाएगा। हर गांव में यात्रा के दरम्यान एक बैठक की जाएगी। डोर-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। कांग्रेस की विंग यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई पूरे प्रखंड में बाइक रैली आयोजन करेगी।साल का जनवरी महीना पूरी तरह से सिंहभूम पर केंद्रित रहेगा। केंद्रीय मंत्री अमित शाह 7 जनवरी को चाईबासा का दौरा करेंगे। वर्ष 2024 में होनेवाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर यह रैली की जा रही है। अमित शाह इस जनसभा को संबोधित तो करेंगे ही, पार्टी के प्रदेश और लोकसभा स्तरीय कमेटियों के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक कर उन्हें आने वाले महीनों के लिए टास्क सौंपेंगे। अमित शाह की जनसभा चाईबासा से शुरू करने के पीछे की वजह ये है कि भाजपा का इस संसदीय सीट से कोई भी जनप्रतिनिधि का नहीं होना है। वहीं खतियान जोहार यात्रा के दूसरे चरण में झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन का सिहंभूम पर विशेष फोकस करेगा। राज्य सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकाबला करने की रणनीति के तहत ही भाजपा ने चाईबासा को शामिल किया है।

## न्यूज फटाफट

### रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में झापा देगी प्रत्याशी

रांची: रामगढ़ विधानसभा की विधायक रही ममता देवी की सदस्यता समाप्त हो गयी है। जिसके बाद रामगढ़ विधानसभा में उपचुनाव होना है। हालांकि उपचुनाव के तारीख की घोषणा नहीं की गई है। लेकिन राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के अलावा अन्य राजनीतिक पार्टियां भी इस उपचुनाव में ताल ठोंकने की तैयारी में हैं।खटट और इखढ के बीच बयानबाजी दौर चल रहा है। इसी बीच झारखंड पार्टी(झापा) के कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार ने यह संकेत दिये हैं कि झारखंड पार्टी रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव में खुद चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। पूर्व महाधिवक्ता और झारखंड पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा है कि 'रामगढ़ का आगामी उप चुनाव हमारी झारखंड पार्टी के लिए अहम होगा, हमारी पार्टी रामगढ़ में एक पढ़ा लिखा और साफ सुथरी छवि का उम्मीदवार देगी अथवा यदि पार्टी ने निर्णय लिया तो मैं स्वयं यानी अजित कुमार, वरीय अधिवक्ता, पूर्व महाधिवक्ता उम्मीदवार हो सकता हूं।

### हेमन्त सोरेन से विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं

रांची: झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य के विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री को नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा महाधिवक्ता राजीव रंजन, सचिव सुनील कुमार तथा आईजी प्रशिक्षण प्रिया दुबे ने श्री सोरेन से मुलाकात कर मुख्यमंत्री को नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भी इन सभी को अपनी ओर से नववर्ष की बधाई एवं मंगलकामनाएं दीं।

## पेज एक का शेष

### ऊर्जा की जरूरतों .. ..

सस्टेनेबल डेवलप्मेंट विद विमेन एमपावरमेंट (महिला सशक्तिकरण सहित सतत विकास के लिये विज्ञान और प्रौद्योगिकी) है। सम्मेलन के जन संवाद और प्रदर्शनी आमजन के लिये खुली होंगी।

### अब तीसरे रूसी नागरिक .. ..

है। दिसंबर में दक्षिणी उड़ीसा के रायगडा शहर में एक सांसद सहित दो रूसी पर्यटक रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए थे। इससे पहले रूस में सांसद पावेल एंटोव (65) की 24 दिसंबर को कथित तौर पर एक होटल की तीसरी मंजिल से गिरने के बाद मौत हो गई थी, जबकि उनके दोस्त व्लादिमीर बिडेनोव (61) 22 दिसंबर को अपने कमरे में मृत पाए गए थे। दोनों मामलों की जांच उड़ीसा द्वारा की जा रही है। रूसी सांसद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आलोचक थे, जबकि लापता व्यक्ति पुरी में रह रहा था और वह भी पुतिन का आलोचक था। यूक्रेन के साथ रूस के युद्ध के दौरान अनेक रूसी नागरिकों ने पुतिन के इस आक्रामक रवैये की आलोचना की है। दुनिया के कई अन्य इलाकों में भी पुतिन के आलोचक लोग रहस्यमय तरीके से मृत पाये गये हैं। इसलिए अब उड़ीसा की इन मौतों को भी गंभीरता से लिया जाने लगा है।

### मेरा भाई सत्य का कवच .. ..

भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ आम जनता को एकजुट करना है। गाजियाबाद में प्रियंका गांधी ने भाई राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया। लोनी बॉर्डर पर बने मंच से प्रियंका ने भाई राहुल को योद्धा बताया। सरकार ने हजारों करोड़ रुपए खर्च किए, इनकी छवि को खराब करने के लिए, लेकिन ये डरे नहीं। अडाणी-अंबानी ने बड़े-बड़े नेता खरीद लिए। देश की सरकारी संपत्ति खरीद लीं। देश की मीडिया खरीद ली, लेकिन मेरे भाई को नहीं खरीद पाए। न खरीद पाएंगे। मंच से प्रियंका ने कहा, कोई मुझसे पूछ रहा था कि आपके भाई को ठंड नहीं लगती। आपको डर नहीं लगता, इनकी सुरक्षा के लिए। मेरा जवाब ये है कि ये सत्य का कवच पहनकर चल रहे हैं। भगवान इनको सुरक्षित रखेगा। सब साथ चलिए। एकता, सद्भावना, प्यार का पैगाम लेकर चलिए। इसके बाद दोनों ने लोगों का अभिवादन किया। हालांकि मंच पर राहुल ने कोई स्पीच नहीं दी।

गाजियाबाद से यह यात्रा बागपत में एंट्री करके मवी कलां में नाइट स्टे करेगी। सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों ने गाजियाबाद से लेकर पूरे रूट पर डेरा डाल दिया है। सुरक्षा पर विवाद होने के बाद सीआरपीएफ की एक टीम ने पूरे रूट का दौरा कर व्यवस्थाएं देखी हैं। भारत जोड़ो यात्रा के लिए रिसॉर्ट भी तैयार किया गया है। 4 जनवरी की सुबह 6 बजे यात्रा फिर शुरू होगी। यह बागपत, सिसाना, सरूरपुर, बड़ौत होते हुए शाम 6 बजे शामली के कस्बा एलम में पहुंचकर नाइट स्टे करेगी। 5 जनवरी की सुबह यात्रा एलम से शुरू होगी और कांधला, ऊंचागांव, कैराना होते हुए पानीपत बॉर्डर के रास्ते हरियाणा में एंट्री कर जाएगी। 5 जनवरी का नाइट स्टे हरियाणा में होगा।

### रक्षा मंत्री राजनाथ .. ..

हितों के मद्देनजर किसी भी राष्ट्र को अपने आपको सशक्त रखना एक बड़ी आवश्यकता हैकदुनिया में आए दिन किसी न किसी प्रकार के संघर्ष की स्थिति दिखाई देती रहती हैकहालांकि, भारत हमेशा युद्ध के खिलाफ रहा है, और यही भारत की नीति रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी यह युद्ध का समय कहकर भारत के संकल्प को पुनः स्पष्ट किया था और दुनिया का ध्यान इस संकल्प की ओर आकर्षित किया था। यानि हम युद्ध में यकीन नहीं रखते हैं। पर अगर हम पर युद्ध थोपा जाता है, तो हम हर चुनौती का सामना करने को तैयार हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बीआरओ के नाम को, जब मैंने पहली बार शॉर्ट में लिखा देखा था, तो मैंने उसे 'ब्रो'समझा था, जिसे आज-कल हमारी नई जनरेशन ब्रदर यानि भाई के रूप में उपयोग करती है। फिर मुझे बताया गया कि यह 'ब्रो'नहीं, बीआरओ लिखा है। लेकिन मैं सेना को जिस तरह से देश की जनता के साथ मिलकर आगे बढ़ते देख रहा हूं, तो मैं कह सकता हूँ, कि तब मैंने बीआरओ को 'ब्रो'यानि 'ब्रदर' 'गलत नहीं, बिलकुल सही पढ़ा था। रक्षा मंत्री द्वारा आज पुल का उद्घाटन बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के दूर-दराज के क्षेत्रों में सैनिकों को तैनात करने में सैन्य लाभ देता है। यह पुल 100 मीटर लंबा है और सयोम नदी पर बनाया गया है।

### भेड़ियों का रंग एक..

अपने दल के साथ मिलकर इस पर काम किया है। उस वायरस की भी पहचान हुई है, जिसकी वजह से भेड़ियों का रंग बदलकर काला हो जाता है। इसे कैनाइन डिसटेंपर वायरस कहा गया है। दरअसल यह वायरस भी प्राणियों के लिए जानलेवा ही है। इस शोध की जानकारी रखने वाले यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के वैज्ञानिक टिम काउलसन कहते हैं कि दुनिया के शेष हिस्सों में भेड़ियों का रंग सामान्य होता है। सिर्फ अमेरिका के ही कुछ इलाको में काले रंग के भेड़ियों की तादाद बढ़ती हुई नजर आ रही है। इससे स्पष्ट है कि यह वायरस भी इस प्रजाति के जानवरों में धीरे धीरे फैलता जा रहा है। वैसे शोध दल ने पाया है कि इस वायरस को भेड़ियों के लिए ब्लैक प्लेग की संज्ञा दी जा सकती है। इसकी चपेट में आने वाले जानवार को धीरे धीरे कई बीमारियों घेर लेती है।

### नये साल के जश्न के .. ..

पर भी आतिशबाजी के बम फेंके गये। अब सरकार इन घटनाओं पर गंभीर है क्योंकि आम तौर पर ऐसी घटनाएं सामान्य नहीं मानी जा सकती है। नये साल के जश्न में थोड़ा बहुत हंगाम होने का अनुभव पुलिस और दमकल वालों का था। बर्लिन के अलावा डसेलडोर्फ, लेइपजिग, हैमबर्ग जैसे शहरो में भी उपद्रवी भीड़ ने एक जैसा आचरण किया है। लेइपजिग में एक 17 साल के एक युवक की मौत भी हो गयी। अनधिकृत तौर पर जुटाये गये आतिशबाजी के विस्फोट का शिकार हो गया। सरकारी कर्मचारियों पर आतिशबाजी को निशाना बनाकर चलाया गया। अब मामले की जांच मे जुटी पुलिस इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनपर भारी जुर्माना लगाने की तैयारी कर रही है।

# झारखंड जिहादियों की प्रयोगशाला बन गया है : रघुवर दास

राष्ट्रीय खबर



रांची: साहिबगंज में एक दलित युवक चंदन रविदास को समुदाय विशेष के युवकों द्वारा नंगा करके पीटने और जबरन प्रतिबंधित खिलाने का मामला सामने आने के बाद भाजपा ने सरकार पर हमला बोला है। पीड़ित ने 5 मुस्लिम युवकों पर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है। इस मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि हेमंत राज में झारखंड जिहादियों का प्रयोगशाला बन गया है। पीएफआई के बढ़ते प्रभाव के कारण राज्य में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। हेमंत सरकार में इनपर कड़ी कार्रवाई की उम्मीद करना बेमानी ही है। अब जनता ही झामुमो, कांग्रेस और राजद सरकार को सबक सिखाएगी।साहिबगंज मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि ये गैंग्स ऑफ साहिबगंज है। वहां के डीसी और एसपी गुंडे, बदमाशों, लुटेरों के गिरोह के साथ मिलकर जेल में बंद सरगना पंकज मिश्रा के इशारे पर नाचते हैं। 1000 करोड़ रुपये की पत्थर लूट के इन गुनहगारों को जबतक सजा नहीं मिलेगी, तबतक वहां दलितों और आदिवासियों पर ऐसे ही जुल्म होता रहेगा।उधर हजारीबाग के बरही अनुमंडल के बरसोत में 50 लोगों को जबरन शराब पिलाकर और मांस खिलाकर धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने इसपर कहा है कि एक सोची-समझी साजिश के तहत इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हजारीबाग की इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत है।

# गुमराह करने में लगी हेमंत सरकार:अमर बाउरी

राष्ट्रीय खबर



रांची: देश भर में गिरिडीह के पारसनाथ मंदिर परिसर स्थित सम्मेद शिखर आजकल विवादों में है। इसे पर्यटन स्थल की सूची से बाहर किये जाने की मांग हो रही है। इस बीच पूर्ववर्ती रघुवर दास सरकार में पर्यटन, कला संस्कृति एवं खेलकूद मंत्री रहे विधायक अमर कुमार बाउरी ने बताया है कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार लोगों को गुमराह कर रही है। सरकार का कहना है कि रघुवर सरकार के दौरान पारसनाथ को पर्यटन स्थल घोषित करने का कार्य किया गया। सच इसके उलट है। रघुवर सरकार ने हमेशा ही सम्मेद शिखरजी की पवित्रता को अक्षुण्ण रखा। इसे तीर्थ स्थल घोषित किया गया था। पर्यटन विभाग (ज्ञापांक सं 1391, 22।10।2018) ने साफ साफ कहा था कि पारसनाथ सम्मेद शिखरजी पर्वत सदियों से जैन धर्मावलंबियों का विश्व प्रसिद्ध एवं पूजनीय तीर्थ स्थल है। इसकी पवित्रता अक्षुण्ण रखने हेतु सरकार प्रतिबद्ध है।अमर कुमार बाउरी ने हेमंत सरकार को कटघरे में खड़ा करते मंगलवार को कहा कि उसने 17 फरवरी 2022 को पर्यटन नीति की घोषणा की थी। इसमें (पर्यटन, कला संस्कृति विभाग, संकल्प सं पर्य।/नि।/बो।-072020-0520/21, 28-12-2021) कहा था कि राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। धार्मिक दृष्टिकोण से राज्य के प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर (देवघर), पारसनाथ मंदिर (गिरिडीह), मां भद्रकाली मंदिर (ईटखोरी), रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर (रामगढ़), कौलेश्वरी मंदिर (चतरा), बासुकीनाथ धाम (दुमका) राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ाते हैं। इसी प्रकार राज्य में खनन पर्यटन, साहसिक पर्यटन, स्वास्थ्य पर्यटन आदि की भी अपार संभावनाएं हैं। इस संकल्प के जरिये हेमंत सरकार ने सम्मेद शिखरजी को धार्मिक पर्यटन स्थल घोषित किया था।

## माता सावित्रीबाई फुले के नाम से योजना आरंभ करने के लिए सीएम का आभार: राजेश गुप्ता

राष्ट्रीय खबर



रांची: माता सावित्रीबाई फुले ने देश में कठिन संघर्ष कर महिलाओं के लिए शिक्षा का द्वार खोलने का आन्दोलन चलाया था, जिसका परिणाम है कि आज भारत की नारियां देश ही नहीं;बल्कि विदेशों में भी परचम लहरा रही है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा झारखंड सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता है कि सरकार ने सावित्री बाई फुले बालिका समृद्धि योजना का शुभारंभ किया है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने माता सावित्रीबाई फुले के नाम पर विभिन्न योजनाओं का नामांकरण करने, स्कूल- कॉलेज में उनकी तस्वीर लगाने और सार्वजनिक स्थलों पर उनकी आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग की थी। उक्त बातें आज राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात कहा।

### खरमास के बाद झारखंड जदयू की नई कमिटी का गठन

रांची: झारखंड प्रदेश जनता दल यूनाइटेड संगठन को मजबूत करने की कवायद में जुट गई है। इसी कड़ी में बुधवार को रांची जिला जदयू की बैठक प्रदेश कार्यालय में आयोजित किया गया। जिला प्रवास करने वाले सभी प्रदेश के पदाधिकारी, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, जिला के पदाधिकारी एवं प्रखंड अध्यक्ष सहित प्रमुख नेता शामिल होंगे। बैठक में रांची जिले में संगठन को विस्तार एवं मजबूत करने पर मंथन किया जायेगा।पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि खरमास के बाद झारखंड में नयी प्रदेश कमिटी का गठन किया जाएगा। झारखंड के प्रभारी अशोक चौधरी का आगमन इसी महीने में होगा। 15 से 20 जनवरी के बीच प्रभारी रांची आएंगे।

# भाकपा कार्यालय में कॉमरेड वर्धन की पुण्यतिथि मनायी गयी

राष्ट्रीय खबर



रांची: भाकपा राज्य कार्यालय के सभागार में आज कॉम ए वी बर्धन की सातवीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। राज्य कार्यकारणी के सदस्य सह रांची जिला मंत्री ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर उन्हें याद करते हुए कहा की वर्तमान समय में कॉम बर्धन जैसे कुशल नेताओं की कमी खलती है।कॉम बर्धन देश की सांझी विरासत और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्ध नेता थे। कॉम बर्धन ने अपने जीवनकाल में कई राजनैतिक घटनाओं को देखा और उससे लड़ने केलिए धर्मनिरपेक्ष दलों को एकजुट कर देशव्यापी आंदोलन चलाया। लेबर एक्ट, खाद्य सुरक्षा अधिनियम और आर टी आई जैसे कानूनों को बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उनके कुशल नेतृत्व मेभारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने कई सफल आंदोलनों को अंजाम दिया। कॉम बर्धन को झारखंड से विशेष लगाव था, 1939 में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के साथ मिलकर अखिल भारतीय आदिवासी महासभा का खाका तैयार कर गठन किया था।

राजनीति नियोजन नीति पर कांग्रेस का अल्टीमेटम : भाजपा ने कहा-

# सत्ता की मलाई के लिए कर रहे ब्लैकमेल

राष्ट्रीय खबर

रांची: हेमंत सरकार में बनी नियोजन नीति रद्द हो जाने के बाद झारखंड के युवा सरकार से खासे नाराज हैं। छात्रों की बढ रही नाराजगी को देखते हुए सरकार में शामिल कांग्रेस ने अपनी ही सरकार को अल्टीमेटम देकर एक नया दांव खेलने का काम किया है। इधर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के सरकार से एक महीने के भीतर नियोजन नीति पर स्थिति स्पष्ट करने संबंधी बयान को भाजपा ने सत्ता की मलाई खाने के लिए ब्लैकमेल करना बताया है राज्य में नियोजन नीति रद्द होने के बाद छात्र आक्रोशित हैं। इसे लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सरकार से एक महीने के भीतर नियोजन नीति पर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है साथ ही अपने सभी मंत्रियों से कैबिनेट की आने वाले दिनों में होने वाली बैठक में सरकार पर नियोजन नीति को लेकर फैसला लेने का दबाव बनाने को कहा है। राजेश ठाकुर के इस बयान के पीछे कांग्रेस ने एक तीर से दो निशाना साधने की कोशिश की है। कांग्रेस भी यह मान रही है कि नियोजन नीति में खामियां होने की वजह से हाईकोर्ट से लेकर जनता के बीच सरकार की फजीहत हो रही है। इसके डैमेज कंट्रोल के लिए कांग्रेस ने एक सोची समझी चाल के तहत अपना चेहरा साफ रखने की कोशिश में है। इसी बहाने एक तरफ आंदोलनरत युवाओं की हिमायती होने की कोशिश कांग्रेस द्वारा हो रही है। वहीं इसी बहाने





जेएमएम पर दबाव बनाने की कोशिश पार्टी द्वारा की गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के इस बयान के बाद राज्य में नियोजन नीति को लेकर सियासत शुरू हो गई है। वरिष्ठ भाजपा नेता और रांची के विधायक सीपी सिंह ने कांग्रेस के इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेसी बहुत बड़े ब्लैकमेलर हैं। उनका यह बयान भी कहीं ना कहीं सरकार में शामिल जेएमएम पर दबाव बनाने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि जब यह नियोजन नीति 2021 में बन रही थी उस समय यह कांग्रेसी कहां थे और आज युवा जब सड़कों पर हैं तो इन्हें सरकार के अंदर दबाव बनाना सूझ रहा है। दरअसल इसके पीछे की वजह यह है कि इसी बहाने ब्लैकमेल कर सत्ता की मलाई खाने का मौका मिले। उन्होंने कहा कि जिस तरह से नियोजन नीति को असंवैधानिक तरीके से बनाया गया और तुष्टिकरण के तहत उर्दू को बढ़ाकर हिंदी अंग्रेजी के साथ अन्याय किया गया।

उस समय कैबिनेट में बैठे कांग्रेसी मंत्री क्यों चुप बैठे थे और आज उन्हें छात्रों की परेशानी सूझ रही है। झारखंड में स्थानीय नीति और नियोजन नीति को लेकर विवाद होता रहा है। राज्य गठन के बाद से अब तक तीन बार नियोजन नीति बन चुकी है। राज्य बनने के बाद सर्वप्रथम बाबूलाल नेतृत्व में बनी सरकार ने स्थानीय और नियोजन नीति बनाकर राज्य में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की कोशिश की। स्थानीय और नियोजन नीति में खामियों की वजह से झारखंड हाईकोर्ट ने इसे रद्द कर दिया।फिर 2016 में रघुवर दास के नेतृत्व में राज्य में बनी सरकार ने नियोजन नीति बनाई। जिसके तहत राज्य के 13 जिलों को अधिसूचित क्षेत्र और 11 जिलों को सामान्य श्रेणी में बांटकर जिलास्तर पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई। यह नियोजन नीति भी लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार रद्द कर दी गई। मैट्रिक-इंटर पास की अनिवार्यता के अलावे हिंदी और अंग्रेजी को किनारे करते हुए प्रत्येक जिले में उर्दू एवं क्षेत्रीय भाषाओं की मान्यता दी गई।

शहर >> अपडेट

### डीलर्स एसोसिएशन की प्रखण्ड कार्यालय में होगी बैठक

बंजारिया : बिहार राज्य फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन की छः जनवरी को प्रखंड कार्यालय बंजरिया में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। जिसको लेकर संगठन के महामंत्री वरुण कुमार सिंह ने बताया की बंजरिया प्रखण्ड के सभी जनवितरण प्रणाली को सूचित किया गया है की छः जनवरी 12 बजे अपराह्न में प्रखंड कार्यालय बंजरिया पहुंचे। ताकि, भारत सरकार तथा बिहार सरकार के जनवितरण प्रणाली विक्रेता के खिलाफ गलत नीति और सौतेले व्यवहार तथा जनवितरण प्रणाली विक्रेता के अस्तित्व को खत्म करने की साजिश के खिलाफ, और सात सूत्री मांगों को लेकर विचार विमर्श और हड़ताल को सफल बनाने को लेकर एक रूप रेखा तैयार किया जा सके। उपरोक्त जानकारी अध्यक्ष मनोज कुमार पांडे,प्रखण्ड सचिव दीपू कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दिया।

# पटना पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का हुआ भव्य स्वागत

## बीजेपी के सत्ता से बाहर जाने के बाद नड्डा का यह पहला बिहार दौरा रहा खास

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बिहार दौरे पर पटना पहुंच चुके हैं। पटना एयरपोर्ट पर जेपी नड्डा का पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल, नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा, विधान परिषद में विरोधी दल के नेता सम्राट चौधरी और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने स्वागत किया। इसके बाद जेपी नड्डा पटना से सोनपुर हरिहर नाथ मंदिर के लिए रवाना हो गए, जहां पूजा अर्चना करने के बाद जेपी नड्डा वैशाली पहुंचेंगे। जहां बूथ स्तर के कार्यकताओं के सम्मेलन को उन्हें संबोधित करना है। मिशन 2024 को लेकर बूथ स्तर के कार्यकताओं और पदाधिकारियों के सामने जीत का ब्लूप्रिंट रखने वाले हैं। जेपी नड्डा पिछली दफा जब पटना आए थे तो बिहार में एनडीए की सरकार थी।



बीजेपी के सत्ता से बाहर जाने के बाद नड्डा का यह पहला बिहार दौरा है। संगठन के लिहाज से यह दौरा बेहद खास माना जा रहा है। पटना पहुंचे थे तो बीजेपी के तमाम प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक पटना में आयोजित की गई थी। तब नीतीश कुमार भले ही एनडीए में थे लेकिन उनकी मुलाकात ना तो जेपी नड्डा से हुई थी और ना ही अमित शाह से, बाद के दिनों में नीतीश कुमार ने पाला बदल लिया था। हालांकि जेपी नड्डा जब पटना पहुंचे तो पार्टी के नेताओं से उन्होंने चाचा-भतीजे का हाल पूछ ही लिया। बिहार में नीतीश कुमार और उनके भतीजे तेजस्वी यादव की सरकार कैसे चल रही है, महागठबंधन में क्या कुछ चल रहा है और नीतीश कुमार तेजस्वी यादव के रिश्तो को लेकर नड्डा ने पार्टी के प्रमुख नेताओं से जानकारी ली। विश्वस्त सूत्रों की माने तो पार्टी के राज्य स्तरीय नेताओं ने जेपी नड्डा को यह बता दिया कि दरअसल, उपेंद्र कुशवाहा ने महागठबंधन के अंदर नीतीश के सम्मान का सवाल उठाना शुरू कर दिया है। इस बात को सुनकर मुस्कुराए और आगे बढ़ गए। जेपी नड्डा का यह दौरा मिशन 2024 को लेकर बीजेपी ने 2019 के प्रदर्शन को बिहार में दोहराने का संकल्प लिया है। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष पहले ही बूथ लेवल के पदाधिकारियों को ट्रेनिंग दे चुके हैं और अब बारी जेपी नड्डा के संकल्प की है।

## गया जिले में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी : एसएसपी

राष्ट्रीय खबर

**गया :** जिले के नव पदस्थापित वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने एसएसपी कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद गया शहर के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान उनके साथ नगर पुलिस अधीक्षक पारसनाथ साहू, एसडीपीओ, सभी थानों के थानाध्यक्ष और कई वरीय पुलिस अधिकारी शामिल थे। एसएसपी ने देर रात तक शहर के जीबी रोड,चौक रोड, गांधी मैदान, राय काशीनाथ मोड,स्टेशन रोड,बाटा मोड़,टेकारी रोड आदि इलाकों में भ्रमण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को अपने अपने क्षेत्र में सघन पेट्रोलिंग करने के साथ क्राइम कंट्रोल करने को कहा है। एसएसपी ने कहा कि गया जिला में बेहतर पुलिसिंग के लिए जनता और पुलिस के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य किए जाएंगे। गया शहर पर्यटन के दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण शहर है इस शहर की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है।

## बीस रुपये के लालच में दो लाख रुपयों का लगाया चूना

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** में एक महिला के साथ चोरों ने बिल्कुल फिल्मी अंदाज में उसे चूना लगा दिया। महिला दस-बीस रुपये के लालच में अपने दो लाख रुपयों से हाथ धो बैठी। दरअसल, ये पूरा मामला शहर के श्रीकृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (एसकेएमसीएच) के मस्जिद चौक के पास की है। यहां कुछ उचक्कों ने सुनील कुंवर नाम के व्यक्ति की पत्नी को बेवकूफ बनाकर उनकी बाइक की डिक्की खोलकर दो लाख रुपये उड़ा लिए। महिला को जब तक इस बात की भनक लगती तब तब चोर पैसे लेकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार सुनील कुंवर की बाइक के पास उसकी पत्नी गीता देवी खड़ी थी, जबकि सुनील कुंवर पास की दुकान में कापी-किताब खरीदने गए थे। इस दौरान उनकी डिक्की में एक लाख 50 हजार रुपये थे, जो वह जमीन खरीदने के लिए किसी को देने आई थे। उच्चकों को इसकी भनक लग गई। महिला को बाइक के पास से हटाने के लिए उच्चकों ने कुछ दूरी पर दस और बीस के नोट फेंक दिया। एक उचक्का ने महिला को कहा कि आपके रुपये गिरे हैं। गीता देवी ने पहले तो अपने रुपये होने से इन्कार कर दिया। बाद में जब उचक्कों ने अपनी बात पर जोर दिया तो वे झांसे में आ गई। वह जैसे ही दस-बीस रुपये के नोट उठाने गई, मौका पाकर उचक्कों ने बाइक की डिक्की खोल कर सभी रुपये उड़ा लिया। जब गीता देवी मुड़ी तो रुपये निकालते देख शोर मचाना शुरू की। पत्नी को शोर मचाते देख सुनील कुंवर वहां पहुंचे तब तक उचक्का भाग निकला। शोर सुनकर आसपास के लोग भी जुटे। इसकी सूचना पर अहियापुर थाना पुलिस वहां पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस अधिकारी ने दोनों को अहियापुर थाना में आकर लिखित शिकायत देने को कहा।

## निजी चिकित्सालय में प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई

राष्ट्रीय खबर

**सीतामढ़ी :** डुमरा रोड स्थित रामरति व राम जिनिस हेल्थ केयर सेंटर में भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले का जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीतामढ़ी शहर के प्रसिद्ध फिजिसियन चिकित्सक राजीव कुमार, शिक्षक संजय कुमार, रामछविला यादव एवम दिग्विज यादव ने संयुक्त रूप से उनके तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर डॉ राजीव कुमार ने कहा कि शिक्षा को मानव जीवन में उतारने से मानवीय मूल्यों को बढ़ाबा मिलेगा, एवं शिक्षा से ही समाज मे आमूल-चूल परिवर्तन संभव है। इसके लिए फूले जी के पदचिंहों



पर चलना जरूरी है। बताया गया कि-उनका जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था,निधन 10 मार्च,1897 की हुआ था । पिता का नाम खन्दोजी नेवसे व माता का नाम लक्ष्मी था,पतिज्योतिबा फुले थे । उनकी विशेष उपलब्धि विधवा विवाह करवाना,छुआछात मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना था । सावित्रीबाई फुले एक कवयित्री भी थीं। उन्हें 'मराठी की आदिकवयित्री' के रूप में भी जाना जाता था।

## प्रखंडों में मत्स्य पालन के लिए जागृति अभियान, कृषकों के लिए सुनहरा अवसर : गणेश राम

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** राहत सह बचत योजना 2022-2023 पूरे राज्य में संचालित है। इस योजना के मुख्य बिंदु है कि राज्य में प्रवाहित नदियों में 15 जून से लेकर 15 अगस्त तक मत्स्य शिकार माही प्रतिबंधित रहती है। जिससे नदियों में मछली का प्रजनन हो सके। उपर्युक्त जानकारी गणेश राम जिला मत्स्य पदाधिकारी ने देते हुए बताया कि नदियों में अधिक संख्या में मछलियों की उपलब्धता बनी रहे। इसके लिए मत्स्य कृषक या मछुआरा जिनका जीवन नदियों में मत्स्य शिकार माही पर ही निर्भर है। उनके लिए सरकार ने राहत सह बचत योजना लाई गई है। श्री राम ने बताया कि इस योजना अंतर्गत नदी के किनारे रहने वाले मछुआ,



जिनका जीवन मत्स्य शिकार माही पर आधारित है। 5 - 5 सौ रुपए प्रतिमाह की दर से निर्धारित खाते में जमा करेंगे, बिहार सरकार एवं केंद्र सरकार उतनी ही राशि उनके खाते में जमा करेंगी। कुल मिलाकर 3 महीने के बाद लाभार्थी को 1हजार 5 सौ रुपए सहायता के रूप में दिया जाएगा। इस योजना अंतर्गत जिला के वैसे सभी व्यक्ति लाभ ले सकते हैं, जो जो नदियों के किनारे रहते हैं एवं उनकी जीविका उसी पर आधारित है। अब तक जिला में 150 मछुआरों ने ऑनलाइन आवेदन किया हैं। लोगों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में इस योजना के लिए आवेदन विभागीय पोर्टल ्ल्ल पर कर, योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए इसके लिए मत्स्य विकास पदाधिकारी एवं मत्स्य प्रसार पदाधिकारी के संबंधित प्रखंड में लगातार जागृति अभियान संचालित करने हैं।

## जिले में दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का होगा आगाज



राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** आगामी 8 और 9 जनवरी को सूबे के सभी जिले के विजेता कलाकार अपने हुनर का करेंगे प्रदर्शन । जिला पदाधिकारी प्रणव कुमार ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का सफल आयोजन के लिए बैठक की। बीते दिनों सभी जिलों में जिला स्तरीय युवा प्रतियोगिता कराया गया जिसमें प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी इसमें हिस्सा लेंगे। कुल छः विधाओं में प्रतिभागी हिस्सा लेंगे ।लोक गायन, गीत, गायन वादन, नाटक, वक्तृता और चाक्षुस कला में प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। 7 जनवरी को प्रभारी मंत्री युवा महोत्सव का करेंगे उद्घाटन ।कुशलता पूर्वक राज्य स्तरीय युवा महोत्सव प्रतियोगिता के सफल संचालन के कई समितियों का गठन किया गया। निबंधन सह आवासन समिति,भोजन समिति, आयोजन समिति एवम अन्य समितियों का गठन कर उन्हे आवश्यक निर्देश दिए गए।

## सावित्रीबाई फुले को नमन कर ले, रोज थोड़ा-थोड़ा पढ़ने का जतन कर ले

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** स्थानीय मालीघाट में क्रांतिज्योति ₹सावित्रीबाई फुले₹के जयंती पर ₹पुरखा पुरनिया₹ संवाद सह सम्मान कार्यक्रम सरला श्रीवास युवा मंडल की अध्यक्ष सुमन कुमारी के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। अध्यक्षीय संबोधन में सुमन कुमारी ने बताया कि क्रांतिज्योति ₹सावित्रीबाई फुले₹ महिला शिक्षक, समाज सुधारिका एवं मराठी कवियत्री थीं। स्त्री अधिकारों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। परफेक्ट सॉल्यूशन सोसाइटी के सचिव



अनिल कुमार ठाकुर ने बताया की सावित्रीबाई फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं। साई सेवादार अविनाश कुमार ने बताया कि भारत में सामाजिक सुधार आंदोलन में एक सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में सावित्रीबाई फुले को माना जाता है। उनको महिलाओं और दलित जातियों को शिक्षित करने के प्रयासों के लिए जाना जाता है। वार्ड 42 की वार्ड पार्षद अर्चना पंडित ने बताया कि सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया जिसका उद्देश्य था। विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना। वे एक कवियत्री भी थीं। समाजसेवी उमाशंकर प्रसाद उर्फ बब्लू जी ने बताया कि सावित्रीबाई पूरे देश की महानायिका हैं। हर बिरादरी और धर्म के लिये उन्होंने काम किया। जन विकाश मोर्चा के अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि भारत में सावित्रीबाई फुले ने लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोला था।

## भाजपा सरकार ने जनता से किए गए एक भी वादों को पूरा नहीं किया : युवा राजद

भाजपा का आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार से नामोनिशान मिट जाएगा

राष्ट्रीय खबर

**पटना:** युवा राजद के प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार यादव ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से पूछा है कि हर वर्ष दो करोड़ युवाओं को नौकरी मिला क्या। प्रत्येक व्यक्ति के खातों में 15-15 लाख रुपया मिला क्या। 2022 तक देश के किसानों की आय दोगुनी हुई क्या। हर परिवार को पक्के का मकान मिला क्या। देश को बुलेट ट्रेन मिला क्या। देश की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन हुआ क्या।

श्री यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 8 वर्षों में भी जनता से किए वादों में से एक भी वादा पूरा नहीं किया। इसलिए भाजपा के जुमलेबाजी में बिहार की जनता अब फंसने वाली नहीं है। बिहार के लोग जग चुके हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का बिहार से नामो निशान मिट जाएगा।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने नफरत की राजनीति कर देश के वर्तमान और भविष्य को बर्बाद किया है। धार्मिक और भावनात्मक नारों के सहारे भाजपा की राजनीति अब नहीं चलने वाली है। भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा उजागर हो गया है। धर्म और जाति के नाम पर बिहार के लोग अब गुमराह होने वाले नहीं हैं।

## नई इनोवा हाईक्रॉस के कीमतों की हुई घोषणा

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी नई इनोवा हाईक्रॉस की बहुप्रतीक्षित कीमतों की घोषणा की। टोयोटा का नया वाहन रुपये 18,30,000 से 28,97,000 रुपये तक के मूल्य वर्ग में उपलब्ध है। टोयोटा की ओर से इस बिल्कुल नई पेशकश का अनावरण नवंबर 2022 में किया गया था और तभी बुकिंग शुरू की गई थी। टोयोटा न्यू ग्लोबल आर्किटेक्चर (टीएनजीए) पर आधारित यह नवीनतम पेशकश टोयोटा की विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त गुणवत्ता, स्थायित्व और विश्वसनीयता पर खरी उतरती है, और उन्नत प्रौद्योगिकी द्वारा समर्थित है। इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए अतुल सूद, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड स्ट्रैटेजिक मार्केटिंग, टीकेएम ने कहा, इनोवा हाईक्रॉस की पेशकश भारत में हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और हम वास्तव में देश भर से प्राप्त जबरदस्त प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं। फीचर पैक्ड यह वाहन एक एमपीवी की विशालता को प्रदर्शित करता है और ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार किया गया है। हमें यकीन है कि नई इनोवा हाईक्रॉस की कीमत टिकाऊ गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए टोयोटा की खोज को बढ़ावा देने के साथ-साथ ब्रांड इनोवा की विरासत को मजबूत करेगी। यह बहुमुखी वाहन शक्तिशाली प्रदर्शन, त्वरित त्वरण प्रदान करता है जो इसके आराम और सुरक्षा के साथ.साथ असाधारण ड्राइविंग अनुभव प्रदान करना सुनिश्चित करता है।

## माता सावित्री बाई फुले नारी सशक्तीकरण की जीवंत मिशाल

नारियों के लिए आईकान हैं

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** जदयू प्रदेश कार्यालय में माता सावित्री बाई फुले जी की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने माता सावित्री बाई फुले जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति श्वेता विश्वास सहित बड़ी संख्या में उपस्थित पार्टी के अन्य नेतागण ने भी पुष्पांजलि किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले का नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनुपम और अद्वितीय स्थान है। जिन्होंने विभिन्न कठिनाइयों, अड़चनों, विवादों और अंधविश्वासों को झेलते हुए



भी नारी शिक्षा की लौ जलाई। नारियों, वंचितों व उपेक्षितों के मुक्तिदायी संघर्ष का नेतृत्व करने वाली माता सावित्री बाई का व्यक्तित्व सृजनात्मक था। वो नारी सशक्तीकरण की जीवंत मिशाल हैं, जो आज भी नारी जगत के लिए आईकान हैं। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि आज नारी सशक्तिकरण की जो तस्वीर हमारे सामने है, जहां नारी शक्ति, जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में पुरुषों के कंधे से कन्धा मिलाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय हैं। यह उनके जलाए अलख के का ही परिणाम है। मुख्यमंत्री उनके आदर्शों का पालन करते हुए महिला शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रयास कर रहे हैं।

## 8 करोड़ 75 लाख कार्डधारी फ्री राशन से बंचित

बिहार सरकार हर पहलू पर फेल, लगे बिहार में राष्ट्रपति शासन- उमेश श्रीवास्तव

राष्ट्रीय खबर

**सासाराम :** लोजपा (रा) जिला प्रवक्ता उमेश प्रसाद श्रीवास्तव ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि बिहार सरकार हर पहलू पर फेल होता जा रहा है। इनसे बिहार की कमान हटाया जाय और लगे राष्ट्रपति शासन हमारे राष्टीय अध्यक्ष सह जमुई सांसद माननीय चिराग पासवान जी ने राष्ट्रपति जी से मिल कर ज्ञापन भी दे चुके है। सरकार 8 करोड़ 75लाख राशन कार्डधारी का दिसम्बर माह का प्रधान मंत्री कल्याण योजना राशन समय से उठाव नही होने से समाप्त कर दिए। बिहार की जनता माफ नही



करेगी। वही 55 हजार पीडीएस डीलर का कमीशन भी अभी नही मिला है। मार्च बाद वे भी न मिले चिंता पीडीएस डीलरो में व्याप्त रहा है। बिहार में कहीं दरोगा कार्यकर्ता को गाली देता है तो राजधानी में ही बीच सड़क पर दरोगा पीटा जा रहा है। बिहार में विपक्ष में रहते हुये भी शराब बंदी के समर्थन लोजपा किया मगर आज तक सरकार विफल रही हजारों लोग जहरीली शराब से बिहार में मर चुके सरकार को अपने नाकामी पर इस्तीफा दे देनी चाहिए। सरकार को चाहिए कि दिसम्बर माह का प्रधानमंत्री कल्याण योजना का आवंटन कराये नही तो लोजपा (रा) बाध्य होकर आंदोलन करेगी।

**शहर >> अपडेट**

### जल जीवन हरियाली दिवस का आयोजन

**मुजफ्फरपुर :** जल जीवन हरियाली अभियान के तहत जल जीवन हरियाली दिवस का आयोजन ज्ञान भवन पटना में किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी जिलों में किया गया। वेब कास्टिंग से जुडे. सभी जिला स्तरीय संबंधित पदाधिकारी समाहरणालय सभागार में उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त भी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। माननीय मुख्यमंत्री ने एक बार पुन: बदलते मौसम जलवायु में मानवीय प्रयास और जल जीवन हरियाली अभियान की प्रासंगिकता को बताया। उन्होनें सभी बिन्दुओं पर बाते कही सोलर लाईट, पौधा रोपण, जल निकाय को अतिक्रमण मुक्त करना, अवशेष फसल प्रबंधन आदि के विस्तृत नीति को बताया।

# सावित्री बाई फुले और शेख फातिमा के जन्म दिवस पर पद यात्रा का आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**तुरकौलिया, पू च :** सावित्री बाई फुले और शेख फातिमा के जन्मोत्सव पर धम्म चक्र पद यात्रा डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन मोतिहारी से निकाला गया। जो करीब 15 किलोमीटर पैदल चलकर सेमराटोला पशुरामपुर स्टेडियम पहुंचा। पद यात्रा मे सैंकडों लोग शामिल थे। बुद्ध अम्बेडकर संस्कृति परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्रनाथ सिंह कुशवाहा ने बताया कि भारत की प्रथम शिक्षिका राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले व शेख फातिमा के जन्मोत्सव के अवसर पर धम्म चक्र पद यात्रा का आयोजन किया गया है। सावित्री बाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका हैं और उनकी सहयोगी शेख फातिमा भी मुस्लिम वर्ग की पहली महिला शिक्षिका हैं। इन्हीं दोनों के जन्मोत्सव पर पद यात्रा निकालकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जहां कार्यक्रम में सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने अपनी पुरी जीवन शिक्षा का अलख जगाने में लगा दिया। अपने जीवनकाल में महाराष्ट्र के पुणे में सन 1884 में 26 विद्यालय खोलकर महिलाओं को शिक्षा देने का काम किया। उन्होंने उस दौर में महिलाओं को शिक्षा देने का काम किया। जिस दौर में गरीब महिलाओं को शिक्षा लेना एक तरह से पाप समझा जाता था। जैसे ही शिक्षा का अलख जगाने का बीड़ा सावित्री बाई ने उठाया वैसे ही समाज उनके विरोध में खड़ा हो। उन्हें काफी यातना झेलना पड़ा है। समाज द्वारा अपमानित किया जाने लगा। यहां तक कि जब वह अपने इरादों से पीछे नही हटीं तो उन्हें घर भी निकला दिया गया। इसी दौरान उन्हें शेख फातिमा ने अपने घर में पनाह दिया। शिक्षा की अहमियत जानने वाली शेख फातिमा भी सावित्री बाई फुले के साथ मिलकर शिक्षा देने का काम शुरू कर दिया। दोनों काफी अपमानित होकर भी समाज में शिक्षा का अलख जगाने का काम किए है। जितनी यातनाएं और मुसीबत सहकर इन दोनों ने महिलाओं को शिक्षित करने का काम किया है। इसे समझने की जरूरत है। आज शिक्षा की कितनी अहमियत है। यह किसी से छिपा नही है। जबकि पहले ही इस बात को समझकर सावित्री बाई ने महिलाओं तक शिक्षा पहुंचाने के लिए कितनी तकलीफ उठाईं हैं। जिसे भुलाया नही जा सकता है। कार्यक्रम को सत्याशरण यादव, डा. फिरोज मंसूरी, सत्यनारायण राय, विजय रंजन, प्रोफेसर एसके राय, मो. सोहैल साहिल, किरण राम, शमीम अख्तर, हिमांशु पासवान, प्रवेज आलम, दुर्गा पासवान आदि ने संबोधित किया है।

# सावित्रीबाई फूले ने खोली थी लड़कियों के लिए शिक्षा की राह : डॉ रश्मि

राष्ट्रीय खबर

**बोधगया :** आज लड़कियां लड़कों से कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है। आसमान की उड़ान भर रही हैं, अंतरिक्ष की सैर कर रही हैं,तकनीक से दो-दो हाथ कर रही हैं और ये सिर्फ इसलिए हुआ क्योंकि शिक्षा और ज्ञान की राह पर लड़कियों को भी बराबरी का मौका मिला। लेकिन पहले ऐसा नहीं था।एक दौर था जब भारत में लड़कियों के स्कूल जाना मुश्किल तो था। साथ ही उन पर कई तरह की पाबंदियां भी थी। इन्हीं पाबंदियों के लिए आवाज उठाने वाली सावित्रीबाई फूले थी। उक्त बातें सावित्रीबाई फूले की जयंती के अवसर पर उद्गार व्यक्त करते हुए गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने कहा कि उन्हें पहली महिला शिक्षक होने का श्रेय जाता है। सावित्रीबाई फूले महान भारतीय समाज सुधारक ज्योति राव फुले की पत्नी थी। 3 जनवरी 1831को महाराष्ट्र के सतारा जिले के नाय गांव मे सावित्री फूले का जन्म हुआ था। 10 साल की उम्र में सावित्री बाई का विवाह ज्योतिबा फूले से हो गया था। सावित्रीबाई कभी स्कूल नहीं गई। लेकिन ज्योतिराव फुले पढ़े-लिखे थे।उन्होंने अपनी पत्नी को पढ़ाना लिखाना सिखाया। लड़कियों की शिक्षा के लिए हिमायती थे। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ मिलकर बालिकाओं को लेकर काफी काम किया। डॉ रश्मि ने कहा कि सावित्रीबाई फुले की पहचान एक भारतीय समाज सुधारक, शिक्षाविद और कवयित्री के रूप में है। शिक्षा के अलावा उन्होंने अपने पति के साथ महाराष्ट्र में महिलाओं के अधिकारों को बेहतर बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें भारत के नारीवादी आंदोलन का जनक कहा जाता है। सावित्रीबाई और उनके पति ने 1848 में भिड़े वाड़ा पुणे में पहली आधुनिक भारतीय लड़कियों की स्कूल की स्थापना की। उन्होंने जाति और लिंग के आधार पर लोगों से भेदभाव को अनुचित व्यवहार को खत्म करने के लिए काफी काम किया। लड़कियों को पढ़ाई का सावित्रीबाई फूले करने में काफी साहसिक था, क्योंकि तब लड़कियों के लिए पढ़ना आसान नहीं था।समाज के लोगों को लगता था कि लड़कियों का स्कूल जाना अच्छी बात नहीं है। सावित्रीबाई जब घर से स्कूल के निकलती थी तो अपने बैग में दो साड़ी रखती थी क्योंकि लड़कियों की शिक्षा के विरोधी लोग उन पर कीचड़ और गोबर फेंकते थे। कई बार उन्हें सामाजिक तौर पर अपमानित होना पड़ा। सावित्रीबाई फुले वर्षों पहले जानती थी कि भारत के विकास के लिए शिक्षा कितनी अहम है, यह उनके प्रयासों का ही फल है कि शिक्षा के क्षेत्र में भारत आज वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाए रखे हुए है।

# प्रखंड में 70 फीसदी से कम किसानो का निबंधन होने पर होगी कार्रवाई

राष्ट्रीय खबर



**मुजफ्फरपुर :** धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने को लेकर जिला पदाधिकारी प्रणव कुमार ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी के साथ बैठक किया। जिले में लगभग 2 लाख मिट्रिक टन धान अधिप्राप्ति का संभावित लक्ष्य रखा गया है। जिला पदाधिकारी ने पैक्स को सक्रिय होकर काम करने का निदेश दिया है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को पैक्स और किसानों से बेहतर समन्वय स्थापित कर शीघ्रता से धान अधिप्राप्ति कार्य करने का निदेश दिया। अब तक 41 हजार मिट्रिक टन धान अधिप्राप्ति किया गया है जिसमें 338 पैक्स और 8 व्यापार मंडल शामिल है। निष्क्रिय समितियों को सक्रिय करने का निदेश दिया गया। पैक्स से मिलर की संबद्धता और रोटेशन को क्रियाशील करने का भी निदेश दिया गया। किसानों का निबंधन भी काफी कम होने पर नाराजगी व्यक्त की गई है। अब तक 16552 किसान ही अधिप्राप्ति के लिए निबंधित किये गये है। इनमें से मात्र 5800 किसान ही अधिप्राप्ति कार्य में संलग्न है। जबकि 30 हजार किसानों से निबंधन किया जाना है। जिला पदाधिकारी ने कमतर परफॉरमेंस वाले प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी पर सख्त कार्रवाई करने का निदेश दिया है। 70 फीसदी से कम किसान निबंधन कराये जाने वाले प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी का 3 दिन का वेतन स्थगन करते हुए स्पष्टीकरण की पृच्छा की गई है। उन्होनें कहा कि सरकार की यह निर्वाचन की भॉति ही सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। लापरवाही एवं कोताही बरतने पर अनिवार्य सेवा वस्तु अधिनियम (एसमा) के तहत कठोर कार्रवाई की जायेगी। गौरवतलब है कि 15 फरवरी तक ही धान अधिप्राप्ति कार्य किया जाना है। बोचहां, कटरा में काफी खराब स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की गई है। दोनों अनुमंडल पदाधिकारी को पैक्सों के साथ बैठक कर इसमें तेजी लाने को कहा गया। बैठक में उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, अपर समाहर्ता अजय कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी विजय कुमार पांडेय, जिला सहकारिता पदाधिकारी बीरेन्द्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी ज्ञान प्रकाश एवं पश्चिमी बृजेश कुमार तथा वरीय उप समाहर्ता शारंग मणि पाण्डेय, सुश्री तरणिजा, स्मृति कुमारी, सौरभ कुमार, मनीषा कुमारी आदि उपस्थित थे।

# अनिश्चित कालीन धरना पर नपं के सफाई कर्मी

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** पीएफ का भुगतान न होने पर एवं ठेकेदार महिला निकेतन रूबी देवी को तारापुर नगर पंचायत मे नहीं रहने देने पर सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत में किया प्रदर्शन। नगर पंचायत तारापुर में मंगलवार को सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जिसमें धरना प्रदर्शन का नेतृत्व पप्पू मेहतर कर रहे थे नगर पंचायत में काम करने वाले लगभग 70 मजदूरों ने एक साथ अपना काम को बंद कर नगर पंचायत कार्यालय के पास धरना प्रदर्शन किया जिसमें सफाई कर्मियों का कहना था कि जब तक हमारी दो माँगे पूरी नही होगी तब तक हम लोग नगर पंचायत की सफाई नही करेंगे वही नेतृत्वकर्ता पप्पू मेहतर ने कहा कि हम लोगो का दो माँग है जिसमे पहला की हमारे जो पूर्व के सफाई कर्मी के ठिकेदार महिला निकेतन के रूबी देवी है। वही ठिकेदार हम लोगो को चाहिये क्योंकि वो हमारे सुख दुख के साथी हैं और हम लोगो को उनके साथ ही काम करने में अच्छा लगता है और दूसरी माँग है कि हमारी जो PF राशि है वह हम लोगो जब से काम शुरू किये हैं। तब से हम सब को PF की राशि नही मिली है अगर हमारे यह दो माँग की पूर्ति नही की जाती है तो हम लोग नगर पंचायत के काम को बाधित रखेंगे। वही नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी प्रथमा पुष्पांकर से दूरभाष के माध्यम से राष्ट्रीय खबर के सवांददाता ने इस मामले को लेकर संपर्क साधने की कोशिश की लेकिन फोन कॉल को कट कर दी वही नगर पंचायत तारापुर में आज सफाई ना होने के कारण तारापुर के गलियों एवं बाजारों में कूड़ा कचरा बिखरा पड़ा था। जिससे नगर पंचायत के लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# जाति आधारित गणना की सफलता को बीडीओ व प्रमुख ने कार्यशाला का दीप प्रज्जवलित कर किया उद्घाटन

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत लौरिया प्रखंड मुख्यालय के विशेष सभागार व बीआरसी में जाति आधारित गणना के सफल आयोजन को कार्यशाला का उदघाटन प्रखंड प्रमुख शंभु तिवारी व बीडीओ आदित्य दीक्षित द्वारा संयुक्त रूप से प्रज्जवलित कर किया।

मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख शंभु तिवारी ने कहा कि सरकार की मंशा है की जाति आधारित गणना कराने का है। जिससे जिसकी जितनी आबादी साझेदारी उतनी उसकी भागीदारी की सही जानकारी मिल सके।

बीडीओ आदित्य दीक्षित ने कहा जाति आधारित के सुगम एवं सफल एवं स्वच्छ संपादन को लौरिया के कुल उन्नीस पंचायत कै प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को ट्रेनिंग दी जा रही है।इसे सफल बनाने में आपका योगदान है। इसे महत्वपूर्ण कार्य को ससमय निष्पादन को तन मन से लगे जिसे जाति आधारित जनगणना सफल हो सके। बीडीओ आदित्य दीक्षित ने कहा की जाति आधारित जनगणना में प्रगणक 456 रिजर्व 4 कुल 501 प्रगणक लगाए गए हैं। पर्यवेक्षक 83 रिजर्व 8 कुल 91 है। मास्टर ट्रेनर 10 लगाए गए हैं। प्रगणक को 07 से 21 जनवरी 2023 में प्रथम चरण जाति आधारित जनगणना कार्य हो पर राजीव वर्मा, राजन कुमार, प्रियतम कुमार, अरुण कुमार, संतोष कुमार, तनुवार, मो अयुब, मनीष गुप्ता, विनोद राम, तेज नारायण पाण्डेय एवं मनोज यादव उपस्थित रहे।

दीप प्रज्जवलित करते अतिथि प्रखंड प्रमुख शंभु तिवारी व बीडीओ आदित्य नारायण दीक्षित व अन्य।

# जल जीवन हरियाली दिवस पर संग्रहालय में कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** ग्रामीण विकास विभाग के निदेश के आलोक में जल-जीवन-हरियाली दिवस का आयोजन आज संग्रहालय सभागार में किया गया, जिसका राज्य स्तर पर नीतीश कुमार द्वारा वेब कास्टिंग के माध्यम से उद्घाटन कर किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में जल-जीवन-हरियाली अभियान का क्रियान्वयन विषय पर परिचर्चा भी आयोजित की गयी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल-जीवन-हरियाली में 11 अवयव शामिल हैं। उन्होंने जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार तथा नए जल श्रोत के सृजन को बढ़ाये जाने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया तथा समस्त निर्माण अथवा जीर्णोद्धार किए जा रहे जल संरचनाओं के मरम्मतीकरण की भी बात कही। उन्होंने जीविका दीदी के सहयोग से जल-जीवन-हरियाली की विशेषता एवं उसके लाभों को गांव गांव के जनसमुदाय को जागरूक करने का निर्देश दिया। जीविका के तहत जीविका दीदी को स्वरोजगार हेतु जल-जीवन-हरियाली के माध्यम से मत्स्य पालन स्वरोजगार को अपना कर तथा उसके रख रखाव प्रबंधन को मजबूत बना कर लाभान्वित करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने किसानों को अन्य खाद्यान पदार्थों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए जैविक खेती के प्रोत्साहन के लिए कृषि विभाग को निर्देशित किया। साथ ही किसानों को वृक्षारोपण प्रबंधन के लिए वन विभाग को सहयोग देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जल-जीवन-हरियाली योजना बिहार सरकार के दिशा निर्देश पर काम करती है। इस योजना पर खर्च होने वाली राशि का वहन स्वयं बिहार सरकार द्वारा किया जाता है। इस पर केन्द्र से किसी भी प्रकार की कोई राशि आवंटित नहीं की जाती है। इस कार्यक्रम में अपर समाहर्ता अमरेन्द्र शाही, उप विकास आयुक्त संजय कुमार, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी, पंचायत जनप्रतिनिधि एवं जल जीवन हरियाली अभियान से जुड़े संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# राम कथा सुनने से सभी पापों का नाश होता है

**राम नाम से आप स्वर्ग की प्राप्ति भी कर सकते हैं**

**राम कथा सुनने को लेकर बाबा तारकेश्वर नाथ उल्टा महादेव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

राष्ट्रीय खबर



**तारापुर :** देवाधिदेव महादेव बाबा तारेश्वर नाथ उल्टा महादेव स्थान तारापुर में श्री राम जानकी जन कल्याण गौ सेवा संस्थान के सौजन्य से चल रहे श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ में पूज्य महराज धर्मगुरु क्रान्तिकारी नागा बाबा जी द्वितीय दिवस की राम कथा में बताया कि श्री राम कथा सुनने से दूसरे के प्रति हमारा आचरण कैसा होना चाहिए और जीवन में श्री राम कथा सुनने से पिता के प्रति कैसा आचरण होना चाहिए । माता के प्रति कैसा होना चाहिए भाई के प्रति बहन के प्रति पत्नी के प्रति कैसा आचरण होना चाहिए पूज्य महराज जी बताए की हम आप पूजा करने से पहले तीन बार आचमन क्यों करते हैं। महराज जी बताए की अपने अंदर के दैहिक दैविक भौतिक ताप को मिटाने के लिए और अपने मन को पवित्र करने के लिए हम पहले तीन बार आचमन करते हैं। और भगवान भोलेनाथ और माता सती कैलाश पर्वत से नीचे पृथ्वी पर आकर अगस्त्य ऋषि से श्री राम कथा का श्रवण करने आए और महराज जी श्री राम कथा में बताए कि इस पृथ्वी पर जितने भी जीव हैं ओ सब ईश्वर के ही अंश हैं। आगे उन्होंने कहा कि इस संसार में जो श्री राम कथा का श्रवण करता है उससे बड़ा कोई धनवान नहीं होता है। क्योंकि बाबा गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं निर्धन कहे धनवान सुखी, धनवान कहे सुख राजा को भारी, राजा कहें छत्र पति सुखी, छत्र पति कहें सुख इंद्र को भारी, इंद्र कहें श्री राम सुखी हैं, श्री राम कहें सुख भक्त को भारी आदि कथा का श्रवण कराए और कथा श्रवण करके पूरे तारा पुर में भक्ति मय माहौल बना हुआ है और कथा में महाराज जी एक बहुत सुंदर भजन सुनाए कथा राम जी की है कल्याणकारी मगर ये करेगी असर धीरे धीरे जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध होकर झूम उठे। आज मुख्य यजमान के रूप में राम प्रकाश केसरी पत्नी संगीता केसरी एवम् महेश शाहा,संजय सोनकर , जय प्रकाश ,डॉक्टर वासुकी प्रसाद, अमर नाथ बाबा , बाल्मिकी पंडित आदि लोग मौजूद रहे और यह कथा समर्पित सेवा भक्ति यू ट्यूब चैनल पर लाइव दिखाया जा रहा है। आप लोग चैनल को सब्सक्राइब करके लाइव भी देख सकते हैं।

# सरकार को पर्याप्त राजस्व देने के बावजूद न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं मत्स्यजीवी सहयोग समिति के मंत्री

## बेतिया प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति को सरकार के दीर्घकालीन बंदोबस्ती महत्वकांक्षी योजना का लाभ दें

**कृषकों की आमदनी दोगुनी होने की योजना पर पानी फेरने में लगे कर्मी व पदाधिकारी**

**सागर पोखरा तालाब को बचाने को भटक रहे हैं सहयोग समिति के मंत्री, उनकी नहीं सुनता कोई पदाधिकारी**

**तालाब में नालों के पानी गिरने से मच्छर मलेरिया फैलने की हुई प्रबल संभावना**

ब्रज भूषण कुमार




**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला में सरकार को पर्याप्त राजस्व देने के बाद भी न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं मत्स्यजीवी सहयोग समिति के प्रखंड मंत्री। तालाब में बार-बार मरती है मछलियां, अलबत्ता उनकी कोई पदाधिकारी नहीं सुनता है। जी हां, यह बात सुनने में तो अटपटा लगेगा, लेकिन इसका खुलासा करते हुए अभिषेक कुमार, मंत्री, प्रखंड मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड ने जिला पदाधिकारी, नगर आयुक्त को आवेदन देकर सागर पोखरा तालाब में भारी मात्रा में नाले के पानी गिरने से मछली मरने के रोकने के संदर्भ में कार्रवाई की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि उसके आवेदन में अभिषेक कुमार ने बताया है कि निदेशक बिहार पटना ने सागर पोखरा के दीर्घकालीन बंदोबस्ती 10 वर्षों के लिए 31 मार्च 2029 तक सहयोग समिति सदस्यों के साथ बंदोबस्ती की गई। जिसमें वैज्ञानिक तरीकों से बड़े स्तर पर मछली का पालन किया जा रहा है, परंतु सागर पोखरा में बेतिया शहर के नालों का पानी भारी मात्रा में आने से बड़ी मात्रा में मछलियां मर रही है। श्री कुमार ने बताया कि शहर के नाले के पानी का निकासी पूर्व में एमजेके कॉलेज के दीवार से सटे पानी का निकासी होता रहा, लेकिन वहां के कुछ लोगों ने नाला का रुख मुड़कर मुड़कर कॉलेज की दीवार को तोड़कर नाले की निकासी नए स्तर से बनाया गया जो कि उनकी नाले की वजह से आज पिजवा पोखरा में मछली पालन नहीं हो रहा है। नाला के पानी का रुख मोड़ने से नाले के पानी दोनों तालाब सागर पोखरा एवं पिजवा पोखरा में गिर चुकी, सागर पोखरा के नाले के पानी पर मिट्टी भरी सीमेंट का बोरा रखने से कुछ राहत मिलती है लेकिन पोखरा में सीधे नाले का पानी जाने से उसका पानी मछली पालने योग्य नहीं रह गया। नाला के पानी की वजह से ऐसी घटनाएं बार-बार सामना करना पड़ता है। विभिन्न पानी रोकने के लिए सीमेंट की बोरी मिट्टी भरकर नाली का पानी तालाब में गिर जाता है। पूर्व में जिला पदाधिकारी ने अभी तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं किया। नाला के किनारे कर दो घरों के लोगों द्वारा बार-बार विरोध किया जाता है और उन्हीं लोगों द्वारा बार-बार मिटा दिया जाता है कि पानी की वजह से तालाब का पानी बहुत खराब हो चुका है। उनपर कार्रवाई की मांग किया

### मुआवजा के लिए पीड़िता ने दिया रास सांसद को आवेदन

**मधुबनी :** नन्हा थाना क्षेत्र के बगहा गांव निवासी वर्षीय रामाकांत राम का दिसंबर 2021 में विद्युत स्पर्धा से मौत हो गई थी। जिसके मुआवजा के लिए पत्नी मीरा देवी एवं पुत्र शैलेश राम बिजली विभाग के चक्कर काटते काटते थक गए थे। पीड़ित शैलेश राम मंगलवार को धनहा आये व राज्यसभा सांसद को एक आवेदन देकर गुहार लगाई। राज्यसभा सांसद सतीश दुबे ने पीड़ित व्यक्ति की बात सुनने के बाद तुरंत विभागीय पदाधिकारियों से बात की मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि 27 दिसम्बर 2021 को दोपहर रामाकांत राम बांस का पत्ता तोड़ने के लिए बगल के एक बसवारी में गया था। जहां से 33 हजार का तार गुजरा हुआ था जो बांस से सटा हुआ था। जिससे उस घटना में व्यक्ति झुलस गया व उसकी मृत्यु हो गई। मुवावजे के लिए उसके परिजन दर-दर भटक रहे थे।

**शहर >> अपडेट**

## हंगामा कर रहा शराबी गिरफ्तार

**बगहा** : जिला अंतर्गत वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत के रमपुरवा गांव निवासी राज कुमार साह को शराब के नशे में हंगामा करना व घर वालों के साथ मारपीट करना महंगा पड़ा। हंगामा के बाद सूचना मिलने पर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की शाम राज कुमार शराब सेवन कर अपने घर में परिजनों के साथ मारपीट कर रहा था।तंग आ कर इसकी सूचना घर वालों ने थाना में दिया। और पुलिस ने आकर उसको गिरफ्तार कर लिया। इस बाबत जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष शशि शेखर चौहान ने बताया कि मिली सूचना पर पुलिस बल को भेज कर हंगामा कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाना कांड संख्या 1/23 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# सीएम के यात्रा को लेकर सभी विभाग के अधिकारियों ने कसी कमर

## जिला पुलिस प्रशासन भी तैयार, रूट के सभी चौक-चौराहों पर रहेगी बल की तैनाती

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की संभावित यात्रा को लेकर जिला प्रशासन के स्तर पर बैठकों का दौर जारी है। सभी विभागीय अफसरों को नये सिरे से जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल को लेकर भी जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के बीडीओ-सीओ से जानकारी भी मांगी गई है। जिले के वरीय अफसर वालमीकीनगर का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट भी प्रभारी जिलाधिकारी को प्रतिदिन दे रहे हैं। वाल्मीकिनगर से सटे संतपुर सोहरिया पंचायत अंतर्गत दरूआबारी के बारे में भी प्रभारी डीएम लगातार अपडेट मांग रहे है। वहीं वाल्मीकि नगर के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल को लेकर सभी बिंदुओं पर हो रही तैयारियों की जानकारी एकत्रित की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, सीएम की यात्रा को ले राज्य मुख्यालय ने उन मामलों की रिपोर्ट तैयार करने का आदेश दिया है, जिनकी समीक्षा सीएम के एजेंडे में शामिल है। हालांकि सीएम की यात्रा का मुख्य उद्देश्य शराबबंदी की क्रियान्वयन को लेकर है। उनके आगमन पर शराबबंदी को लेकर जिले में हुई कार्रवाई की रिपोर्ट तैयार करने का आदेश दिया गया है। इसमें शराब कांडों में अबतक दर्ज एफआईआर, कुल गिरफ्तारी, कुल जब्ती व जमानत पर छूटे आरोपितों की जानकारी शामिल है। इसके अलावा शराब के मामले किस कोर्ट में कितने लंबित हैं। उसकी निष्पादन दर क्या है। शराबबंदी में अबतक हुई सजा व जब्ती का ब्योरा भी अलग से मांगा गया है। देसी शराब व ताड़ी के धंधे में लगे कितने लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा गया है। इसका भी ब्योरा तैयार करने में प्रशासन जुटा है। सीएम अधिकारियों के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा करेंगे। अपराध नियंत्रण की दृष्टि से जिले में भूमि विवाद के मामलों व एससी- एसटी एक्ट के मामलों की भी समीक्षा सीएम कर सकते हैं। जिले के अधिकारियों को यह भी कहा गया है कि समाज सुधार यात्रा के क्रम में सभी अधिकारी नियमित रूप से उपस्थित रहे और इस दौरान किसी भी तरह की छुट्टी स्वीकृत ना हो।

## घना कोहरा बना वाहन चालकों के लिए काल, आये दिन होने लगी दुर्घटनायें



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च.** : थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 527 डी पर नेपाल से आ रही ट्रक सिकरहना पुल अमीर खां टोला के समीप सोमवार देर रात्रि असंतुलित होकर पलट गई। रोड़ से निचे पलटते देख ड्राइवर एवं खलासी कुद पड़े और किसी तरह अपनी जांन बचाई। घटना सोमवार की देर रात्रि की बताई गई है। घटना के संबंध मे थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि ट्रक पलटने की सुचना है। जिसमे ड्राइवर खलासी सुरक्षित बच निकले है। ट्रक संख्या BR01GA-6652 जो रक्सौल के ओर से आ रही थी। सिकरहना पुल पार करने के बाद घना कोहरा होने के कारण असंतुलित होकर किनारे गड्ढे मे पलट गई। ट्रक खाली होने के कारण किसी तरह की आर्थिक क्षति नही हुई है।

## जातीय गणना को लेकर प्रशिक्षण शुरू

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च** : प्रखंड अंतर्गत मुख्यालय स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और नगर पंचायत कार्यालय परिसर के सभागार मे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रीना कुंवर और विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामकिशोर सिंह, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी रौशन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी प्रियरंजन और राजस्व पदाधिकारी नेहा कुमारी ने बताया कि दोनों केन्द्रों पर 600 सौं से अधिक कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो दो पालियों में चल रहा हैं। यह प्रशिक्षण तीन और चार जनवरी का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है। जिसमें शिक्षक, किसान समन्वयक, किसान सलाहकार, कचहरी सचिव, विकास मित्र और टोला सेवकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद सभी प्रशिक्षित कर्मी आगामी 7 जनवरी से 31 जनवरी तक पुरे प्रखंड और नगर क्षेत्र में जाति गणना का रिपोर्ट तैयार करेगे। उन्होंने बताया कि नंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ट्रेनर विनोद चौधरी, मंटू चौधरी, महेश कुमार, आशुतोष कुमार सिंह, राम नारायण यादव और लालबाबु प्रसाद कर्मियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं।वही नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रोशन कुमार ने बताया कि कार्यालय के सभागार में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसकें ट्रेनर पंकज कुमार वर्मा, राजेश कुमार और सिकंदर कुमार है। ट्रेनर विनोद कुमार चौधरी ने बताया कि प्रारंभिक चरण में कर्मियों को जाति गणना कें अंतर्गत नजरि नक्शा, मकान नम्बर अंकित करना और मकानों की सुचि तैयार करने से संबंधित तरीकें बताए जा रहे हैं।

## स्टेट बोरिंग बंद होने से परेशान किसानों ने की जमकर नारेबाजी

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च** : प्रखंड के मधुमालती में स्टेट बोरिंग बंद होने से किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और हंगामा किया। प्रखंड के दक्षिणी मनसिघा पंचायत के मधुमालती, मल्लाह टोली में वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन हरियाली योजना के तहत स्टेट बोरिंग की गई। जिससे किसानों को फसल में पटवन करने में काफी सुविधा हो गई। लेकिन वर्ष 2020 में ही बंद हो गई। जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान पूर्व पंसस एकराम हुसैन, रमेश सहनी, मुकेश प्रसाद, अंशु सिंह, विकास कुमार, हरदेव सहनी, म0 जमील सहित कई लोगो ने बताया कि स्टेट बोरिंग से किसानों को 50 रुपया प्रति घन्टे लागत देना पड़ता था। लेकिन अब लोगो को दो सौ रुपया लोगो को पटवन देना पड़ रहा है। जिससे किसानों की माली हालत खराब हो गई है। जिससे किसानों की किसानी करने में परेशानी हो रही है। लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों व सरकार की उदासीनता के चलते स्टेट बोरिंग अब तक चालू नही हो सका। जिसको लेकर किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने बताया कि स्टेट बोरिंग चालू करने के लिए अधिकारियो से कहा गया है। लेकिन अब तक वह चालू नही हो सका है। इसके लिए संबंधित अधिकारी से मिला जाएगा।

## जनवितरण प्रणाली के विक्रेताओं ने 9 सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना



राष्ट्रीय खबर

**घोड़ासहन, पू चं** : बिहार फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री वरुण कुमार सिंह के आवाहन पर घोड़ासहन व बनकटवा प्रखंड क्षेत्र के जनवितरण प्रणाली विक्रेताओ ने अपनी 9 सूत्री मांगे को लेकर 9 दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर बैठे। जनवितरण प्रणाली के विक्रेताओं के मुख्य मांगों में समय से मार्जिन ना मिलना, उनका की उम्र सीमा बढ़ोतरी, वेतन 30,000 या कमीशन 300 प्रति क्विंटल देने, सप्ताहिक छुट्टी सहित दिसंबर माह में पैसा लगाकर 510 बनने के बावजूद फ्री में वितरण करवाना जैसे कई मांगों को लेकर 1 जनवरी से 9 जनवरी तक सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान जन विक्रेताओं द्वारा वितरण कार्य बंद रखेंगे, जिलाध्यक्ष ने कहा कि अपने आठ सूत्री मांगों को लेकर एसोसिएशन के द्वारा लंबी लडाई लड़ी गई। परंतु सरकार के टाल-मटोल रवैये के कारण अबतक मांगों को पूरा नहीं किया जा सका है। अब एसोसिएशन के द्वारा एकजुटता के साथ नये सिरे से आंदोलन की शुरूआत किया गया है। अवसर पर डीलर हरिओम सिंह, उमेश जयसवाल, महेन्द्र यादव, वसी अख्तर, मो. आलम, दीपू गुप्ता, सुजीत कुमार जुबैर हासमी सहित सैकड़ों डीलर मौजूद थे।

## केंद्रीय रेल राज्य मंत्री प्रवास कार्यक्रम के तहत पहुंचे बगहा

### पार्टी कार्यकताओं को किया संबोधित

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : रेल राज्यमंत्री राव साहिब पाटिल दानवे मंगलवार के दिन प्रवास कार्यक्रम के तहत बगहा अनुमंडल अंतर्गत मधुबनी प्रखंड के धनहा पहुँचे। जहाँ कार्यकर्ताओ को संबोधित करने के बाद कोर कमेटी की बैठक की। रेल राज्यमंत्री के बिहार पहुँचने पर यूपी-बिहार की सीमा बासी चौक पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। उसके बाद धनहा में राज्यमंत्री द्वारा कार्यकर्ताओ को संबोधित किया गया।कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए रेल राज्यमंत्री श्री दानवे ने कहा कि, मैं पहली बार वाल्मीकिनगर मे पहुँचा हूँ। यहा के कार्यकताओं का उत्साह देखने लायक है। 2024 के चुनाव में वाल्मीकिनगर लोकसभा भाजपा के लिए कन्फर्म हैं।

भाजपा कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए रेल राज्यमंत्री ने कहा कि मोदी का नेतृत्व देश ही नहीं पूरा विश्व स्वीकार्य करने लगा है। सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगो को मोदी के योजनाओं को बताए, एवं 2024 के लिए अभी से लग जाये।

वही मौके पर पहुंचे राज्यसभा सांसद सतीशचंद्र दूबे ने कहा कि गंडक पार के चार प्रखंडों में पहले न तो बिजली थी नही सड़क हमारे सांसद बनने के बाद मोदी के नेतृत्व में सभी सुबिधायें उपलब्ध हुआ। उन्होंने मंत्री से मांग करते हुए कहा कि छितौनी से तमकुही रेल परियोजना अधर में लटका हुआ है। इसकी आवाज मंत्रिमंडल में उठाते हुए पूर्ण कराया जाए। वही कार्यकर्ताओ को संबोधन के बाद कोर कमेटी की बैठक किया गया। उक्त अवसर पर बगहा विधायक राम सिंह, वाल्मीकिनगर लोकसभा चुनाव प्रभारी, पन्नेलाल, जिला उपाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि, विजय सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता हरेंद्र राव, शैलेन्द्र मोहन पांडेय, टीएन मिश्रा, पवन दूबे, धनंजय पांडेय, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जब नहीं था अधिकार, तब नारी शिक्षा की पहरूवा बनी सावित्रीबाई फूले : तीरेंद्र राम

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष करने वाली प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले जी की जयंती मंगलवार के दिन अनुमंडल क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सभी जगहों पर प्रथम शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस दौरान विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम संचालित किए गए। इसी क्रम में कुशल युवा प्रोग्राम बगहा दो में शिक्षकों के द्वारा माता सावित्रीबाई फुले के जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा बच्चियों को कलम वितरण किया गया। साथ ही शिक्षा के प्रति सजग रहने की प्रेरित किया गया। शिक्षक नेता तीरेंद्र राम ने माता सावित्रीबाई फुले के जीवनी पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले भारतीय समाज सुधारक, शिक्षाविद् और महाराष्ट्र की कवियित्री थीं। अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ महाराष्ट्र में उन्होंने भारत में महिलाओं के अधिकारों को बेहतर बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें भारत के नारीवादी आंदोलन की अग्रणी माना जाता है। सावित्रीबाई और उनके पति ने 1848 में पुणे में भारतीय लड़कियों के पहले आधुनिक स्कूल में से एक की स्थापना की। उन्होंने जाति और लिंग के आधार पर लोगों के साथ भेदभाव और अनुचित व्यवहार को खत्म करने के लिए लगातार काम किया। सावित्रीबाई फुले की जयंती के दिन राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस भी मनाया जाता है।उन्होंने सामाजिक एकता, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए अपनी जीवन समर्पित कर दिया।

कार्यक्रम में शिक्षक नेता तीरेंद्र राम, उदय कुशवाहा, विपुल कुमार, संदीप उर्फ गोलू बाबू, विनोद कुमार, समीक्षा कुमारी, दिव्या तिवारी, अंशु कुमारी, नेहा जयसवाल, पूनम कुमारी, शिवांगी कुमारी सहित दर्जनों बच्चियां उपस्थिति थी।

## शीतलहर व कोहरे से दिन में भी रात जैसा माहौल



राष्ट्रीय खबर

**पकड़ीदयाल, पू चं** : प्रखंड क्षेत्र में बढ़ रही शीतलहर के कारण आमजनों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आमजन बढ़ती शीतलहर से अपने घरों में रहने को मजबूर हो गय है। बच्चा हो, बुजुग हो या नवजवान हो सभी बढ़ती ठंड को देखते हुए अपने दरवाजे पर अलाव की व्यवस्था कर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। शीतलहर के साथ घने कोहरे इतने ज्यादा पड़ रहे हैं कि दिन में भी अंधेरा छाया हुआ रह रहा है। रोड पर फराटे भरने वाली सभी गाड़ियों कि रफ्तार कोहरे के कारण कम हो गयी है। बढ़ती शीतलहर के कारण प्रखंड के शेखपुरवा बाजार पर अलाव तापते हुए दुकानदार एवं आम लोग। वही राम निरंजन तिवारी, अरबिंद कुमार, जलामुदीन, प्रभु शाह, गजेंद्र राय, एवं युवा समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मंदीप कुमार, सचिव पप्पू कुमार पंडित राजेश गुप्ता आदि ने बताया की बढ़ते शीतलहर को देखते हुए बचाव के लिए लोग अलाव एवं गर्म कपड़े पहनकर अपने घर में रहे। वही कुछ काम काजु लोग घर से बाहर दिख रहे हैं। जिनके साथ मजबूरी है कि पसु का चरा आदि चिजो का बेवसता करना पड़ रहा है।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता के उद्धाटन मैच देवरिया ने दरदरी को 3-2 से हराया

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : प्रखंड बगहा -2 के देवरिया तरुअनवा पंचायत के खेल मैदान मे मंगलवार से

ग्राम विकास समिति वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुकाबले की शुरूआत राष्ट्रगान के बाद की गई। जिसका प्रथम मुकाबला देवरिया बनाम दरदरी के बीच खेला गया। मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ध्रुव नेत्रालय के चर्चित डॉक्टर चिन्तामणि काजी तथा देवरिया तरुवानवा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी संजय कुमार ओजहिया ने संयुक्त रुप फिटा काटकर मैच का उद्घाटन किया। इस दौरान उपस्थित खिलाड़ी हो वह दर्शकों को संबोधित करते हुए डा. चिन्तामणि काजी ने बताया कि सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अपने खेल को निखारना चाहिए तथा दर्शकों को भी खेल के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करना चाहिए। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। आज थरुहट क्षेत्र मे वॉलीबॉल को बढावा दिया जा रहा है। अगर खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो जिला से लेकर राष्ट्रीय लेबल तक खेलकर क्षेत्र व देश का नाम रोशन करेंगे। खेल के दौरान देवरिया व दरदरी के बीच कांटे का मुकाबला हुआ। जिससे दर्शक भी रोमांचित नजर आए। दोनों टीमें एक दूसरे पर हावी होने का प्रयास करती रही। हालांकि पहले राउंड मे देवरिया ने लगातार दो गेम बनाकर बढत हासिल कर लिया। लेकिन दरदरी की टीम ने भी पलटवार करते हुए दो गेम करके मुकाबला बराबरी पर ला दिया। दोनों टीमों ने लगातार एक दूसरे पर प्रहार किया मगर देवरिया ने 3-2 के गेम से जीत कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। प्रथम मुकाबले में विशिष्ट अतिथि रुप मे समाज सेवी देवेन्द्र राय, बेतीलाल प्रसाद, सरपंच प्रतिनिधि तेजप्रताप काजी, केदार काजी, रामकवल काजी, मिथलेश पटवारी, इंजीनियर कृष्णा काजी, जयप्रकाश पटवारी गुमास्ता, प्रेमनाथ ओजहिया आदि मौजूद थे। वॉलीबॉल के इस मुकाबले में रेफरी की भूमिका मे कुन्जविहारी कुमार, सेकेन्ड रेफरी हेंमत कुमार, लाइटमैन लक्ष्मण कुमार व बिट्टू कुमार, कॉमेंटेटर हीरालाल प्रसाद व विट्टू जयसवाल, स्कोरर राजेश काजी व अनुप काजी, आयोजक ग्राम विकास समिति वॉलीबॉल प्रतियोगिता देवरिया के सक्रिय सदस्य धीरू कुमार, दीपक पटवारी, राजेश काजी, आनंद पटवारी, राजकुमार महतो, प्रभु ओजहिया, संतोष कुमार, अमृतेश काजी, कृष्णा महतो, गुड्डु कुमार आदि ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

## काश हमारे पंचायत भी आते सीएम तो बहुरते दिन : ग्रामीण

### दरूआबारी का विकास देख चकित हुए अन्य ग्रामवासी

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : सूबे के मुखिया नीतीश कुमार की वाल्मीकिनगर में संभावित यात्रा को लेकर संतपुर सोहरिया पंचायत के दरुआबारी गांव में चौतरफा विकास कार्य धरातल पर दिख रहा है।अपने यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकारी कामकाज का भी जायजा लेंगे। ऐतिहासिक दलदलिया पोखर के साथ ही दलित बस्ती का भी भ्रमण करेंगे। इस दौरान सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त करेंगे। जल जीवन हरियाली मिशन के तहत हो रहे ऐतिहासिक दलदलिया पोखर के जीर्णोद्धार के कार्यों का भी निरीक्षण करेंगे। नीतीश के आने से पहले प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां युद्ध स्तर पर हो रहा है। सीएम के यात्रा को लेकर दरुआबारी गांव के दलदलिया पोखर पर कार्य युद्ध स्तर जारी है। पोखर के चारों ओर पेड़ों की रंगाई-पुताई, जर्जर पुलिया और सड़कों का निर्माण, गांव के कुआं पर रंग के साथ गांव की गलियों के पक्कीकरण, सोख्ता का निर्माण कार्य तेजी पर है। दलदलिया पोखरा से सटे आठ डिसमिल जमीन पर सामुदायिक भवन बनेगा। इसके लिए भूमि चयनित कर ली गई है। जिसका शिलान्यास सूबे के मुखिया नीतीश कुमार के द्वारा होने की संभावना है। दरूआबारी में हो रहे विकास कार्यों की चर्चा पुरे अनुमंडल में हो रही है। जिसे देखने के लिए आसपास के पंचायतों से प्रतिदिन दर्जनों ग्रामीण आ रहे हैं और आश्चर्यचकित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि काश मुख्यमंत्री हमारे पंचायतों में भी आते तो हमारे पंचायतों का भी कायाकल्प हो जाता।

संपादकीय

# फिर से चर्चा में आयी महिला न्यायमूर्ति नागरत्ना

नोटबंदी सही था या गलत, इस पर कानूनी बहस अब समाप्त हो चुकी है क्योंकि इस पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अपना फैसला सुना दिया है। इसके बाद भी इस एक फैसले ने उस न्यायिक बहस को जन्म दिया है, जिसकी गूंज आने वाले दिनों में भी सुनाई पड़ती रहेगी। संविधान पीठ ने यह फैसला चार-एक के बहुमत से सुनाया है। जस्टिस एस अब्दुल नजीर, बीआर गवई, एएस बोपन्ना और वी रामसुब्रमण्यम ने कहा है कि नोटबंदी की प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी नहीं है। सिर्फ जस्टिस बीवी नागरत्ना ने बहुमत से अलग राय देते हुए नोटबंदी के फैसले को गैरकानूनी करार दिया है। चिदंबरम ने कहा, हम खुश हैं कि अल्पमत के फैसले ने नोटबंदी की अमियमितताओं और अवैधता की ओर इंगित किया है। देश के पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा, एडीएम जबलपुर को याद करें जिन्होंने सरकार की आपातकालीन शक्तियों को बरकरार रखा था। जस्टिस खन्ना द्वारा एक असहमतिपूर्ण निर्णय दिया गया था जो अंततः आज सुप्रीम कोर्ट का बहुमत बन गया। इसी तरह अपने पिता के फैसले को ही जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने पलट दिया था।



चिदंबरम ने कहा इस असहमति से साफ है कि नोटबंदी के लिए निर्धारित उद्देश्यों को हासिल किया जा सका है। उन्होंने कहा, आप एक प्रक्रिया का पालन करते हैं, लेकिन लक्ष्य हासिल नहीं करते, लोगों को इतनी कठिनाई में क्यों डालते हैं। हम कानून के आगे झुक जाते हैं। अल्पमत के फैसले ने स्पष्ट किया है कि कोई परामर्श नहीं था। यह केंद्र सरकार का एकतरफा फैसला था। इसलिए अब देश का ध्यान सुप्रीम कोर्ट की उस महिला न्यायमूर्ति की तरफ खींच गया है जो पहले भी कई बार सरकार के खिलाफ आदेश पारित कर चुकी हैं। जस्टिस नागरत्ना के पिता ईएस वेंकटरमैया सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस रह चुके हैं। पिता ने ही नागरत्ना को वकालत के करियर में आने का सुझाव दिया था। इसके बाद नागरत्ना ने एलएलबी की पढ़ाई दिल्ली यूनिवर्सिटी से की थी। कानून के कई जानकारों का कहना है कि चार साल बाद जस्टिस नागरत्ना भारत की पहली महिला प्रधान न्यायाधीश बन सकती हैं। जस्टिस नागरत्ना 2008 में कर्नाटक हाईकोर्ट में बतौर एडिशनल जज आई थीं। 2009 जस्टिस नागरत्ना के करियर के सबसे कठिन सालों में से एक था। दरअसल, कर्नाटक हाईकोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश पीडी दिनाकरन पद के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और जमीन अधिग्रहण जैसे गंभीर आरोपों में घिर गए थे। जस्टिस दिनाकरन का विरोध करने के लिए वकीलों ने राज्यभर की अदालतों में सभी प्रोसीडिंग्स का विरोध किया। नाराज वकीलों ने जस्टिस दिनाकरन, जस्टिस नागरत्ना के साथ एक और जस्टिस को कमरे में बंद कर दिया। 18 अगस्त 2021 को सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने खाली पदों के लिए 9 जजों के नाम रेकमेंड किए। इनमें एक नाम जस्टिस बीवी नागरत्ना का भी था। 2018 में जस्टिस नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने श्री मूकाम्बिका मंदिर बनाम श्री रविराजा शेट्टी के केस की सुनवाई करते हुए अधिनियम 1972 का हवाला देकर कहा कि मंदिर बिजनेस की जगह नहीं हैं, इसलिए इसके कर्मचारी ग्रेच्युटी भुगतान के अधिकारी नहीं माने जा सकते हैं। 30 मई 2020 को कर्नाटक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अभय ओका और जस्टिस नागरत्ना ने एक फैसला सुनाया। अपने फैसले में जजों ने लॉकडाउन के बाद प्रवासी मजदूरों की खराब हालत को लेकर राज्य सरकार को फटकार लगाई। जजों ने 6 लाख से ज्यादा मजदूरों के लिए रहने, खाने और घर तक पहुंचाने की व्यवस्था करने का आदेश दिया था। साल 2021 में जस्टिस नागरत्ना की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन के एक सर्कुलर के खिलाफ अहम फैसला सुनाया था। दरअसल, सर्कुलर में कहा गया था कि एक कर्मचारी की दूसरी पत्नी या उसके बच्चे अनुकंपा नियुक्ति के पात्र नहीं हैं। उन्होंने कहा, इस दुनिया में कोई बच्चा बिना मां-बाप के पैदा नहीं होता। बच्चे के पैदा होने में खुद उसका कोई योगदान नहीं होता। इसलिए कानून को इस तथ्य को स्वीकार कर लेना चाहिए कि नाजायज मां-बाप हो सकते हैं, लेकिन नाजायज बच्चे नहीं। ये पहली दफा नहीं है जब जस्टिस नागरत्ना ने केंद्र के किसी फैसले को गलत ठहराया है। इससे पहले भी उनकी अध्यक्षता वाली पीठ ने 2017 में द टोबैको इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया बनाम यूनियन ऑफ इंडिया के केस पर फैसला सुनाते हुए केंद्र के उस फैसले को रद्द कर दिया था, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने तंबाकू उत्पाद की 85% पैकेजिंग को सचित्र स्वास्थ्य चेतावनी के साथ कवर करना अनिवार्य किया था। इस नियम को गैर-संवैधानिक बताते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट ने केंद्र के इस फैसले को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने कहा था- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के पास नियमों में इस तरह के संशोधन करने के अधिकार नहीं हैं।

# दृष्टिबाधितों के जीवन में रोशनी फैलाती ब्रेल लिपि

ज्ञान की दौलत सबसे बड़ी चीज है। हमारे देश में कितने ही ऐसे कारक रहे हैं, जिनके कारण बहुत से लोगों के लिए ज्ञान के दरवाजे बंद रहे हैं। उन दरवाजों को खोलने का संघर्ष भी बहुआयामी रहा है। सबको शिक्षा प्रदान करके ज्ञान आधारित समाज बनाने के लिए बहुत से लोगों ने अथक संघर्ष किया है। देश की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित कितनी ही शख्सियतें रही हैं, जिन्होंने ज्ञान के दरवाजे सबके लिए खोलने के लिए समाज को जगाया। दलित, महिला व आदिवासी सहित विभिन्न वर्गों के साथ ही एक वर्ग ऐसा रहा है, जिसके शिक्षा के अधिकार के लिए आज भी बहुत कम चर्चा होती है। वे हैं- किसी ना किसी प्रकार की अशक्तता झेल रहे लोग। उनमें भी दृष्टिबाधित लोगों की बात करें तो ज्यादा लंबा समय नहीं बीता, जब लोगों की धारणा थी कि दृष्टिहीन लोग कभी भी पढ?ना नहीं सीख पाएंगे। लोग सोचते थे कि सिर्फ आँखों से किताब पर लिखे अक्षरों को देख कर ही पढ़ा जा सकता है। लेकिन वैकल्पिक सोच लेकर सोचने और कार्य करने वाले लोग रास्ता ढूंढ़ लेते हैं। फ्रांस का एक लडका लुई ब्रेल अलग तरह से सोच रहा था। तीन वर्ष की अवस्था में दृष्टिहीन हो गया लुई भिन्न प्रकार से पढ़ा चाहता था। दृष्टिबाधा के कारण ज्ञान के बंद दरवाजों को उसने पहचान लिया था। उसने दृढ़ निश्चय कर लिया था कि वह केवल अपने लिए ही नहीं बल्कि प्रत्येक दृष्टिहीन के लिए बंद दरवाजे की चाबी को ढूंढ़ कर ही रहेगा। आज उसी लडके की कहानी आप के साथ सांझा कर रहा हूँ। इस कहानी की शुरूआत 19वीं सदी के आरम्भिक वर्षों में होती है। लुई ब्रेल का जन्म 4जनवरी 1809 को फ्रांस के छोटे से गाँव कुप्रे के गरीब परिवार में होता है। उसके पिता सिमोन ब्रेल घोड़ों के लिए काठी व जीन बनाने का काम करते थे। एक दिन जब वे अपने कार्यस्थल पर काम कर रहे थे। तीन वर्षीय लुई चमड़े में सुराख करने के औजार सूए से खेलने लगा और सूए की नोक अचानक लुई की दाईं आँख में चुभ गई। धीरे-धीरे लुई दोनों आँखों से पूरी तरह से दृष्टिहीन हो गया। दृष्टिहीन होने के कुछ दिन लुई के लिए बहुत मुश्किलों से भरे थे। लेकिन धीरे-धीरे लुई ब्रेल ने परिस्थितियों से अपने आप को ढ़ाल लिया और एक भिन्न प्रकार से सामान्य जीवन जीने लगा। वह अपने दोस्तों के साथ स्कूल जाने लगा। स्कूल में पढ़ाने वाले अध्यापकों ने लुई की दृष्टिबाधा की क्षतिपूर्ति करने के लिए उसे स्पर्श एवं श्रवण अनुभव प्रदान किए। बुद्धिमान व सृजनशील होने के कारण लुई पढ़ाई में आगे बढ़ता गया। लेकिन इसके बावजूद बाधाएं तो थीं। लेकिन परिजन जान चुके थे, कि लुई की पढ़ाई में दिलचस्पी है। उसे पेरिस में वेलेंटाईन हावे द्वारा दृष्टिहीन बच्चों के लिए चलाए जा रहे दुनिया के पहला अंध विद्यालय में भेज दिया गया। इस विद्यालय में हावे द्वारा छात्रों को अक्षरों की सामान्य आकृतियां किसी मोटे कागज पर उभार कर उन्हें उंगली के स्पर्श से पहचानना सिखाया जाता था। लेकिन यह विधि सीखने भर के लिए ही थी। दृष्टिहीनों के लिए शिक्षा का आधार तो रटंत विद्या ही थी। जब लुई कुछ बड़े हुए तो उसी स्कूल में उन्हें सहायक अध्यापक रख लिया गया। अपने छात्र जीवन में ही लुई ने यह अनुभव कर लिया था कि दृष्टिहीनों के लिए हावे की विधि बहुत उपयोगी नहीं है। एक नई लिपि के आविष्कार का सपना उनके मन में जन्म ले चुका था।



अरुण कुमार कैहरबा
स्तंभकार

संयोग से उन्हीं दिनों उनके विद्यालय में एक रात्रि लेखन विधि का प्रदर्शन हुआ। इस विधि के निमार्ता चार्ल्स बारबियर ने यह विधि सैनिकों के लिए विकसित की थी, जिससे वे अंधेरी रात में भी संदेश छूकर पढ़ सकें। उस व्याख्यान को सुनते ही लुई के सामने मानो एक संपूर्ण लिपि के निर्माण का मार्ग खुलता हुआ दिखाई देने लगा। लुई ने हावे तथा बारबियर की विधियों के सैद्धांतिक अंतर को समझ लिया था। लुई अपने स्कूल के हॉस्टल में रात में मोटे कागज पर बिंदुओं से अक्षर बनाते और दिन में अपने मित्रों से उन्हें पहचान करवाते। रात को सारा विद्यालय सोता और वे काम करते थे। दिन में रात के काम पर चर्चा होती तथा वाद-विवाद से जो त्रुटियां सामने आतीं, उन्हें फिर रात को सुधारने की कोशिश की जाती। इस विधि से लुई ने बहुत जल्दी फ्रांसीसी भाषा की वर्णमाला, विराम चिह्न, गणित आदि की व्यवस्था को पढ? -लिखने वाली लिपि विकसित कर ली। उन्होंने संगीत की स्वर लिपियों पर भी सालों तक योजनाबद्ध ढ़ंग से कार्य किया। इस तरह उन्होंने अपना काम सन 1825 तक पूरा कर लिया और ब्रेल लिपि की उनकी पहली पुस्तक वर्णमाला एवं विराम चिह्न आदि के विस्तृत विवरण के साथ सन 1829 में प्रकाशित हो गई। उन्होंने अपनी सोच को साकार करके दिखा दिया था कि आँखों की नजर नहीं होने के बावजूद पढ़ा और लिखा जा सकता है। दुनिया भर में ब्रेल लिपि के नाम से जानी जाने वाली यह स्पर्श लिपि छह बिंदुओं पर आधारित है। इसमें दो खड़ी रेखाएं हैं, जिनमें तीन-तीन बिंदु होते हैं। इन बिंदुओं के अलग-अलग संयोजन से 63 चिह्न बनाए जा सकते हैं, जिन्हें वर्णों, संख्या व विराम सहित विविध प्रकार के चिह्नों के लिए प्रयोग किया जाता है। कौन जानता था कि कभी लुई ब्रेल जैसा सामान्य और दृष्टिहीन व्यक्ति इतिहास पुरुष होगा। परंतु नई सोच-विचार और उसे अमल में लाने के लिए लगन व कड़ा परिश्रम से लुई ने वह कर दिखाया। जिस तीखे सूए से लुई दृष्टिहीन हो गया था, उसी सूए जैसे स्टाईलस को उसने कागज में पंच करके बिंदू उभारने के लिए इस्तेमाल किया। लुई ब्रेल के जीवन काल में ब्रेल लिपि का प्रचार पेरिस में तो हो गया था, पर उसे औपचारिक स्वीकृति तो उनके जीते जी उनके अपने विद्यालय में भी नहीं मिल सकी थी। हां, अनौपचारिक रूप से छात्रों को ब्रेल लिपि में लिखने-पढ? की इजाजत दे दी गई थी। इतिहास एवं व्याकरण की कुछ पुस्तकें भी ब्रेल लिपि में प्रकाशित करा दी गई थीं। जड़ता को टूटने में समय लगता है। भविष्य में उस लिपि को उन्हीं की याद में ब्रेल लिपि के नाम से ना केवल मान्यता मिली, बल्कि दुनिया की सभी भाषाओं के चिन्हों का मानकीकरण किया गया। 6 जनवरी, 1852 को सूर्यास्त के समय लुई का निधन हो गया, लेकिन उसने पूरे दृष्टिहीन समाज के लिए एक ऐसा दीप जलाया था, जो उन्हें हमेशा जीवन के अंधकार से निकालकर प्रकाश की दुनिया में लाता रहेगा। लुई ब्रेल के जन्मदिन को पूरी दुनिया में ब्रेल दिवस के रूप में मनाया जाता है और लुई ब्रेल को श्रद्धांजलि दी जाती है।

# विश्वसनीयता के गुण ही लोकप्रिय बना दिया

जीवन दर्शन

घनश्याम दास बिड़ला मैट्रिक पास करने के बाद मुम्बई आये, जहां उनके परिवार की सोने-चांदी की दुकान थी।

अभिभावक यही सोचते थे कि घनश्याम अपना खानदानी धन्धा सँभालेंगे, लेकिन उनकी रूचि कुछ अलग तरह के काम में थी तभी उन्होंने देखा कि कोलकाता से जूट मुम्बई में भेजा जाता है, जिसे व्यापारी यहाँ के बाजार में बेचते हैं। उन्होंने कोलकाता के व्यापारी से सम्पर्क किया। व्यापारी ने इनके द्वारा भेजे कुछ रूपयों के एवज में पूरा सामान भेज दिया। एक सप्ताह बीत गया। व्यापारी को पैसा नहीं गया। वह घबराने लगा। इधर घनश्याम दास ने देखा जूट का दाम बढ़ने वाला है।



उन्होंने माल नहीं बेचा। कुछ दिन प्रतीक्षा करने की सोची। तब तक कोलकाता के व्यापारी से सूचना आयी कि पैसा भेज दें। घनश्याम दास के पास पैसा आया नहीं था। फिर भी दूसरे से कर्ज लेकर भेज दिया। जब व्यापारी को यह ज्ञात हुआ कि माल अभी तक बिका नहीं, फिर भी घनश्याम दास ने पैसा भेज दिया, वह अभिभूत हो गया। अब क्या कहना था? मात्र घनश्याम आदेश देते और सामान हाजिर। विश्वसनीयता से ही हमारा जीवन अपने मंजिल की ओर अग्रसर है जिसे किसी भी काम कोई बाधा नहीं होती है। विश्वास से ही हमारा रिश्ता अडिग है। घनश्याम की विश्वसनीयता के गुण ने उन्हें लोकप्रिय बना दिया। धन्य थी उनकी संकल्प-शक्ति।

साहित्य

# भारतीय संस्कृति का मूल उसकी वैदिक एवं रचनात्मक क्षमता

भारतीय संस्कृति का मूल उसकी वैदिक एवं रचनात्मक क्षमता है। इस संस्कृति की समरसता अद्भुत है। किसी भी राष्ट्र या समाज के भविष्य का निर्माण उसके अतीत के जुड़ा रहता है। चुंकि भारतीय संस्कृति की नींव अध्यात्म रहा है, अतः अतीत सदैव गौरवशाली होने के कारण भविष्य प्रकाशमय हीं होगा। प्रगतिशीलता के इतिहास में हर सफल समाज में तीन विशेषताएं अनिवार्य रूप से पाई जाती हैं। सदविवेक सत्साहस और स्वावलंबन साधन को शक्ति देने के लिए उसमें सामूहिकता का समावेश अत्यधिक महत्वपूर्ण है। सामूहिक कार्य का प्रभाव, प्रकाश, प्रोत्साहन एवं अनुकरण की उमंगे प्रदान करता है। संसार में समस्त दुखों के तीन मुख्य कारण है अज्ञानता आसक्ति एवं अभाव यह कारण किसी भी राष्ट्र एवं समाज के प्रगति की बाधाएं मानी जाती हैं। परंतु हजारों वर्ष पूर्व से ही हमारी संस्कृति ने ज्ञान एवं कर्म के द्वारा विश्व को हमेशा से मार्गदर्शन दिया है। विगत कुछ वर्षों से विश्व जिस विषम परिस्थितियों से जूझ रहा है। जैसे- महामारी, युद्ध, अर्थव्यवस्था आदि, उसका निदान हमारे शास्त्रों में इंगित है। बहुत ही सरल एवं सहज भाव से अगर गीता, रामायण का पाठ सामूहिक रूप से किया जाए तो उसका नाम पारायण हो जाता है। जिसका प्रभाव सिर्फ व्यक्ति विशेष पर ही नहीं वरन समस्त वातावरण पर पड़ता है। सामूहिक मनुष्य की मानसिक धाराएँ जब एक दिशा में प्रवाहित होती है तो प्राकृतिक जगत में ही नहीं बल्कि मानव के सूक्ष्म जगत में तरंगे उत्पन्न होती है। जिसका प्रभाव ब्रह्मांड में व्याप्त कुसंस्कारों का शमन करती है। यह वर्ष पुरुषार्थ का वर्ष है, इस वर्ष को संकल्प, साहस, उत्साह, आस्था, उमंग एवं सृजनात्मक अन्तः क्षमताओं द्वारा सजाना चाहिए। हमारे संपूर्ण शास्त्रों में वेद उपनिषद पुराण एवम गुरूग्रंथों में अनेक शिक्षाएं अपने-अपने ढंग से दी गई है। इन शिक्षाओ के साथ आत्मसात करना, व्यवहारिक सहयोग देना, पथ प्रदर्शन करना ताकि हम सभी मिलकर विश्व गुरु होने की ओर कदम बढ़ाएं।



डॉ परिणिता सिंह
स्तंभकार

**सामूहिक कार्य का प्रभाव, प्रकाश, प्रोत्साहन एवं अनुकरण की उमंगे प्रदान करता है। संसार में समस्त दुखों के तीन मुख्य कारण है अज्ञानता आसक्ति एवं अभाव यह कारण किसी भी राष्ट्र एवं समाज के प्रगति की बाधाएं मानी जाती हैं।**



जानकारी

# घूमने के लिए बहुत ही अच्छी जगह



**देवघर:** देवघर धार्मिक स्थल के तौर पर मशहूर है। बाबा बैद्यनाथ, जो भारत के 12 ज्योतिलिंगों में से एक है। इसके दर्शन आप यहां आकर कर सकते हैं। इसके अलावा यहां त्रिकूट हील्स, शिवगंगा, सतसंग आश्रम, कुंडेश्वरी आदि जगहों को आप देख सकते हैं।

**पलामू:** भारत के झारखंड प्रान्त में स्थित पलामू जिसे पहले डाल्टनगंज के नाम से भी पुकारते थे लेकिन लंबे समय तक चले आंदोलन के बाद मेदनीनगर के नाम से पुकारा गया इस आन्दोलन में लेकिन , बैद्यनाछ साहू, युगलकिशोर सिंह,आनंदमार्ग के लक्ष्मण सिंह, विश्वनाथ सिंह जैसे लोगों का बहुत बड़ा योगदान है यह देश के सुरम्य गंतव्य का अनुभव कराने वाला एक अच्छा पर्यटन स्थल है यहां का वन्यजीव अभयारण्य और एक राष्ट्रीय उद्यान प्रकृति प्रेमियों, ट्रेकर्स और वन्यजीव प्रेमियों को एक शानदार अनुभव प्रदान कराता है वन्यजीव अभयारण्य, बेतला राष्ट्रीय उद्यान, नदी कोएल, पलामू किला, ऊपरी घाघरी झरने, निचले घाघरी जल प्रपात, और लोध जलप्रपात यहां के प्रमुख आकर्षण है। .....जारी

# एयरटेल 5G प्लस नेटवर्क का अनुभव मिलेगा




भारत मे 5ऋको 1 अक्टूबर 2022 को लॉन्च किया गया है। इसके साथ ही कई टेलीकॉम कंपनी Reliance jio और Airtel ने भी अपनी 5G सर्विस को शुरू किया है। बता दें कि एयरटेल ने अपनी 5G प्लस सर्विस को दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बंगलुरु, हैदराबाद, सिलिगुड़ी, नागपुर, पानीपत, गुरुग्राम, गुवाहाटी, पटना और पुणे जैसे शहरों में शुरू कर दिया गया है। कंपनी मार्च 2024 तक पूरे देश में 5G सेवा शुरू कर देगी। टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने मंगलवार यानी 3 जनवरी को इंदौर में अपनी 5G सेवा शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 5G सक्षम डिवाइस वाले कस्टमर्स को बिना किसी अतिरिक्त लागत के हाई स्पीड वाले एयरटेल 5G प्लस नेटवर्क का अनुभव मिलेगा, जब तक कि रोलआउट पूरे भारत में नहीं हो जाता। अब विजय नगर, रसोमा चौक, बॉम्बे हॉस्पिटल स्क्वायर, रेडिसन स्क्वायर, खजराना क्षेत्र, सदर बाजार, गीता भवन, पंचशील नगर, अभिनंदन नगर, पत्रकार कॉलोनी, यशवंत रोड, फीनिक्स सिटाडेल मॉल और कुछ अन्य चुनिंदा लोकेशन पर 5G सर्विस मिलेगी। आने वाले समय में यह सुविधा पूरे शहर में अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएगा। Airtel 5G Plus सेवा टेलीकॉम कंपनी की उन सेवाओं में से हैं, जो पूरे पोर्टफोलियो को बढ़ावा देगी। कंपनी ने जानकारी दी है कि एयरटेल के कस्टमर्स अब अल्ट्राफास्ट नेटवर्क का अनुभव कर सकते हैं और मौजूदा 4G स्पीड की तुलना में 20-30 गुना तेज स्पीड का आनंद ले सकते हैं।

साइबर दुनिया

## टॉप ट्वीट

भारत 25 वर्षो में जिस ऊंचाइयों पर पर होगा उसमें भारतीय वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वैज्ञानिक देश को उन ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा जिसका देश हकदार रहा है, यह मेरा विश्वास है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री





अनुपम खेर ने विवेक अग्निहोत्री की सुपरहिट फिल्म द कश्मीर फाइल्स में काम किया था। अब अनुपम खेर ,विवेक अग्निहोत्री के साथ फिर से काम करने जा रहे है।अनुपम खेर ने अपनी 534वीं के रूप में द वैक्सीन वॉर की घोषणा कर दी है।

**अनुपम खेर**
बॉलीवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

# देश मे कई राज्यो में कड़ाके की सर्दी,फुटपाथ पर रात काटना दूभर

यूपी, हरियाणा,बिहार ,राजस्थान और पंजाब में शीत लहर के कारण के जनजीवन प्रभावित हो रहा है ।शीतलहर के कारण हिमाचल प्रदेश आदि कई राज्यो में घना कोहरा से जीवन प्रभावित हो रहा है ।यूपी में कड़ाके की सर्दी के कारण स्कुलो की छुट्टियां भी बढ़ गई है ।लोग देर तक घरों से बाहर नही निकलते है ।घर पर अलाव ताप कर रात काटने के लिए मजबूर है ।कई क्षेत्रो में कुएं के पानी और छत पर टँकी के पानी मे बर्फ जमने के समाचार है ।लोग घर से बाहर निकलना पसंद नही करते है ।कोहरा छाया होने के कारण उड़ाने रद्द की गई है ।नदियां के तट पर रहने वाले लोगो के लिए शीतलहर परेशानी बढ़ा रही है ।आगामी दिनों में तेज हवा और शीतलहर के कारण सर्दी बढ़ने की संभावना है ।घरो में दुबके बैठने वाले के लिए कम ज्यादा सुविधाएं है ।घरों में सर्दी को देखते हुए हर तरह की व्यवस्था है ।लेकिन जिनके पास घर नही है ।उनके लिए सरकार ने रेन बसेरो की सुविधाएं उपलब्ध कराई है ।जिनके कारण लोग रैन बसेरा में रात काटते है ।जिन राज्यो में इस तरह की सुविधा नही है । उनके लिए सरकार व्यवस्था उपलब्ध कराए ।राज्य में शहरी क्षेत्रों में ओढ़ने और बिछाने के लिए कोई साधन नही होता है ।उनकी राते बोझिल बन जाती है ।शीतलहर के कारण जनजीवन पर बुरा असर है ।लेकिन सरकार की पहली प्राथमिकता है कि सरकार इन मजबूर और फुटपाथ पर जीवन यापन करने वालों के लिए सर्दी में व्यवस्था कर दी जाए ।कई बार रैन बसेरा में फुटकर सामान रख दिया जाता है ।गरीब लोगो को बाहर रात काटनी पड़ती है ।र ।जस्थान शीतलहर की चपेट में है ।लोगो को दिन में भी ठंडी का अहसास होता है ।जिनकी कोई व्यवस्था नही है ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### नगर निगम में कार्यरत्त सभी श्रेणी के कर्मियों को यूनिफॉर्म दिया जाएगा : गरिमादेवी

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया नगर निगम के सवा सौ से अधिक स्थायी व संविदा कर्मियों को दो दो सेट यूनिफॉर्म मिलेगा। इसके लिए निगम ने मंगलवार को कर्मियों के यूनिफॉर्म पैमाइस कार्य किया जा रहा है, जिसका निरीक्षण नगर निगम की मेयर गरिमा देवी सिकारिया ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर परिषद के पूर्ववर्ती कार्यकाल में उन्होंने सभी स्थायी व संविदा कर्मियों को दो दो सेट यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था, लेकिन दो वर्ष से अधिक होने के बाद यह कार्य पूरा होने से प्रसन्नता है और सभी नगर निगम कर्मी प्रसन्नता के वाहक है। नगर निगम में कार्यरत्त सभी श्रेणी के कर्मियों को यूनिफॉर्म मिलना उत्कृष्ट कार्य है।

# वीटीआर मे बढ़ेगा तीन सौ हेक्टेयर और ग्रासलैंड का दायरा

## वीटीआर के दोनो प्रमंडलों मे 1400 हेक्टेयर मे पहले से बना है ग्रासलैंड

**शिवा तिवारी**



**बगहा :** वीटीआर के जंगल मे शाकाहारी जानवरों के भोजन के लिए ग्रासलैंड का दायरा बढ़ाया जायेगा।वीटीआर प्रशासन ने वनक्षेत्रों मे नये ग्रासलैंड बनाने व पुराने ग्रासलैंड को साफ सफाई और कटाई छटाई कर नये किस्म के घास उगाने और लगाने का काम शुरू कर दिया है।ग्रासलैंड का दायरा बढ़ाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार के वन मंत्रालय ने वीटीआर प्रशासन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वन प्रमंडल एक व दो के वनक्षेत्रों मे 300 हेक्टेयर मे नया ग्रासलैंड बनेगा।पहले से भी वीटीआर के दोनो वन प्रमंडलों मे 1400 हेक्टेयर मे ग्रासलैंड हैं।इस संबंध मे वीटीआर के वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक डाक्टर नेशामणी के० ने बताया कि वीटीआर के दोनों वन प्रमंडल के वनक्षेत्रों मे पुराने ग्रासलैंड की सफाई, कटाई - छटाई हो रही है जहाँ नये घास उगेंगे। शाकाहारी जानवरों की भोजन भरपूर मात्रा में उपलब्ध होगी। वीटीआर के वनक्षेत्रों मे शाकाहारी जानवरों के भोजन के लिए पहले से भी 1400 हेक्टेयर मे ग्रासलैंड बनाया गया है। इन दिनों शाकाहारी जानवरों की संख्या मे वृद्धि को देखते हुए 300 हेक्टेयर मे और ग्रासलैंड का दायरा बढ़ाया जा रहा है। जहाँ अच्छे किस्म के घास लगाया जा रहा है। निदेशक ने बताया कि अगर जरूरत पड़ी तो और भी ग्रासलैंड का दायरा को बढ़ाया जायेगा।

निदेशक डाक्टर नेशामणी के० ने बताया कि वनक्षेत्रों मे अधिक से अधिक ग्रासलैंड होने से शाकाहारी व मांसाहारी जानवरों को रिहायशी इलाकों की ओर जाने से निजात मिलेगा। उन्होंने बताया कि भोजन के लिए शाकाहारी जानवरों के पीछे बाघ, तेंदुआ आदि हिंसक जानवर भटक कर रिहायशी इलाकों की ओर चले जाते हैं। इसलिए सरकार व वन प्रशासन की योजना है कि जानवरों के अधिवास क्षेत्र जंगल मे ही ग्रासलैंड का विस्तार होगा।

वाल्मीकि टाईगर रिजर्व के जंगल से रिहायशी इलाकों के सरेहों और गांव के क्षेत्र खुला होने से पहले से भी सैकड़ों की संख्या मे जानवर रिहायशी इलाकों में डेरा डाल चुके हैं। हिरण, चीतल, सांभर, नीलगाय आदि शाकाहारी जानवर जंगल से भटक कर रिहायशी इलाकों जाकर लोगों के लिए परेशानी का सबब बन जा रहे हैं लोगों के फसलों का क्षति पहुंचा चुका है।

निदेशक ने बताया कि नये सिरे मे शाकाहारी जानवरों के भोजन के लिए दुबा, मुज, मोथा, रारी, पटेर, माईकेनिया आदि घास लगाये जा रहे हैं।

# बरियारपुर में हुए लूट कांड का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया खुलासा

### पुलिस ने लूटपाट में शामिल तीन आरोपी व मां तारा ज्वेलर्स के मालिक को किया गिरफ्तार

**राष्ट्रीय खबर**

**मुंगेर :** अपराधियों के पास से पिस्टल, कारतूस, बाइक व लूटी गई सोने की चेन व नगद राशि हुआ बरामद। मुंगेर सदर एसडीपीओ प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बरियारपुर के मेडिकल हॉल में हुए लूट की घटना का 24 घंटे के अंदर खुलासा किया। एसडीपीओ राजेश कुमार ने पत्रकारों को बताया कि 2 जनवरी को दूरभाष के माध्यम से बरियारपुर थाना अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार को शाम 4:00 बजे सूचना मिली कि खुशबू मेडिकल हॉल नया छावनी बरियारपुर में मोटरसाइकिल पर सवार आए अपराधियों लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। लूट की घटना को अंजाम देने के क्रम में दवाई लेने के बहाने खुशबू मेडिकल हॉल में अपराधी प्रवेश किए और दुकानदार ज्योतिन प्रकाश रवि उर्फ मोनू के सिर पर हथियार सटा कर गले में पहने सोने की चेन छीनकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर एन एच 80 होकर सुल्तानगंज की ओर भाग गए। सूचना मिलते ही बरियारपुर थाना सक्रियता पूर्वक अनुसंधान प्रारंभ किया। तकनीकी विश्लेषण एवं दुकान में उपलब्ध फुटेज तथा प्राप्त आसूचना के आधार पर अपराधियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान लूट की घटना को अंजाम देने वाला गांधीपुर निवासी योगेंद्र सिंह के पुत्र उज्जवल सिंह को गिरफ्तार किया गया। उज्जवल सिंह के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर घटना के दौरान लूट की गई सोने की चेन को मां तारा ज्वेलर सुल्तानगंज से बरामद किया गया ।वही लूट में शामिल दो अपराधी मीरगंज निवासी जिला खगरिया के सागर मंडल के पुत्र आकाश कुमार वर्तमान ननिहाल बरेल वासा परिया, बरियारपुर व हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के बरकी हथिया निवासी सुमन कुमार के पुत्र रितेश कुमार वर्तमान ननिहाल बरेलवासा परिया स्थित फिलिप हाई स्कूल को गिरफ्तार किया गया।

# लक्षित पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें: प्रभारी डीएम

### प्रभारी डीएम ने खुरपकां एवं मुंहपका रोग से बचाव को निःशुल्क टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया

### 615450 पशुओं को खुरपकां एवं मुंहपका रोग से बचाव का टीका

### 23 मैत्री कर्मियों के बीच किया गया कृत्रिम गभार्धान किट का वितरण

**अवधेश कुमार शर्मा**



**बेतिया :** पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, पशुपालन निदेशालय के निर्देश के आलोक में जिला के 615450 पशुओं को खुरपकां एवं मुंहपका रोग से बचाव हेतु टीका से आच्छादित किया जाना है। इससे जहां एक ओर पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा पशुपालकों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में पिंजरा पोल गौशाला के प्रांगण में खुरपकां एवं मुंहपका रोग के विरूद्ध निःशुल्क टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर विधिवत उद्घाटन प्रभारी जिला पदाधिकारी अनिल कुमार ने किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी, डॉ अखिलेश कुमार सिंह सहित अन्य पदा एलधिकारी, मैत्री कर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभारी जिला पदाधिकारी अनील कुमार ने कहा कि जिला के शत-प्रतिशत लक्षित पशुओं को खुरपकां एवं मुंहपका रोग से बचाव को टीकाकरण से आच्छादित किया जाय। उन्होंने पशुपालन विभाग द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की सराहना की तथा कहा कि पशुपालकों को पशुपालन विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जाय।

उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग की टीम क्षेत्र भ्रमण करें तथा आवश्यकतानुसार पशुओं को टीका, उनका उपचार तथा अन्य कार्यों को ससमय निष्पादित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि पशुपालकों के हितों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाय ताकि अधिक से अधिक पशुपालकों को लाभान्वित किया जा सके।

इस अवसर पर प्रभारी डीएम कुल-23 प्रशिक्षित मैत्री कर्मियों के बीच कृत्रिम गभार्धान किट का वितरण किया गया। मैत्री कर्मी अपने-अपने संबंधित पंचायत में कृत्रिम गभार्धान कार्य के साथ पशुपालन से संबंधित प्राथमिक उपचार एवं बंध्याकरण एवं टीकाकरण का कार्य करेंगे। कृत्रिम गभार्धान किट में आवश्यक उपकरण, कृत्रिम गभार्धान गन, तरल नेत्रजन, कन्टेनर, वनस्ट्रेटर (बड़ा एवं छोटा), बुट, थमार्मीटर, एप्रेन रखा गया है।

# जातिगत गणना के लिए प्रशिक्षण का दूसरा दिन 9 पंचायत के प्रगणक को मिला प्रशिक्षण

**राष्ट्रीय खबर**



**बेतिया :** बिहार जाति आधारित गणना 2022 का दूसरे दिन दिनांक 03 जनवरी 2023 को प्लस टू उच्च विद्यालय नरकटियागंज में चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी नरकटियागंज सतीश कुमार ने बताया कि प्रखंड के 9 पंचायतों के कुल 256 प्रगणकों और 45 पर्यवेक्षको का प्रशिक्षण 14 फील्ड मास्टर ट्रेनर दे रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सभी प्रशिक्षु प्रगणक पूरे मनोयोग से अपनी शंकाओं को दूर कर लेंगे जिससे क्षेत्र में काम करने के दौरान कोई समस्या नहीं हो। मंगलवार के प्रशिक्षण कार्यक्रम में धुमनगर, शिकारपुर, कुंडीलपुर, कुकुरा, केसरिया, नौतनवा, रखही चंपापुर, भसुरारी , राजपुर तुमकड़िया पंचायत के प्रगणक और पर्यवेक्षक उपस्थित हुए। कुल 6 प्रगणक 1 पर्यवेक्षक अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित कर्मियों से कारण पृच्छा की जाएगी, तदुपरांत कार्रवाई की जायेगी। दिनांक 04 जनवरी 2023 को शेष 9 पंचायतों का प्रशिक्षण होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मकान सूचीकरण पर विस्तृत जानकारी दी गई। सूचिकरण के क्रम में कोई घर छूटे नहीं और किसी घर की गिनती दुबारा नहीं हो इस पर विशेष ध्यान देंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चार्ज पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नरकटियागंज के साथ शिक्षक संघ के मो नेजामुद्दीन, +2 उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक रघुवर शरण, शिक्षक डॉ अरविंद तिवारी, लोकेश पाठक, फील्ड मास्टर ट्रेनर अशोक कुमार, मनोज श्रीवास्तव, प्रकाश कुमार गुप्ता, बीरेंद्र कुमार सिंह, कुमार वतन, सुनील चौबे, राजीव द्विवेदी, विनय मिश्रा, इफ्तेखार अहमद, रंजन ठाकुर, मनोज कुमार, आलोक कुमार, मदन गुप्ता कार्यपालक सहायक मुकेश कुमार, मो सलीम, संजय गुप्ता, परिचारी विजय कुमार, सेनि सुकुल प्रसाद उपस्थित रहे।

# भाकपा द्वारा आयोजित संकल्प सह श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न

**राष्ट्रीय खबर**



**बेतिया :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य जवाहर प्रसाद की स्मृति में बेतिया राज ड्योढी परिसर में उनके निवास स्थान पर भाकपा पश्चिम चम्पारण ने श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन किया। जिसमें सर्वप्रथम दो मिनट का शोक व्यक्त करते हुए जवाहर प्रसाद के तस्वीर पर फूल माला अर्पित किया गया। तत्पश्चात भाकपा के राज्य नेता अहमद अली की अध्यक्षता में संकल्प सह श्रद्धांजलि सभा प्रारंभ हुई । उपर्युक्त श्रद्धांजलि सभा में उनके व्यक्तित्व एवं समाज के लिए किए गये कार्यो को याद करते हुए, उनके अधूरे सपने को पूरा करने का संकल्प लिया गया। जवाहर प्रसाद मात्र 59 बर्ष की अवस्था में ही दुनिया से विदा हो गये। जवाहर प्रसाद मूल रूप से नरकटियागंज प्रखण्ड के डी के शिकारपुर के निवासी रहे, लेकिन विधार्थी जीवन से ही जिला के प्रख्यात कम्युनिस्ट नेता एवं शिक्षक बलिराम प्रसाद के शिष्य बने और राजनीति जीवन की शुरूआत साठी से किया। बेतिया मुख्यालय से जीवन पर्यन्त भाकपा एवं समाज की सेवा करते रहे। जवाहर प्रसाद बेतिया सिविल कोर्ट के अधिवक्ता के साथ साथ एस 9 टीवी चैनल के प्रधान संपादक भी रहे। वर्ष 2002 में उन्होंने ब्रदर हेल्थ केयर संस्था की स्थापना कर असहाय, गरीब लोगों की सेवा करते रहे। बेतिया में उजाड़ अभियान जल जमाव एवं अन्य सवालों पर मुखर होकर संघर्ष करते रहे, असामयिक उनका चला जाना बेतिया के लिए एक अपूरणीय सामाजिक क्षति है। जवाहर प्रसाद समाज में मिल्लत एवं एकता के साथ साथ सदभाव के लिए भी संघर्ष करते रहे। जवाहर प्रसाद को श्रद्धांजलि देने वालों में भाकपा के राज्य नेता रामबाबू कुमार, राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं कालेज टीचर यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव अरुण कुमार सिंह, विधायक बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, पूर्व आई ए एस गुलरेज होदा, सीपीआईएम नेता शंकर राव, गुलाब मेमोरियल कालेज के प्राचार्य सामून खा, एनसीपी नेता परवेज आलम, किसान नेता अशोक मिश्र, राधामोहन यादव, एटक नेता लालबाबु राम, खेत मजदूर नेता सुबोध मुखिया, एआईवाईएफ नेता तारिक अनवर, छात्र नेत्री लक्की, महिला नेत्री गायत्री, कलावती, भाकपा नेता बब्लू दूबे, हरिशंकर साह, चन्द्रीका प्रसाद, कृष्ण नन्दन सिंह, गंगा वर्मा, योगेन्द्र शर्मा, चंदन राव, माले नेता फरहान रजा, हरेन्द्र दूबे, तारकेश्वर सहनी, लछुमन राम, रामचंद्र सहनी, ध्रुव नाथ तिवारी, ज्वाला कान्त द्विवेदी, साफेसर, सफिउल्लाह, संतोष साह, केदार चौधरी एटक नेता रामाश्रय हजरा, निर्मला, बेतिया अंचल सचिव संजय सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। बेतिया में आयोजित संकल्प सह श्रद्धांजलि सभा का संचालन भाकपा जिला सचिव ओम प्रकाश क्रांति ने किया।

# करांटे में पश्चिम चम्पारण के खिलाड़ियों का चालसा पश्चिम बंगाल में धमाल

**राष्ट्रीय खबर**



**बेतिया :** ग्लोबल हिन्दू फेडरेशन के सेल्फ डिफेन्स कराटे प्रतियोगिता में पश्चिम चम्पारण के खिलाड़ियों का चालसा पश्चिम बंगाल में धमाल रहा। उनके बेतिया लौटने पर रविवार को उनका भव्य स्वागत नगर निगम की उपमेयर प्रतिनिधि रमण गुप्ता ने किया। उसके बाद मंगलवार को ने चालसा वेस्ट बंगाल में मचाया तहलका मचाने वाले कराटे खिलाड़ियों का स्वागत निगम की मेयर गरिमादेवी सिकारिया ने किया।

उल्लेखनीय है कि 33 वें राष्ट्रीय शीतकालीन शिविर आशिहारा कराटे फेडरेशन इण्डिया ने पश्चिम बंगाल के चालसा में अयोजित किया। जिसमें बिहार व अन्य राज्यों के 869 कराटे खिलाड़ियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उपर्युक्त कराटे चैंपियनशिप कार्यक्रम 26 दिसम्बर से 1 जनवरी 2023 तक संचालित हुआ। जिसमें पश्चिम चम्पारण के 7 खिलाड़ियों ने सहभागिता निभाया, जिसमें सागर कुमार. सत्यम राज, टिंकु कुमार, राजीव कुमार, चाँदनी कुमारी, करुणा कुमारी ने अपने भार वर्ग में अन्य राज्य के खिलाड़ियों को पराजित किया। उन्होंने बेस्ट फाइटर अवार्ड अपने नाम कर बेतिया पश्चिम चम्पारण एवं बिहार का गौरव बढ़ाया। उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त सभी खिलाड़ी संत कबीर पब्लिक स्कुल बेतिया के छात्र हैं। उनकी गरिमामयी उपलब्धि पर बेतिया नगर निगम की मेयर गरिमादेवी सिकारिया ने आवास पर सभी विजेता कराटे खिलाड़ियों एवं उनके कोच सेन्सई अनील साहनी, टीम मैनेजर चंदन कुमार संत कबीर पब्लिक स्कुल सस्थापक मनीष यादव, प्रधानाचार्य अखिलेश राव, अमित कुमार, विवेक कुमार, जे. पी एवं महिला शिक्षक नितिका कुमारी, ट्विंकल कुमारी, निधि कुमारी, प्रतिभा कुमारी, पुष्पा कुमारी, नीतू कुमारी एवं सस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र बैरवार दीप नारायण रघुवंशम को जीत की बधाई दी। गरिमादेवी सिकारिया ने बताया की सभी माता-पिता व अभिभावक अपनी संतान पुत्र पुत्री को कराटे अवश्य सिखाएं। इस भाग दौड़ भरी जिन्दगी में शारिरीक एवं मानसिक रुप से स्वस्थ रहें और अपराधिक प्रवृत्ति लोगों सें अपना सुरक्षा भी कर सके और खेल प्रतियोगिता में अपने माता पिता एवं गुरुजनो, चम्पारण एवं बिहार का मान बढ़ाएं।

# छितौनी-तमकुही परियोजना पर रास सांसद की पहल, रेलराज्य मंत्री करेंगे डीआरएम से बात

## बगहा विधायक ने कहा बाल्मीकि नगर लोकसभा भाजपा उर्वरा शक्ति प्रदान करता है

**राष्ट्रीय खबर**



**मधुबनी :** प्रखंड के धनहा पंचायत अवस्थित हरेंद्र किशोर राव के आवास पर बाल्मीकि नगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं की कोर कमेटी के सदस्यों के साथ माननीय रेल राज्यमंत्री रावसाहेब पाटील दानवे ने बैठक की। कोर कमेटी के बैठक में 2024 और 2025 लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, एवं कोर कमेटी के सदस्यों से बारी-बारी से क्षेत्र की समस्याओं से माननीय मंत्री अवगत हुए। माननीय मंत्री ने बैठक में कार्यकताओं को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मैं वर्षों से इस पार्टी की सेवा कर रहा हूं ,मैं महाराष्ट्र के एक छोटे गांव से आता हूं, जहा की आबादी आज के परिवेश में भी 1000 है। बैठक में उपस्थित का कोर कमिटी के सदस्यों को संबोधित करते हुए माननीय रेल राज्य मंत्री ने कहा कि 2024 के लोकसभा हर हालत में जीतना है। जिसके लिए केंद्र सरकार के द्वारा जिस लोकसभा में अपना सांसद नहीं है, उसमें केंद्र से एक मंत्री को भेजा गया है। हर एक मंत्री को 4 लोकसभा क्षेत्र देखना है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश आज आगे बढ़ रहा है। मोदी जी के नेतृत्व का लोहा आज विश्व के शीर्ष नेतृत्व मानते हैं। कोविड-19 के समय मोदी जी ने मुफ्त का गेहूं और चावल लोगों को उपलब्ध कराया तथा मुक्त टीकाकरण करवाया गया। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री हो तो माननीय मोदी जी जैसा हो ।बैठक में माननीय राज्यसभा सांसद सतीश दुबे ने गंडक पर के बहु प्रशिक्षित छितौनी- तमकुही रेल परियोजना एवं बकाये भूअर्जन के संबंध में माननीय मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि डीआरएम बनारस से बातचीत होगी। वही बैठक को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद ने कहा कि चंपारण की धरती से ही गांधी जी ने आजादी का बिगुल फूंका था यह धरती चाणक्य और चंद्रगुप्त जैसे लोगों की है। भाजपा गरीब एवं किसानों के लिए कार्य करती है। वहीं उन्होंने कहा कि माननीय मंत्री के आ जाने से रेल परियोजना शुरू हो जाती है। तो यहां के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा। वहीं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बागहा विधायक राम सिंह ने कहा कि चंपारण की धरती भाजपा के लिए ऊर्जा शक्ति प्रदान करने वाली धरती है। ऊजार्वान कार्यकताओं के बदौलत ही आज इस लोकसभा में बीजेपी सबसे बेहतर पार्टी बनी हुई है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र श्रीवास्तव, महामंत्री अचित्य कुमार लल्ला, संयोजक ओम निधि वत्स, बी पी सिंह यादव, ब्रजराज जी, चंद्र भूषण सिंह, रविंदर यादव, उमेश सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष कृष्णा कुशवाहा, पन्नालाल सहित बाल्मीकि नगर विधानसभा के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मोटरसाइकिल से गिरने से एक व्यक्ति हुआ बुरी तरह घायल



**राष्ट्रीय खबर**

**मुंगेर :** जिले के संग्रामपुर प्रखंड अंतर्गत संग्रामपुर तारापुर मुख्य मार्ग पर मौजमा में पुल के समीप सड़क दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल चालक बुरी तरह घायल हो गया स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी सूचना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर को दिया गया। वहां पर एंबुलेंस मंगवाया गया जब तक एंबुलेंस आया तब तक पुलिस की गाड़ी पहुंच गई। पुलिस एवं ग्रामीणों के सहयोग से एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया गया। वहीं दुर्घटना में घायल मोटरसाइकिल चालक हरपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी विष्णुदेव पासवान का पुत्र गोरेलाल पासवान बताया गया जो कि एमपीएस स्कूल ढाका मोर बांका में कार्यरत है। सोमवार की संध्या वह मोटरसाइकिल लेकर संग्रामपुर की ओर से अपने गांव शाहपुर जा रहे थे जहां पर कि कोहरे के कारण उसकी मोटरसाइकिल ठेले से टकरा गई जिसके कारण वह मोटरसाइकिल से गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। वही डॉक्टर गौतम ने बताया कि इससे प्राथमिक उपचार कर दिया गया है बेहतर इलाज के लिए इसे मायागंज भागलपुर रेफर किया जा रहा है।

**प्रदेश >> अपडेट**

## चित्रकूट में विवाहिता ने की आत्महत्या

**चित्रकूट :** उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले के कर्वी कोतवाली क्षेत्र में पति की मृत्यु से आहत एक महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली क्षेत्र के कपसेठी विकास नगर मोहल्ला निवासी जागेश्वर नामक व्यक्ति राम घाट स्थित एक होटल पर बर्तन धोने का काम करता था। बीते 26 दिसंबर को वह होटल से काम करने के बाद देर रात अपने घर पहुंचा।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

## नक्सलियों ने दो लोगों को रिहा किया

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों द्वारा पिछले दस दिन पहले चार पेटी ठेकेदारों को अपहरण किए जाने के बाद आज दो लोगों को रिहा कर दिया और दो लोग अभी भी नक्सलियों के कब्जे में हैं। पुलिस के अनुसार रिहा किए गए कोंडागांव निवासी निरमेन्द्र कुमार दीवान और नीलचंद नाग को माओवादियों ने रिहा कर दिया। लोहंडीगुड़ा निवासी टेमरू नाग के साथ बारसूर निवासी चापड़ी बतैया अभी भी नक्सलियों के कब्जे में है। सोमवार को कोंडागांव से परिवार वाले बीजापुर पहुंचे और सामाजिक कार्यकर्ता सोनी सोरी से मिलकर अपहृत लोगों की छुड़वाने की मदद मांगी।

## कार की चपेट में आकर दो सुरक्षाकर्मी घायल

**उरई :** उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक इको कार को टक्कर मार दी जिसकी चपेट में आकर पुलिस और पीआरडी के जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नवीन गल्ला मंडी गेट पर जालौन कोतवाली में तैनात सिपाही अभय द्विवेदी तथा पीआरडी जवान देवनारायण ड्यूटी कर रहे थे। देर रात को हरी मटर बेचने के बाद ट्रैक्टर लेकर आ रहे किसान ने एक इको गाड़ी में टक्कर मार दी।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

## अब हिंसक तरीके से धर्मांतरण: साव

**पत्थलगांव :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेशअध्यक्ष अरुण साव ने आज यह आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में अब ईसाइ मिशनरी के लोग हिंसक तरीके से धर्मांतरण की घटना को करने लगे हैं। श्री साव यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि नारायणपुर में हथियारबंद लोगों ने आदिवासियों पर हमला किया है। यह चिंता की बात है। सरकार को ऐसे मामले में सख्त कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की विफलता के चलते छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है।

## कौशांबी में पुलिस पर हमला,तीन घायल

**कौशांबी :** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के करारी क्षेत्र में अवैध निर्माण रोकने पहुंची पुलिस टीम पर एक पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया जिसमें चौकी प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस सिलसिले में पिता-पुत्र समेत पांच व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को बताया कि करारी थाना क्षेत्र के अर्का महावीर निवासी ज्ञान प्रकाश शुक्ला की भूमि अरकामहावीरपुर गांव में है।

## कार की टक्कर से एआरटीओ घायल

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के नैनी क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान कार की चपेट में आकर एआरटीओ गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नए यमुना ब्रिज पर एआरटीओ प्रवर्तन भूपेश कुमार गुप्ता अपनी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि तभी एक गाड़ी के नंबर प्लेट का फोटो खींचने के लिए जैसे ही सड़क पार कर रहे थे कि तेज रफ्तार एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे उनके सिर में गंभीर चोटें आयी।

**समस्या** उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

# संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश

▶▶ हस्ताक्षर कर उक्त स्टोन माइंस को बंद करने को लेकर आवेदन

राष्ट्रीय खबर



**मेदिनीनगर (पलामू):** जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में उपायुक्त श्री दोड्डे ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे 25 से अधिक लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन, जमीन मापी, जबरदस्ती जमीन कब्जा, भुगतान,राशन नहीं मिलने, माइंस बंद करने,डीप बोर व जमीन को सरकारी अतिक्रमण मुक्त करवाने से संबंधित मामलों पर सुनवाई हुई।

पाटन के उताकी में संचालित स्टोन माइंस को कैंसिल करने की मांग

जनता दरबार में पाटन के उताकी में संचालित सतीश तिवारी का स्टोन माइंस कैंसिल करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस आवेदन में स्थानीय 50 ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षर कर उक्त स्टोन माइंस को बंद करने को लेकर आवेदन दिया गया। दिए गये आवेदन के अनुसार उक्त स्टोन माइंस रद्द को रद्द किये जाने को लेकर भी कारण मौजूद है बावजूद इसके यह संचालित किया जा रहा है। विश्रामपुर अंचल के ग्राम तोलरा से आयी श्यामा देवी ने उपायुक्त को बताया कि उनके पड़ोसी मुखदेव तिवारी ने उनके हिस्से के जमीन पर जबरदस्ती घर बना लिया है। श्यामा देवी ने उपायुक्त को बताया कि इस मामले को लेकर वो सीओ,थाना प्रभारी व एसडीओ के पास कई बार गयी एवं उक्त जमीन पर धारा 144,145,146,188 सब हुआ बावजूद इसके उनके पड़ोसी ने जबरदस्ती घर का निर्माण कार्य जारी रखा। महिला ने उपायुक्त को बताया कि उनके पति मातृभूमि की सेवा में बॉर्डर पर है और यहां उनके पुश्तैनी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा किया जा रहा है।

श्यामा देवी ने उपायुक्त से जमीन की मापी करवाने की मांग की इसपर उपायुक्त ने सदर एसडीओ को कॉल कर पूरे मामले की जांच करने एवं जांच के पश्चात दोषी पाए जाने पर पड़ोसी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया। इसी तरह चैनपुर के भगन भुइयां ने उपायुक्त से कहा कि पिछले एक वर्ष से अपने जमीन का रसीद कटवाने को लेकर परेशान हूँ बावजूद इसके चैनपुर अंचलाधिकारी द्वारा रुचि नहीं दिखाया जा रहा है इसपर उपायुक्त ने चैनपुर सीओ को अविलंब रसीद काटने हेतु निर्देशित किया।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में दरुआ बेनी ने बाड़ेपुर को 57 रन से किया पराजित

राष्ट्रीय खबर



**हुसैनाबाद,पलामू:** टीम सूर्या के बैनर तले पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता बड़ेपुर उच्च विद्यालय के मैदान में टीम सूर्या बड़ेपुर बनाम टीम सुर्या दरूवा बेनी के बीच खेला गया। टूनार्मेंट का उद्घाटन हुसैनाबाद के कपूर्री मैदान में विधायक कमलेश कुमार सिंह व युवा नेता सूर्या सिंह ने गत माह किया था। मंगलवार को बाड़ेपुर उच्च विद्यालय के मैदान में खेले गए मैच में दरुआ बेनी की टीम ने बाड़ेपुर को 144 रन का लक्ष दिया। जवाबी पारी में बाड़ेपुर की टीम सिर्फ 87 रन ही बना पाई। दरुआ बेनी ने बाड़ेपुर को 57 रन से पराजित कर दिया। मैन ऑफ दी मैच का खिताब दरुआ बेनी टीम के विक्की को मिला। इन्होंने 9 छक्का की मदद से अपनी टीम को 61 रन दिए। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि बैरिस्टर सिंह ने कहा कि टीम सूर्या के बैनर तले लगातार किसी न किसी पंचायत में मैच खेला जाएगा। 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा कि सभी पंचायतों में टीम सूर्या क्रिकेट टीम है। क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने की मुहिम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन अलग अलग इलाकों में किया जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहित करने आम लोगों को भी आगे आना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि बुधवार को सुबह 11 बजे से जपला-हैदरनगर मुख्य पथ स्थित सिमरसोत मैदान में मैच खेला जाएगा। मौके पर मुखिया जोगेंद्र सिंह, एनसीपी नेता नीतू सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, ओमप्रकाश राजवंशी,मुकेश सिंह,बबलू सिंह उपस्थित हुए।

# पेंक-नारायणपुर थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहा अवैध कोयले का कारोबार

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो :** इन दिनों बोकारो जिला के पेंक-नारायणपुर थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से बीना रोक टोक जारी है अवैध कोयले का धंधा। हालाकि पुलिस, प्रशासन इस तरह के बातो से अंभिगता जाहिर करता हो मगर स्थिति परिस्थितियों को देख यही कहा जा सकता है कि उनके मिलीभगत और उनके द्वारा हरी सिग्नल के दम पर ही यह अवैध धंधा फल फुल रहा। इसके भी ठोस वजह यह है कि जहां पत्रकारों के कैमरे पहुच जाते है भला वहां की जानकारी स्थानीय थाना को कैसे नही हो सकती। हालत यह है कि दिन के उजाले में ही अवैध कोयला कारोबारी अपने द्वारा बनाये गये डीपो मे कोयला खरीद खरीद का जमा करता है और रात के अंधेरे में ट्रको मे लाद बाहर भेज देते है। शायद यह जानकर आपको भी हैरानी होगी कि अवैध कोयला का डीपो घने जंगलो के बीच स्थित है और यहां जमा होने वाले अधिकांश कोयला सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के कारो परियोजना से टपाया जाता है। नावाडीह प्रखंड के उपरघाट पेंक-नारायणपुर थाना क्षेत्र के बुडगढ़ा मार्ग डोमाबेडा के रास्ते मे अम्बा टोला जंगल के बीच टांड मे अवैध रूप से कोयला की खरीदारी की जा रही है। जहा भारी मात्रा मे अवैध कोयले का भंडार देखने को मिला जो आप भी तस्वीर के माध्यम से देख पा रहे होगे। मगर दुर्भाग्य देखिए अवैध कोयले का इतना बड़ा भंडारन स्थानीय पेंक नारायणपुर की पुलिस को दिखाई नहीं देती है।

# 5 क्विंटल जावा महुआ जब्त उपकरणों को जलाया

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो :** बोकारो थर्मल-उग्रवाद प्रभावित ऊपरघाट के पेंक-नारायणपुर थाना प्रभारी सुमन कुमार पिछलें एक सप्ताह से अवैध धंधेबाजों पर कहर ढाह रहें है। बुधवार को अवैध शराब का गढ़ बुडगड्डा में छापामारी कर महुआ शराब का एक और दूसरी मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि बुडगड्डा जंगल में अवैध शराब का मिनी फैक्ट्री लगभग डेढ एकड़ की दायरा में फैला था। नाला के किनारे धंधेबाज राजू ठाकुर, केदार नायक व नारायण ठाकुर महुआ शराब बनाते थे। पुलिस टीम को देखकर घने जंगल में भाग गए। यहां पर बरामद जावा महुआ और उपकरण को जलाकर नष्ट कर दिया। इससे पहले 27 दिसंबर को भी एक बुडगड्डा जंगल से महुआ शराब का मिनी फैक्ट्री को ध्वस्त किया गया था। इसके अलावे 2 जनवरी को बरई गांव में छापामारी कर लगभग 10 क्विंटल जावा महुआ जब्त किया था। बाद में किरासन तेल डालकर नष्ट कर दिया गया था।

बुड्डगढ़ा जंगल में सालोंभर बनती है महुआ शराबः पुलिस को सूचना मिली थी कि बुड्डगढ़ा जंगल में कई ऐसे धंधेबाज है, जो सालों भर नदी किनारे झोपड़ी बनाकर महुआ का शराब बनाते है। बाद में बोकारो, गोमिया, बिष्णुगढ़ के बाजारों में बाइक से खपाया जाता है। बुड्डगढ़ा जंगल में जब पुलिस की टीम पहुंची तो वहां के नजारा देखकर होश पाख्ता हो गयी है।

# एकेकेओसी परियोजना में हो रही समस्या पर प्रबंधन और हितधारकों की हुई अहम बैठक

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो:** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के ऑफिसर्स क्लब करगली में एकेकेओसी परियोजना के महत्वपूर्ण हितधारकों तथा बोकारो एवम करगली क्षेत्र के प्रबंधन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के जीएम एमके राव ने की। बैठक में परियोजना में आ रही समस्याओं पर विस्तृत रूप से गहन चिंतन किया गया। जीएम एमके राव ने कहा कि बीएंडके क्षेत्र में विगत एक डेढ़ महीने से उत्पादन से ज्यादा प्रबंधन को उपद्रव का सामना करना पड़ रहा है। उपद्रव पर किस तरह से काबू पाया जाए इस पर चिंतन किया गया। कहा कि हमें उत्पादन करने के लिए शांति वातावरण चाहिए। उसी को लेकर बीएंडके क्षेत्र के हितधारकों के साथ आज बैठक किया गया है। जिससे इस उपद्रव पर नियंत्रण कर उत्पादन सही तरीके से किया जा सके। इस अवसर पर सभी हितधारकों तथा अधिकारियों ने अपनी अपनी बातें रखी। अधिकारियों ने उत्पादन में हो रही असुविधा पर चिंतन जाहिर की। कहा कि उपद्रवियों के द्वारा लगातार माइंस के कार्य को बाधित किया जा रहा है। सभी हितधारकों ने एक सुर में इस तरह के उपद्रव की आलोचना की। मौके पर खासमहाल पीओ राजीव कुमार, करगली पीओ राकेश सत्यार्थी, एसओ लैंड एंड रेवेन्यू बीके ठाकुर, एसओ पीएंडपी एसके झा, सीएसआर अधिकारी निखिल अखौरी, बोकारो थर्मल थाना प्रभारी शैलेश कुमार चौहान, गांधीनगर थाना प्रभारी अनूप कुमार सहित हितधारकों में सुजीत घोष, विकास सिंह, सुबोध सिंह पवार, आफलाब आलम, विजय भोई, भोलू खान, दीपक महतो आदि उपस्थित थे।

# आज धर्म के नाम पर हिंसा की राजनीति करने वाले के विरुद्ध एकजुटता की जरूरत है : बीएन सिंह

▶▶ नुक्कड़ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**मेदिनीनगर, पलामू :** आओ कि कोई ख्वाब बुने कल के वास्ते आह्वान के साथ इप्टा के कलाकारों ने राष्ट्रीय सम्मेलन का प्रचार प्रसार करते हुए सफदर हाशमी और राम बहादुर की शहादत समारोह की दूसरी कड़ी में नुक्कड़ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रेडमा चौक और कचहरी परिसर में किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान लोकप्रिय गीतकार शैलेंद्र द्वारा लिखित गीत झूठ से टक्कर लेने को सच्चाई जोश में आई है सहित अन्य जनवादी गीतों की प्रस्तुति की। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव एवं माले के वरिष्ठ नेता बीएन सिंह ने सफदर हाशमी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज धर्म के नाम पर हिंसा की राजनीति करने वाले के विरुद्ध एकजुटता की जरूरत है। इसके बाद इप्टा के कलाकारों ने प्रेम प्रकाश द्वारा रचित व निर्देशत नाटक सफदर की प्रस्तुति की। नाटक के माध्यम से सफदर हाशमी की संरचनात्मक एवं सृजनात्मक क्षमता के साथ उनकी प्रतिबद्धता को संप्रेषित किया गया।

नाटक की शुरूआत मुकीम शाद द्वारा लिखित गजल की पंक्तियों - वक्त की तलवार सफदर हाशमी/आंधियों की वार सफदर हाशमी/जिसने दी फिरकापरस्ती को लगाम/वह शहीदेदार सफदर हाशमी से होती है। नाटक में सफदर हाशमी द्वारा लिखित नाटक महंगाई की मार, राजा का बाजा, हत्यारे के अंश को शामिल किया गया है। साथ ही सफदर सुंदर दुनिया के निर्माण के लिए शिक्षा के महत्व को बताते हुए एक गीत लिखा था। पढ़ना लिखना सीखो ओ मेहनत करने वालों, उस गीत को भी नाटक में शामिल किया गया है। नाटक के माध्यम से यह भी प्रस्तुत किया गया कि सफदर हाशमी ने 40 वर्ष पहले जिन सवालों को उठाया था वह आज भी जिंदा है।

**न्यूज फटाफट**

## वरीय अधिवक्ता मन्तु शुक्ला के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**मेदिनीनगर :** बरीय अधिवक्ता मंतू शुक्ला के आकस्मिक निधन पर पलामू जिला अधिवक्ता संघ में मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव व संचालन महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई ।विदित हो कि मंतु शुक्ला का निधन 29 दिसंबर को हो गया था। वे काफी दिनों से अस्वस्थ थे। वे अपने पीछे तीन पुत्र व तीन पुत्रियों को छोड़ गए हैं। अधिवक्ता संघ में वे 11 सितम्बर 1968 को प्रवेश लिए थे ।इस मौके पर शोक सभा में दुख व्यक्त करते हुए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि स्वर्गीय शुक्ला मिलनसार और सिविल के अच्छे जानकार थे। उनकी कमी अधिवक्ता संघ को हमेशा खेलेगी। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वर्गीय शुक्ला की कार्यप्रणाली व उनका आचरण हम सबों के लिए अनुकरणीय है। वे सिविल के अच्छे ज्ञाता थे। उनके निधन से संघ को अपूर्णीय क्षति पहुंची है। चुनाव प्रभारी के रूप में उनके द्वारा किया गया कार्य सराहनीय रहा है।

## कड़ाके की ठंड को देखते हुए विद्यालय बन्द कराने की मांग

**मेदिनीनगर :** पलामू सिविल कोर्ट के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने जिले में ठंड के प्रकोप को देखते हुए नर्सरी से लेकर आठवीं तक सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय को 14 जनवरी तक बंद कराने की मांग की है। श्री पांडे ने कहा कि ठंड इस कदर बढ़ गया है कि सुबह बच्चों को स्कूल जाना बहुत मुश्किल हो रहा है और अभिभावकों को भी ज्यादा परेशानी हो रही है। इसलिए ठंड में बच्चों और अभिभावकों के साथ कोई अप्रिय घटना न घटे इसलिए जिला प्रशासन सभी शिक्षण संस्थानों को शीघ्र बंद कराने का कृपा करें।

## पांकी के नए थाना प्रभारी प्रमुख समेत जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत



**पांकी :** पलामू पांकी थाना के नए थाना प्रभारी रंजीत यादव को मंगलवार को पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद के नेतृत्व में पंचायत जनप्रतिनिधियों के द्वारा बुके और सॉल देकर स्वागत किया गया। मौके पर सकल्दीपा मुखिया पति सह प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष हफीजुल अंसारी,माड़न मुखिया पति रफीक अंसारी,पांकी पश्चिमी मुखिया पति नेहाल अंसारी,नुरू पंचायत समिति सदस्य मिथिलेश यादव,नुरू पूर्वी पंचायत समिति सदस्य पति बबलू सिंह,समाजसेवी पप्पू यादव उपस्थित थे।

## केबी कॉलेज बेरमो मे नए प्राचार्य ने पदभार ग्रहण किया

**बेरमो :** 3 जनवरी मंगलवार को विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त प्राचार्य केपी सिंहा ने केवी कॉलेज मे पदभार ग्रहण किया जिसे वर्तमान प्राचार्य डॉ आर आर पाल के द्वारा पदभार सौपा गया ।इसी को लेकर महाविद्यालय के प्रांगण में अवस्थित कॉलेज के संस्थापक और संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बिंदेश्वरी दुबे के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प श्रद्धांजलि देने के पश्चात विज्ञान खंड में अवस्थित संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ सहाय जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया तत्पश्चात प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की उपस्थिति में डॉक्टर के पी सिन्हा को नए प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण कराया गया एवं दोनों प्राचार्य को बुके, पुष्पगुच्छ देकर तथा माला पहना कर सम्मान दिया गया एवं मिठाई खिला कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात पूर्व प्राचार्य ने नए प्राचार्य डॉक्टर के पी सिन्हा को महाविद्यालय के अलग-अलग विभागों का अवलोकन करवाया एवं महाविद्यालय के बरसर प्रोफेसर एल नारायण ने नए प्राचार्य को महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का एक-एक कर परिचय करवाया। मौके पर प्रो लक्ष्मी नारायण राय , प्रो गोपाल प्रजापति ,, डॉ वासुदेव प्रजापति , डॉ प्रभाकर कुमार , डॉ व्यास कुमार , प्रो अमित कुमार रवि , एस सी झा , विमल कुमार , दीपक कुमार , सबुएल कुजूर , पुरोषतम चौधरी , राजेश्वर सिंह , संतोष राम , बालेश्वर, भगन , कलावती एव सुसारी आदि लोग मौजूद थे।

## धर्म बदलने को ले मारपीट,दो युवक जख्मी

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले में पीरटांड़ थाना क्षेत्र के मंजिरा में मतांतरण को लेकर मारपीट की घटना हो गई। इसमें दो लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज कराया गया है। घटना रविवार की है। घटना उस वक्त वक्त हुई जब एक ग्रामीण मजदूर ने अपने समाज से मतांतरण करने के कारण कुछ काम करने से मना कर दिया। इस दौरान विवाद हो गया और मामला मारपीट तक जा पहुंचा। घटना की सूचना पीरटांड़ थाना पुलिस के पास पहुंची। अब इस मामले में 22 जनवरी को सामाजिक बैठक होगी, जिसके बाद इसका निबटारा किया जाएगा ।बताया जाता है कि कुछ युवकों ने धर्मांतरण कर लिया है जो गांव के अन्य लोगों को भी मतांतरण करवा रहे हैं। इसी से सरना धर्म के लोग खफा हैं ।बता दें कि पीरटांड़ के विभिन्न इलाकों में मतांतरण का कार्य जोरों पर है।

## दो शातिर पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**बुलंदशहर :** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले की पुलिस ने दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 50-50 हजार रूपये के इनामी दो बदमाशों को मौत के घाट उतार दिया। मुठभेड़ में पुलिस का एक दरोगा एक मुख्य आरक्षी एवं एक आरक्षी भी घायल हुआ है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि जिले में एक स्वर्णकार के दुकान पर लूटपाट करने की घटना में वांछित चल रहा एक इनामी बदमाश मोटरसाइकिल से पहासू की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस ने देर रात में पलड़ा झाल पर घेरा बंदी कर ली। थोड़ी देर बाद एक मोटरसाइकिल सवार उधर आया रुकने का इशारा करने पर मोटरसाइकिल सवार ने वापस भागने की कोशिश की पुलिस ने पीछा किया तब उसने फायरिंग शुरू कर दी जवाबी फायरिंग में मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया।

## 5 जनवरी को नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का होगा आयोजन : सरोज

**हरिहरगंज/पलामू :** मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा के सौजन्य से सिनेमा रोड स्थित पीपरघाट के स्कूल में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जमुहार (रोहतास) के नेत्र विशेषज्ञों द्वारा 5 जनवरी को नि:शुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी मुखिया सह नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी सरोज प्रसाद कुशवाहा ने दी। उन्होंने बताया कि इलाके भर के गरीब और लाचार नेत्र रोगियों की सुविधा के लिए यह शिविर आयोजित है। जहां नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जमुहार के नेत्र विशेषज्ञों की टीम द्वारा मरीजों की जांच होगी उन्होंने बताया कि शिविर के दिन ही ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण की तिथि एवं संबन्धित सभी जानकारी चयनित नेत्र रोगियों को बता दिया जाएगा।

## सड़क हादसे में वाहन चालक की मृत्यु

**चित्रकूट :** उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले के भरतकूप क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आकर पिकअप सवार चालक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों मंगलवार को बताया कि कोहरे एवं धुंध के चलते बीती देर रात झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में थाना भरतकूप में आमने सामने ट्रक और पिकअप की हुई टक्कर में पिकप चालक शंकरगंज की मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने यातायात पुलिस कर्मियों की आयोजित मीटिंग में निर्देश दिए हैं कि सभी गाड़ी चालक नियमों का पालन करें। कोहरे और धुंध में गाड़ियां अत्यंत धीमी गति से ही चलाएं। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

## शहर >> अपडेट

### पुस्तकालय शुरू करने का कार्य युद्ध स्तर पर

**कुडू :** कुडू में पुस्तकालय का चालू करने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। गौर तलब है कि कुडू स्थित दिन दयाल भवन में पुस्तकालय का संचालन होना है। इसके लिए समेकित जनजातीय विकास अभिकरण (आइटीडीए) कार्यालय लोहरदगा द्वारा भवन की मरम्मती कराई जा रही है। 26 जनवरी से पहले इसे पूरी तरह तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

## बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की ली जानकारी

# उपायुक्त ने दिया योजनाओं को ससमय पूरा करने का निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त वरूण रंजन ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रखंडवार पूरी जानकारी ली।

बैठक में उपायुक्त ने पीएम आवास योजना, ग्रामीण के तहत वर्ष 2016-22 तक में प्राप्त लक्ष्य, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना और वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी एवं सभी विभाग के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी?। उपायुक्त ने मनरेगा की योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ऐसे योजनाएं जिनके कार्य प्रगति धीमी पाई गई उनमे सुधारात्मक प्रगति लाने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने पिछले दिनों दो चरणों में आयोजित आपकी सरकार, आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्राप्त विभागवार आवेदनों के निष्पादन एवं लंबित आवेदन की स्मीक्षा करते हुए आवेदनों का निष्पादन त्वरित करने को कहा।

मौके पर उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, अपर समाहर्ता श्रीमती मंजू रानी स्वांसी, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, जिला आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार दास, जिला कल्याण पदाधिकारी श्री विजन उरांव, जिला पंचायत राज पदाधिकारी महेश राम, जिला मत्स्य पदाधिकारी श्रीमती रचना निश्चल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती चित्रा यादव, श्रम अधीक्षक श्री रमेश प्रसाद, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक, बीपीओ, प्रखंड समन्वयक समेत अन्य उपस्थित थे।



## सिटी अपडेट्स >>

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कुडू:** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिताकोनी में रविवार एक जनवरी की रात चिताकोनी निवासी स्व. रनथु उरांव के 23 वर्षीय पुत्र बीरेंदर उरांव ने घर से थोड़ी दूर स्थित दांडी डहर नामक स्थान स्थित एक जामुन के पेड़ पर रस्सी को फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार युवक नए साल की पार्टी मनाकर रात करीब 10 बजे घर पहुंचा और थोड़ी देर बाद मोबाइल पर बात करते हुए बाहर निकल गया। पूरी रात वापस नही लौटा। सोमवार 2 जनवरी की सुबह गांव वालों ने उसका शव पेड से झूलता देखा और इसकी सूचना परिजनों को दी।

### दो महिलाओं को मिला नियुक्ति पत्र

**पाकुड़ :**समाहरणालय स्थित उपयुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त वरूण रंजन ने मृत सरकारी सेवक के दो आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमे प्रखंड कार्यालय लिट्टीपाड़ा में लिपिक के पद पर पदस्थापित स्वर्गीय इग्नेयुस मरांडी के पत्नी श्रीमती निभा विश्वास को प्रखंड कार्यालय लिट्टीपाड़ा में अनुसेवक के पद पर नियुक्त किया गया। प्रखंड कार्यालय अमड़ापाड़ा में लिपिक के पद पर पदस्थापित स्वर्गीय प्रदीप कुमार भंडारी के पत्नी श्रीमती अनिता कुमारी को प्रखंड कार्यालय लिट्टीपाड़ा में निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्त किया गया है।

## पिकनिक से लौट रहे युवकों और ग्रामीणों के साथ मारपीट

# कई वाहनों के शीशे तोड़े, 4 को गिरफ्तार कर जेल भेजा

राष्ट्रीय खबर

**डोमचांचः** प्रखंड के बगडो गेठीबाद गाँव में पिकनिक के बाद लौट रहे युवकों और ग्रामीणों में झड़प के बाद मारपीट हुई। आरोप है कि युवकों ने नशे की हालत में महिलाओं सहित कई लोगों के साथ मारपीट किया। इस दौरान कई वाहनों को भी क्षतिग्रस्त किया साथ ही लोगों के घरों में जमकर पथराव किया।

घटना को लेकर डोमचांच थाना में मामला दर्ज किया गया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्राथमिकी के अनुसार पिकनिक के बाद सोमवार की देर शाम नशे की हालत में तकरीबन 40 की संख्या में युवकों ने गेठीबाद गाँव में महिलाओं सहित कई लोगों के साथ मारपीट किया और कई वाहनों को क्षतिग्रस्त भी कर दिया। डोमचांच थाना के एसआई संजय शर्मा घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होने मामले को लेकर कहा कि महेशपुर के युवकों द्वारा पिकनिक के बाद गांव में घुसकर तेज साउंड में अश्लील गाना बजाया जाने लगा था।

जिसका विरोध गाँव वालो के द्वारा किये जाने पर नशे की हालत में लोगों ने इस प्रकार से घटना को अंजाम दिया हैं। मामले में 16 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है वही 4 लोगों को जेल भी भेजा जा चुका हैं। दो डीजे वाहन में से एक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। जबकि युवक एक डीजे वाहन को घटनास्थल से ले भगाने में सफल रहे। घटना में जो लोग घायल हुए हैं उनका नाम बाबूलाल यादव (उम्र 50 वर्ष पिता स्वर्गीय बिहारी यादव), रामाशीष यादव (उम्र 30 वर्ष पिता प्रयाग यादव), समरी देवी (उम्र 38 पति प्रयाग यादव), सुनीता देवी (उम्र 33 वर्ष पति रामदेव यादव) शामिल हैं।



# डीडीसी ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने मंगलवार को कोडरमा स्थित सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उप विकास आयुक्त ने उपाधीक्षक सदर अस्पताल से मौजूदा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। उप विकास आयुक्त ने अस्पताल के विभिन्न वार्ड का जायजा लेते हुए वहां की सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने ओपीडी, अल्ट्रासाउंड केन्द्र, एक्स रे रूम, इमरजेंसी, लेबर रूम, लैब समेत कई वार्डो का निरीक्षण कर उचित दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कोविड जांच को लेकर भी कई निर्देश दिए। उन्होंने डीएस को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इसका ख्याल रखें। साथ ही अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा को और बेहतर व सुदृढ़ करने को लेकर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को पूरी लगन के साथ कार्य करने की बात कही। मौके पर उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनोज व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### रुद्राभिषेक में ग्रामीणों ने पूजा अर्चना की

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड कार्यालय के बगल में स्थित विशेश्वर धाम में मंगलवार को महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य गांव एवं देश में सुख शांति कायम रहे। रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण एवं मंदिर कमिटी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। रुद्राभिषेक का सारा विधि- विधान पंडित राजेश कुमार गुरु की ओर से किया गया। रुद्राभिषेक में। काफी संख्या में ग्रामीण पूजा अर्चना की एवं । हवन किया इस अवसर पर पंकज कुमार सिन्हा, अजीत लोहानी, नवल किशोर महतो, गुड्डू गुप्ता, किशन कुमार, अभिषेक कुमार, अंकित कुमार, संगीता देवी, राकेश सिंह, कुमार ज्ञानदीप, प्रीति देवी, वैजयंती माला, प्रीति सिन्हा, अनुष्का सिन्हा सहित अन्य मौजूद रहे।

### स्विफ्ट डिजायर के टक्कर से एक घायल

**पेटरवार :** पेटरवार रामगढ़-बोकारो एन एच 23 प्रखंड कार्यालय के निकट एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि बाइक में सवार दो अन्य युवकों को हल्की चोटे आई है। घटना अपराह्न लगभग 1 बजे की है। बताया जा रहा है कि सतनपुर चास निवासी प्रेम कुमार सिंह 18 वर्ष, सागर कुमार साव 20 वर्ष एवं अभय कुमार सिंह 18 वर्ष अपने साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर पूजा अर्चना करने रजरप्पा जा रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रही स्विफ्ट डिजायर वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसके कारण बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गये।

## विलुप्तप्राय गिद्धों के संरक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिलान्तर्गत विलुप्तप्राय गिद्धों के संरक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह ने कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों, डॉक्टर्स, कर्मिगण, फॉरेस्ट कर्मियों व अन्य लोगों का स्वागत किया। कहा कि कोडरमा जिले में पहले एक भी गिद्ध नहीं थे लेकिन तीन सालों से जिले के कई क्षेत्रों में लगातार गिद्ध देखे जा रहें हैं, ऐसे में उनका संरक्षण करना हमारा दायित्व है। गिद्धों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए डॉ सत्यप्रकाश, सदस्य, राज्य वन्यप्राणी परिषद ने बताया गया कि भारत में गिद्धों की कुल 9 प्रजाति पायी जाती है, जिनमें से तीन प्रजातियाँ विलुप्ति की कगार पर हैं। लोककथा एवं भारतीय साहित्य में इनको महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। प्रायः ये समूह में पाए जाते हैं, जो आकार में अन्य पक्षियों से काफी बड़े होते हैं। गिद्ध मांसाहारी होते हैं और मृत पशुओं को खाकर धरती को साफ रखने एवं पर्यावरण को शुद्ध रखने का कार्य करते हैं। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन द्वारा जिलान्तर्गत विलुप्तप्राय गिद्धों के संरक्षण को लेकर एसडीओ एवं ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश दिया गया ।

# झूठ और लूट के 3 साल पूरे हुए : भाजपा प्रदेश प्रवक्ता

राष्ट्रीय खबर

**लोहारदगाः** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा द्वारा प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन अटल भवन नगर मंडल कार्यालय में आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, सुनील श्रीवास्तव उपस्थित रहे ।प्रेस कॉन्फ्रेंस प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने संबोधित किया और कहा कि वर्तमान झारखंड यूपीए गठबंधन की झूठ और लूट के 3 साल पूरे हुए हैं झारखंड में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। राज्य भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका है। राज्य में व्याप्त इस प्रचंड भ्रष्टाचार को जेएमएम, कांग्रेस, राजद की संयुक्त सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है। हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री के निर्वाचन जिले में तो भ्रष्टाचार का एक इतिहास ही रच दिया है।साथ ही मंत्री, विधायक से लेकर अधिकारी तक संलिप्त हैं। क्षेत्रीय स्तर पर किसको प्रखंड विकास पदाधिकारी व ब्लॉक कोऑर्डिनेटर का घूस लेते पकड़े जाना ।

मुख्यमंत्री ने अपने हस्ताक्षर से खनन पट्टा लिया हो।पहला राज्य झारखंड है।लूट में परिवार, मित्र,मंत्री मंडल सभी शामिल हैं। राज्य सरकार वकीलों पर करोड़ो रुपए खर्च कर जनता की गाढ़ी कमाई लूटा रही है।

योजनाओं, ठीका-टेंडर व विभिन्न विभागों में मंत्री टेंडर मैनेज कर रहे हैं। आलमगीर आलम पर हाई कोर्ट की टिप्पणी राज्य सरकार के लिए शर्म की बात है।

झारखंड में हर माह करीब 100 करोड़ तक का बालू का अवैध कारोबार डंके की चोट पर किया जा रहा है। राज्य में विकास के सारे कार्य ठप्प है।अपराधियों की समानांतर सरकार चल रही है। जब चाहें, जहां चाहें अपराध को अंजाम दे रहे हैं।




**पिकनिक** > नव वर्ष का हर्षोल्लास और पिकनिक का दौर जारी

# कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** अंग्रेजी नववर्ष का स्वागत जिले वासियों द्वारा पूरे हर्षोल्लास के साथ जारी है। सोमवार दूसरे दिन भी ठंड और कोहरे बीच सैलानियों द्वारा इसका खूब लुफ्त उठाया गया। गाजे बाजे ढोल पड़ाके और उस पर नृत्य का आनंद सौर सपाटे और मौज मस्ती की उत्साह का लुफ्त खूब उठाया गया। नव वर्ष का आनंद कुछ लोगों ने अपने घर पर रहकर शांति से उठाया वहीं कुछ लोग सेर सपाटे और पिकनिक मनाने में व्यस्त रहें।

यदि शहरी क्षेत्र की बात करें तो यहां प्रमुख रूप से लड्डू बाबू व अली बाबू का आम बागान एवं वहां के आसपास का क्षेत्र, गोकुलपुर नदी, चांदपुर, तोड़ाई नदी , सिद्धू कानू पार्क, हरिनडूबा पहाड़, लोगों ने सोमवार को भी जमकर पिकनिक मनाया। नित्य काली मां का दर्शन किया। हिरणपुर थाना अंतर्गत धरनी पहाड़ पर, रानीपुर के परगना नदी, लिट्टीपाड़ा के कंचनगढ़ पहाड़, धर्मपुर के रास्ते पहाड़ी क्षेत्रों पर, अमड़ापाड़ा के प्रकृति बिहार, बासलोई नदी के तट, हवा महल का सैलानियों ने ने खूब लुफ्त उठाया। थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव अपने सहयोगियों के साथ पिकनिक स्पॉट पर डटे रहे। महेशपुर में भी दूसरे दिन उत्साह उमंग की कोई कमी नहीं रही। लोग मंदिरों में भगवान के दर्शन किए और बसलोई नदी , फोटकाडंगा, पीर पहाड़ पगला नदी, सलगा पाड़ा, भोरिकोचा पर पिकनिक मनाए, बाजे गाजे के साथ थिरके। पाकुरिया प्रखंड में भी पिकनिक के और नए वर्ष के धूम रही तलवा स्थित गर्म पानी की कुंड विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, काफी संख्या में लोग वहां पहुंचकर गर्म कुंड में नहा कर शेर सपाटे बंद पिंकी का आनंद उठाया इसके अलावा तृपोटिया नदी, आमकोना घाट, ब्राह्मणी नदी घाट, दुगार्पुर डैम में खूब आनंद उठाया।



### कोहरे के साथ ठंड हुई दुगुनी

**पाकुड़ :** जिले में 25 दिसंबर से ही ठंड का प्रकोप जिले में बड़ा है, किंतु 2 जनवरी को यह ठंड कोहरे के साथ 2 गुना बढ़ जाने से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त है। 2 जनवरी को अचानक सुबह 7 बजे तेज कोहरे ने पूरे जिले को ढक लिया। जिससे तत्काल कुछ देर के लिए आवागमन में काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ा । तत्पश्चात 9:00 बजे के बाद धीरे-धीरे कोहरा की धुन अस्त होती चली गई ,एवं आकाश में हल्की सूर्य की किरणें पाकुर की धरती को अपनी मीठे धूप से लोगों को राहत दी। लोगों ने राहत की सांस ली फिर शाम होते ही ठंड ने अपना प्रकोप बढ़ा दिया।

## न्यूज फटाफट

### वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

**कोडरमा :**मंगलवार की सुबह जिले के जयनगर थाना अंतर्गत गरचांच पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पैदल जा रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पिंटू राणा (उम्र 30 वर्ष, पिता विनोद राणा, ग्राम गरचांच, जयनगर) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 5 बजे घर से निकल कर पैदल टहलने के दौरान गरचांच पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना में पिंटू राणा गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने देखने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोडरमा पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### सावित्री बाई फुले की जयंती मनी

**डोमचांच :** नगर पंचायत मे स्थिति श्री महेश एकेडमी मे देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को छात्राओं ने उन्हें याद किया और उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया। मौके पर श्री महेश एकेडमी की प्राचार्या रीना दाराद ने सावित्रीबाई फुले को महान शिक्षिका के साथ-साथ महान क्रांतिकारी और समाज सुधारक के रूप में उनके जीवन संघर्षों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि अंग्रेजों के शासनकाल में जहां लड़कियों की शिक्षा व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी, उस काल में पति ज्योतिबा फुले के सहयोग से कई विद्यालयों की स्थापना कर लड़कियों की शिक्षा को बढ़ाया। समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियों को समाप्त करने में अपना अहम योगदान किया और अंत में महामारी प्लेग जैसी बीमारी में भी समाज सेवा करते हुए अपना बलिदान दिया। जयंती कार्यक्रम में शिक्षिका सोफाली कुमारी, पूजा कुमारी एवं दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### झुमरीतिलैया में नगर कांग्रेस की बैठक

**झुमरीतिलैया :** न्यू अशोका होटल प्रांगण में झुमरीतिलैया नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभात कुमार राम की अध्यक्षता में नगर कमिटि की बैठक हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष श्री पासवान ने झुमरी तिलैया में प्रखंड कमेटी एवं वार्ड कमेटी जल्द विस्तार किए जाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता गणेश प्रसाद स्वर्णकार, युवा नेता सईद नसीम, प्रतिनिधि तुलसी मोदी, राम लखन पासवान, प्रदेश महासचिव अर्चना सिंह, फैयाज अब्बू केसर, चांद आलम, अकबर अली, प्रतिभा सिंह, प्रकाश सिंह, रंजीत, शंभू शर्मा, मोहम्मद सुभान, भोला दास, अशरफ अली, भोला दास उपस्थित थे।

### बिना चिकित्सक के चल रहा है स्वास्थ उपकेंद्र

**कोडरमा :** प्रखंड और जिला कोडरमा के घनी आबादी वाले तीन पंचायत चाराडीह, झुमरी और करमा पंचायतों का एकमात्र स्वास्थ उपकेंद्र करियाबर इन दिनों खुद बीमार है। यहां तीन स्वास्थकर्मी कार्यरत हैं। इस केंद्र में आजतक न तो शुद्ध जल की व्यवस्था किया जा सका है, ना ही चिकित्सक की नियुक्ति की गयी है। यहां नलकूप से पानी की सुविधा की बात स्वस्थ विभाग द्वारा की गयी है, पर वह पानी उपयोग के लायक नहीं है। दूषित जल का उपयोग करने से लोग बीमार हो सकते हैं इसलिए कोई उसके पानी का उपयोग पीने में नहीं करता है। वहीं चिकित्सक के पदस्थापित नहीं रहने से कई गांवों के लोगों को या तो झुमरीतिलैया या फिर कोडरमा सदर अस्पताल जाने को बाध्य होना पड़ता है।

### सल्फास खाकर युवती ने आत्महत्या की कोशिश की

**कोडरमा :** मंगलवार को डोमचांच थाना अंतर्गत नवाडीह में एक युवती ने सल्फास खाकर आत्महत्या की कोशिश की। उसकी पहचान नारायण मेहता की पुत्री के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद के बाद बाजार से सल्फास लाकर खाने से युवती की तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद परिजनों के द्वारा कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज करके मरीज को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### कंबल, खाद्य सामग्री का हुआ वितरण

**झुमरीतिलैया :** मंगलवार को बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त कर्मचारी एवम पेंशनर भोगी के द्वारा स्टेशन रोड, स्टेशन परिसर सहित कई स्थलों पर 40 जरूरमंद पुरुष-महिलाओं जो सडकों के किनारे जीवन यापन करते हैं। उनको कंबल के साथ-साथ मकर संक्रांति को देखते हुए तिलकुट, चूड़ा, गुड़, व फल उपलब्ध कराया। मौके पर बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त अधिकारी आलोक सिन्हा, सुधीर शर्मा, कालीचरण दास ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची सेवा है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को कुछ ना कुछ अपने जरूरत के अनुसार जो सक्षम हैं उन्हें भी समर्पण करना चाहिए। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व सेवानिवृत्त अधिकारी भुवनेश्वर मोदी, जेएन झा, दिलीप मजूमदार, सुधीर प्रसाद, एके सिंह आदि मौजूद थे। बताते चले कि दो दिन पूर्व सेवानिवृत्त अधिकारियों ने गांधी स्कूल रोड व अन्य इलाकों में ठंड को देखते हुए 50 कंबल जरूरतमंदों को उपलब्ध कराया था।

### पारा लीगल वोलेनटियर्स के साथ बैठक

**कोडरमा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय स्थित जिला न्याय सदन कोडरमा सभागार में जिले में कार्यरत सभी पारा लीगल वोलेनटियर्स के साथ एक बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेन्द्र कुमार तिवारी के निर्देश के आलोक में किया गया। इस बैठक सह कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने उपस्थित पारा लीगल वोलेनटियर्स को कई प्रकार की कानूनी प्रावधानों एवं प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। प्रसाद ने पारा लीगल वोलेनटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों एवं केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में पारा लीगल वोलेनटियर्स की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। पारा लीगल वोलेनटियर्स प्राधिकार एवं आम जनता के बीच सेतु का काम करता है। उन्होंने पारा लीगल वोलेनटियर्स के दायित्वों का बोध कराते हुए कहा कि समाज का कोई भी व्यक्ति साधन के अभाव में न्याय से वंचित नहीं रह सके यह जिम्मेवारी सभी पारा लीगल वोलेनटियर्स के कंधो पर है।

### जरूरतमंद लोगों को मिला कंबल

**कुडू :** कुडू प्रखंड क्षेत्र के बड़की चापि निवासी उदय कुमार गुप्ता के द्वारा अपनी माता के चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर वृद्धजनों एवं जरूरतमंद लोगों के बीच 1000 से अधिक कंबल एवं पैकेट में भोजन दी गई। इस मौके पर पुरोहित अनूप देव पौराणिक के द्वारा विधिवत स्वर्गीय मानती देवी के प्रतिमा पर रामकिशोर गुप्ता , अदित्य कुमार गुप्ता, उदय कुमार गुप्ता ,आरती देवी,संजू साहू,विवेक कुमार गुप्ता,परी कुमारी एवं उनके परिवार जनों के द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित करवाई गई। इस मौके पर उपस्थित लोगो ने पुण्य आत्मा के याद में एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर समाजसेवी सह प्रसिद्ध व्यवसायी उदय कुमार गुप्ता ने कहा कि मेरी मां बहुत ही मृदुभाषी,व्यवहार कुशल एवं मिलनसार थे । साथ ही उन्होंने कहा कि इस ठंड के दिनों में लोगों को कंबल देने से पुनीत कार्य और कुछ नहीं है। जरूरतमंदों को सहयोग करने से भगवान भी खुश होते है।साथ ही उन्होंने कहा कि आपलोग आशीर्वाद देते रहिए अगले वर्ष ओर अच्छा तरह से पुण्य तिथि मनाएंगे।इस मौके पर कंबल पाकर लोगों ने काफी राहत महसूस किया । इस मौके पर उपस्थित सभी लोगो को भोजन करवाई गई। इस कार्य से पूरे क्षेत्र में उदय कुमार गुप्ता का अच्छे कार्यों का गुणगान किया गया। इस मौके पर कुडू प्रखंड प्रमुख मुनी देवी ने कहा कि उदय बाबू की माता बहुत अच्छी ,मिलनसार महिला थी।

## न्यूज फटाफट

### दिग्गज टेनिस खिलाड़ी मार्टिना पर कैंसर का डबल अटैक, इलाज के लिए हुई रवाना



**नई दिल्ली:** महान टेनिस खिलाड़ी मार्टिना नवरातिलोवा पर फिर से कैंसर की दोहरी मार पड़ी है। उन्हें फिर से कैंसर हो गया है। इससे पहले वर्ष 2010 में उन्हें स्तन कैंसर हुआ था। अब उन्हें फिर से स्तन कैंसर और गले का कैंसर हुआ है। उन्हें शुरूआती स्तर का कैंसर है।मार्टिना नवरातिलोवा कैंसर का पता चलने के बाद न्यूयॉर्क में अपना इलाज कराएंगी। इससे पहले वर्ष 2010 में उन्हें ब्रेस्ट कैंसर हुआ था। इस दौरान उन्होंने कुछ ही महीनों में कैंसर को मात दी थी। कैंसर की जानकारी होने के बाद नवरातिलोवा ने भी बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि डबल झटका गंभीर है मगर ये भी ठीक हो सकता है। मैं अनुकूल परिणाम आने की उम्मीद कर रही हूं। इसमें परेशानी होगी मगर मैं डटकर लड़ूंगी।

कई खिताब किए अपने नाम

बता दें कि टेनिस करियर में मार्टिना ने 59 प्रमुख खिताब जीते है। इसमें 31 डबल्स और 10 मिक्स्ड डबल्स खिताब शामिल है। मार्टिना के नाम 18 सिंगल्स टाइटल है। वो नौ विम्बलडन, चार यूएस ओपन, तीन ऑस्ट्रेलियन ओपन, दो फ्रेंच ओपन खिताब अपने नाम कर चुकी है।

### फुटबॉल खिलाड़ी का मैच के दौरान कार्डियक अरेस्ट, अस्पताल में भर्ती



**सिनसिनाटी:** अमेरिका के फुटबॉल खिलाड़ी डमार हैमलिन की हृदय गति बीच मैच के दौरान रुकने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत नाजुक है। अमेरिकी नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) में बफैलो बुल्स के 24 वर्षीय खिलाड़ी मंगलवार को सिनसिनाटी बेंगॉल्स के खिलाफ मैच के दौरान विपक्षी खिलाड़ी से टकराकर जमीन पर गिर गये। हैमलिन को 30 मिनट तक मैदान पर ही चिकित्सीय मदद प्रदान की गयी, जिसके बाद उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। एनएफएल ने एक घंटे के अंतराल के बाद मैच को रद्द घोषित कर दिया। बफैलो बुल्स ने एक बयान जारी कर हैमलिन की हृदय गति रुकने की पुष्टि की। साथ ही बयान में कहा गया कि उनके दिल ने मैदान पर ही धड़कना शुरू कर दिया था। हैमलिन के प्रतिनिधि जॉर्डन रूनी ने ट्विटर पर लिखा, ह्लउसके दिल ने सामान्य रूप से काम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने (डॉक्टरों) उसके गले के नीचे एक श्वास नली डालने के लिये उसे सुला दिया है। वे फिलहाल जांच कर रहे हैं। हम अग्रिम सूचना मिलते ही आप सभी तक पहुंचाते रहेंगे।ह्व चोट के कारण एनएफएल खेलों को शायद ही कभी निलंबित किया जाता है। मैच में कमेंटेटरों ने बताया कि मैच का रद्द होना इस दुर्घटना की गंभीरता को दर्शाता है।

### खराब डिफेंस के कारण ब्रेंटफोर्ड से हारा लीवरपूल

**लंदन:** लीवरपूल इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूनार्मेंट में ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ 1-3 की हार के साथ शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में पिछड़ गया है। लीवरपूल को खराब डिफेंस का खामियाजा भुगतना पड़ा जिसके कारण मैनेजर जुएर्गेन क्लोप ने मध्यांतर के समय मुख्य डिफेंडर वर्जिल को बदल दिया। ब्रेंटफोर्ड ने इब्राहिम कोंटे के 19वें मिनट में आत्मघाती गोल से बढ़त बनाई और फिर 42वें मिनट में योआने विसा के गोल से स्कोर 2-0 कर दिया।मध्यांतर के बाद एलेक्स ओक्सलेड चेम्बरलेन ने 50वें मिनट में लीवरपूल की ओर से गोल दागकर वापसी की उम्मीद जगाई। ब्रायन एमब्युमो ने हालांकि 84वें मिनट में ब्रेंटफोर्ड की तरफ से एक और गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की। इस हार के बाद लीवरपूल की टीम 17 मैच में 28 अंक के साथ छठे स्थान पर है। ब्रेंटफोर्ड के 18 मैच में 26 अंक हैं और टीम सातवें पायदान पर है।

**वापसी** बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि

# श्रीलंका वनडे सीरीज के लिए जसप्रीत बुमराह टीम में शामिल

- बुमराह पीठ की चोट के कारण सितंबर 2022 से क्रिकेट से दूर थे।
- वनडे सीरीज का पहला मैच 10 जनवरी को गुवाहाटी में खेला जायेगा

एजेंसियां

**मुंबई:** भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को श्रीलंका के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय सीरीज के लिये टीम में शामिल कर लिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि रिहैब के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने बुमराह को खेलने के लिये फिट घोषित कर दिया है। गौरतलब है कि बुमराह पीठ की चोट के कारण सितंबर 2022 से क्रिकेट से दूर थे। इस कारण वह एशिया कप 2022 के बाद आईसीसी टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल सके और एनसीए में रिहैब से गुजर रहे थे। भारत और श्रीलंका के बीच होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच 10 जनवरी को गुवाहाटी में खेला जायेगा। इसके बाद होने वाले दो मैच कोलकाता (12 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम में आयोजित होंगे। श्रीलंका एकदिवसीय सीरीज के लिये भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, अर्शदीप सिंह।





दिल्ली कैपिटल्स ने दी यह बड़ी जिम्मेदारी

## आईपीएल 2023 में दमदार वापसी करेंगे सौरव गांगुली

एजेंसियां

**मुंबई:** बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली एक बार फिर से इंडियन प्रीमियर लीग में वापसी करते दिखाई देंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने सौरव गांगुली को बड़ी जिम्मेदारी दी है। जानकारी के मुताबिक दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक के रूप में सौरव गांगुली वापसी करेंगे। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी। सौरव गांगुली को इस पद पर नियुक्त किया जाना लगभग तय है। बीसीसीआई अध्यक्ष पद पर आसीन होने से पहले आईपीएल 2019 में भी दिल्ली कैपिटल्स में सौरव गांगुली अपनी भूमिका निभा चुके हैं। उस वक्त सौरव गांगुली दिल्ली कैपिटल्स के सलाहकार की भूमिका में थे। सौरव गांगुली ने बीसीसीआई अध्यक्ष पद से अक्टूबर में इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद गांगुली को लेकर तरह तरह की खबरें आ रही थी। लेकिन अब जो खबर है उसके




मुताबिक दिल्ली कैपिटल्स ने सौरव गांगुली को क्रिकेट निदेशक के रूप में खुद से जोड़ा है। सौरव गांगुली इंटरनेशनल लीग टी20 में दुबई कैपिटल्स और साउथ अफ्रीका ळ20 लीग में प्रिटोरिया कैपिटल्स के साथ काम करेंगे। बताया जा रहा है कि फ्रेंचाइजी और सौरव गांगुली के बीच इस बात को लेकर चर्चा भी हो चुकी है। सौरव गांगुली पहले भी इस फ्रेंचाइजी के साथ काम कर चुके हैं। ऐसे में वह मालिकों के साथ काफी कंफर्टेबल भी हैं। बताया जा रहा है कि हालिया नीलामी में मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और सौरव गांगुली दोनों के सुझाव को दिल्ली कैपिटल्स नहीं माना है। आपको बता दें कि भारत के सबसे सफलतम कप्तानों में से एक सौरव गांगुली रहे हैं। क्रिकेट प्रशासक की भूमिका में भी सौरव गांगुली के कार्य काफी सराहनीय रहे हैं। सौरव गांगुली ने भारतीय टीम को विदेशों में जीतना भी सिखाया है। सौरव गांगुली ने जहां भारत के लिए 113 टेस्ट मुकाबलों में 7212 रन बनाए हैं और 32 विकेट लिए हैं। वहीं, 311 एकदिवसीय मुकाबलों में सौरव गांगुली ने 11363 रन बनाए हैं जबकि 100 विकेट चटकाए हैं।

### विश्व कप 2023 में खेलना चाहते हैं बोल्ट



**वेलिंगटन:** न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने भारत में इसी साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 में अपने देश के लिये खेलने की मंशा जाहिर की है। ऑस्ट्रेलियाई अखबार ह्यद एजह्ण ने बोल्ट के हवाले से मंगलवार को कहा, मैं एक और बार कोशिश करने के लिये वहां (भारत) होना चाहता हूं और मुझे उम्मीद है कि ऐसा हो सकेगा। वह अभी भी काफी दूर है। गौरतलब है कि बोल्ट ने परिवार के साथ अधिक समय बिताने और घरेलू टी20 लीगों में खेलने के लिये अगस्त 2022 में न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया था। नवंबर 2022 में हुए भारत के न्यूजीलैंड दौरे पर बोल्ट टीम का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने इसी माह होने वाले न्यूजीलैंड के भारत दौरे से भी बाहर रहने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मैंने न्यूजीलैंड क्रिकेट की गर्मियों के सबसे व्यस्त समय में दो अन्य लीगों में जाने का विकल्प चुना है। मैं समझ सकता हूं कि मेरा अनुबंध वापस देने का फैसला दूसरे लोगों के लिए दरवाजे खोल देगा। न्यूजीलैंड को विश्व कप 2019 के रोमांचक और अविस्मरणीय फाइनल में इंग्लैंड के हाथों सुपर ओवर में बाउंड्री के आधार पर शिकस्त मिली थी।

### ब्लंडेल, हेनरी के अर्द्धशतकों ने न्यूजीलैंड को 449 तक पहुंचाया



एजेंसियां

**कराची:** टॉम ब्लंडेल (51) और मैट हेनरी (68 नाबाद) के अर्द्धशतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में मंगलवार को 449 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। ब्लंडेल और हेनरी के अलावा अजाज़ पटेल ने 35 रन का योगदान दिया, जबकि पाकिस्तान के लिये अबरार अहमद ने चार और आगा सलमान एवं नसीम शाह ने तीन-तीन विकेट लिये। न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन की शुरुआत 309/6 के स्कोर से करते हुए बिना रन जोड़े ईश सोढ़ी (11) का विकेट गंवा दिया। न्यूजीलैंड ऑलआउट होने की कगार पर थी लेकिन ब्लंडेल, हेनरी और पटेल की पारियों ने पाकिस्तान की परेशानियां बढ़ाने का काम किया। ब्लंडेल ने अपने करियर का आठवां अर्द्धशतक जड़ते हुए कप्तान टिम साउदी के साथ 31 रन जोड़े। ब्लंडेल ने 108 गेंदों पर छह चौकों के साथ 51 रन बनाये जबकि साउदी ने 10 रन का योगदान दिया। दोनों बल्लेबाजों को अबरार ने आउट किया। इसके बाद हेनरी ने पटेल के साथ मिलकर 10वें विकेट के लिये 104 रन की विशाल साझेदारी की। यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 10वें विकेट के लिये 27वीं शतकीय साझेदारी है। हेनरी-पटेल के बीच 25 ओवर तक चली इस साझेदारी ने न्यूजीलैंड को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने के साथ-साथ पाकिस्तानी खिलाड़ियों को थकाने का भी काम किया।

## विक्की कौशल ने कैटरीना कैफ के लिए किया डांस



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने अपनी पत्नी तथा अभिनेत्री कैटरीना कैफ के लिये फनी डांस किया है। सोशल मीडिया पर विक्की कौशल का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में विक्की फनी अंदाज में डांस करते दिख रहे हैं। यह वीडियो कैटरीना-विक्की के मालदीव वेकेशन का है। वीडियो में विक्की अपनी पत्नी कैटरीना को खुश करने के लिए फनी अंदाज में डांस करते दिख रहे हैं। इस वीडियो क्लिप में विक्की कौशल फ्लोर पर घुटने के बल बैठकर डांस करते दिख रहे हैं। विक्की कौशल के साथ शर्वरी वाघ भी डांस कर रही हैं।विक्की को इस तरह डांस करते देखकर कैटरीना ब्लश करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को मिनी माथुर ने पोस्ट किया है। इस वीडियो में मिनी ने कैटरीना के बर्थडे सेलिब्रेशन की भी क्लिप शेयर की है। जो मालदीव में मनाया गया था।

## अजय देवगन ने सिंघम अगेन की तैयारी शुरू की

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने अपनी आने वाली फिल्म सिंघम अगेन की तैयारी शुरू कर दी है। अजय देवगन और फिल्मकार रोहित शेट्टी ने सिंघम, गोलमाल फ्रेंचाइजी जैसी फिल्मों में साथ काम किया है।अजय देवगन और रोहित शेट्टी इन दिनों सिंघम फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में है। अजय देवगन ने अपने ट्विटर हैंडल पर रोहित शेट्टी के साथ तस्वीर साझा कर जानकारी साझा करते हुए बताया कि वह सिंघम अगेन में नजर आने वाले हैं। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर इस जानकारी को शेयर कर लिखा, रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन का



नरेशन सुनकर नए साल की अच्छी शुरुआत की। भगवान ने चाहा तो यह हमारी 11वीं ब्लॉकबस्टर फिल्म होगी। गौरतलब है कि वर्ष 2011 में सिंघम फ्रैचाइजी की पहली फिल्म सिंघम प्रदर्शित हुयी। इसके बाद वर्ष 2014 में सिंघम का सीक्वल सिंघम रिटर्न्स रिलीज हुयी थी।

## राज कुमार संतोषी की फिल्म गांधी-गोडसे एक युद्ध का टीजर रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार राजकुमार संतोषी की आने वाली फिल्म गांधी-गोडसे एक युद्ध का टीजर रिलीज हो गया है। राजकुमार संतोषी लंबे अरसे के बाद गांधी-गोडसे एक युद्ध फिल्म बना रहे हैं। गांधी गोडसे एक युद्ध की कहानी महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे की विपरीत विचारधाराओं को दिखाने वाली फिल्म है।

फिल्म का निर्माण संतोषी प्रोडक्शंस के साथ पीवीआर पिक्चर्स ने किया है। संगीत एआर रहमान का है। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म के टीजर में साल 1947 से 1948 के बीच नाथूराम गोड़से और महात्मा गांधी के बीच



वैचारिक युद्ध को दिखाया गया है। 'गांधी गोड़से एक युद्ध' के टीजर के जरिए मेकर्स ने दर्शकों को महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे के विचारों की एक शानदार झलक पेश की है।महात्मा गांधी का रोल दीपक अंतानी निभा रहे हैं, जबकि चिन्मय मांडलेकर नाथूराम गोडसे के किरदार में नजर आएंगे। असगर वजाहत ने फिल्म की कहानी लिखी है, जिस पर स्क्रीनप्ले संतोषी ने तैयार है।यह फिल्म 26 जनवरी 2023 को रिलीज होगी।

## अरविंद अकेला कल्लू का गाना 'झाल' रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू का गाना झाल रिलीज हो गया है। अरविंद अकेला कल्लू और श्वेता म्हारा स्टारर भोजपुरी गाना झाल रिलीज हो गया है। यह गाना म्यूजिक कंपनी सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज हुआ है। इस गाने को 24 घंटे से भी कम



समय में 2 मिलियन से अधिक व्यूज मिल चुके हैं और यह टॉप 20 में ट्रेंड भी करने लगा है। गाना पार्टी जोनर का है।इस गाने को अरविंद अकेला कल्लू ने शिल्पी राज के साथ रिकॉर्ड किया है।

## मोहब्बत में अर्जुन कानूनगो करेंगे कैमियो

एजेंसियां

**मुंबई:** गायक अर्जुन कानूनगो फिल्म ऑलमोस्ट प्यार विथ डीजे मोहब्बत में कैमियो करते नजर आयेंगे। ज़ी स्टूडियो की फिल्म ऑलमोस्ट प्यार विथ डीजे मोहब्बत में अलाया एफ के साथ करण मेहता अपना बॉलीवुड डेब्यू करने पूरी तरह तैयार हैं।अब फिल्म मेकर्स ने इस बात की घोषणा कर दी है कि गायक अर्जुन



कानूनगो इस फिल्म में कैमियो करते हुए नज़र आएंगे। अलाया एफ और करण मेहता अभिनीत 'ऑलमोस्ट प्यार विद डीजे मोहब्बत' को हाल ही में इस साल माराकेच के जेमा एल फना स्क्वायर में प्रस्तुत किया गया था।

## विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द वैक्सीन वॉर में काम करेंगे अनुपम खेर

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर निर्देशक विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द वैक्सीन वॉर में काम करने जा रहे हैं। अनुपम खेर ने विवेक अग्निहोत्री की सुपरहिट फिल्म द कश्मीर फाइल्स में काम किया था। अब अनुपम खेर ,विवेक अग्निहोत्री के साथ फिर से काम करने जा रहे है।अनुपम खेर ने अपनी 534वीं के रूप में द वैक्सीन वॉर की घोषणा कर दी है। अनुपम खेर ने विवेक अग्निहोत्री के साथ काम करने की जानकारी इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर कर



दी है।तस्वीर में देखा जा सकता है कि अनुपम खेर अपनी अगली फिल्म का क्लैपबोर्ड लिए नजर आ रहे हैं, जिस पर फिल्म का नाम द वैक्सीन वॉर लिखा हुआ है। इस तस्वीर को इंस्टाग्राम पर शेयर कर अनुपम खेर ने लिखा, मेरी 534वीं फिल्म का एलान।

## प्रदेश >> अपडेट

### गैस से दम घुटने से दो लोगों की मौत

**फगवाड़ा** : पंजाब में फगवाड़ा-होशियारपुर मार्ग पर रिहाना जट्टां गांव में बीती रात दो लोगों की सोते समय गैस से दम घुटने से मौत हो गई। रावलपिंडी थाना के जांच अधिकारी महेंद्रपाल ने यहां बताया कि घटना हरमन ढाबे में सोमवार-मंगलवार की रात हुई जहां दोनों एक कमरे में सो रहे थे। मृतकों की शिनाख्त होशियारपुर के बाहोवाल निवासी हरदेव सिंह और कमल के रूप में हुई है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### स्कूलों में चार दिन के लिए अवकाश

**शिवपुरी** : मध्यप्रदेश शिवपुरी में कलेक्टर ने जिले में अत्यधिक सर्दी व शीतलहर के कारण सभी विद्यालयों में चार दिन की अवकाश के आदेश दिये हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने जिले में अत्यधिक सर्दी एवं शीतलहर चलने के कारण सभी विद्यालयों में कल से 4 दिन का अवकाश रखे जाने का आदेश दिया है। समस्त कक्षा एक से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 4 जनवरी से 7 जनवरी तक अवकाश रखे जाने का आदेश दिया है।

### मध्यप्रदेश में कोरोना के पांच सक्रिय मामले

**भोपाल** : मध्यप्रदेश में कोरोना का पिछले 24 घंटों में कोई नया मामला सामने नहीं आया है और सक्रिय मामलों की संख्या 5 पर स्थिर है। गृह मंत्री एवं राज्य सरकार के प्रवक्ता डॉ नरोत्तम मिश्रा ने यहां मीडिया से कहा कि बीते 24 घंटों में जांच के लिए 69 सैंपल लिए गए। कोई भी नया मामला नहीं आया। संक्रमण दर शून्य प्रतिशत है और रिकवरी रेट 98.7 प्रतिशत पर स्थिर है। इस बीच राज्य के स्वास्थ्य संचालनालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि सक्रिय मामले 3 भोपाल में और शेष एक एक जबलपुर तथा इंदौर जिलों में हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले की खडगे ने की निंदा

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना जताई और कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। खडगे ने ट्वीट किया, जम्मू- कश्मीर के राजौरी में दो जगह हुए आतंकवादी हमलों से बेहद आहत हूं, जिसमें दो बच्चों सहित छह लोगों की जान चली गई और 15 घायल हो गए। हम राज्य में आतंकवाद और विशेष रूप से कश्मीरी पंडितों के खिलाफ इन जघन्य आतंकवादी हमलों की निंदा करते हैं। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता व्यक्त करते हुए आगे कहा, सभ्य समाज में आतंकवाद का कोई स्थान नहीं है। इस मुद्दे पर पूरा देश एक साथ है। हम अपने सुरक्षा बलों के साथ खड़े हैं, जो रोजाना जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से बहादुरी से लड़ रहे हैं। इन आतंकवादी हमलों में अपने प्रियजनों को खोने वाले पीड़ित परिवारों के प्रत हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।

### घने कोहरे के चलते चार वाहन आपस में टकराए

**अलवर** : राजस्थान के अलवर में दिल्ली जयपुर नेशनल राष्ट्रीय राजमार्ग 48 स्थित दहमी गांव के पास सड़क पर ज्यादा कोहरा होने चलते चार वाहनों के आपस में टकराने के बाद राजमार्ग पर चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा उनका इलाज जारी है वहीं चार वाहनों के टकराने के बाद हाइवे पर जाम लगने के चलते अन्य वाहन चालकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम लगने और वाहनों के टकराने की सूचना मिलते ही बहरोड़ थाना पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग गस्त मौके पर पहुंची ।

---

**कांग्रेस** — रूस यूक्रेन के विवाद से करने पर गहरा रोष जताते हुए आरोप लगाया कि

# क्या राहुल चाहते हैं कि भारत चीन के समक्ष आत्मसमर्पण कर दे : भाजपा

- कांग्रेस पार्टी गांधी के बयान के माध्यम से संदेश दे रही है
- मंदिर बनवाने वाले गंगई राजराजा चोल हिन्दू नजर नहीं आते हैं



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चीन भारत के सीमा विवाद की तुलना रूस यूक्रेन के विवाद से करने पर गहरा रोष जताते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी गांधी के बयान के माध्यम से संदेश दे रही है कि भारत को चीन के समक्ष आत्मसमर्पण कर देना चाहिए। भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में गांधी के दक्षिण के सिने अभिनेता कमल हासन को दिये साक्षात्कार को लेकर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस के चिर युवा और चिर व्याकुल नेता सदैव क्रोधित एवं सदैव भ्रमित रहते हैं। उन्होंने एक अपने जैसे भ्रमित अभिनेता को साक्षात्कार दिया है जिसे वृहदीश्वर मंदिर बनवाने वाले गंगई राजराजा चोल हिन्दू नजर नहीं आते हैं। डॉ. त्रिवेदी ने कहा,राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ा यात्रा के दौरान भ्रमण करते करते और भारी भ्रम के शिकार हो गए हैं। वो लगातार भ्रम में पड़ रहे हैं। उन्हें वास्तविक ज्ञान की जरूरत है। लेकिन उन्होंने भारत का भ्रम दूर कर दिया है चीन पर दिया गया उनका बयान ऐसा इंगित कर रहा है कि भारत चीन के आगे नतमस्तक हो जाए। उन्होंने कहा कि गांधी ने कहा है कि जिस प्रकार से यूक्रेन पश्चिमी देशों के साथ सांठगांठ कर रहा था तो रूस ने उससे नाराज होकर उसका भूगोल बदल दिया है, उसी प्रकार से चीन भी भारत के अमेरिका आदि देशों के करीब जाने से नाराज हो कर भारत का भूगोल बदल रहा है। उन्होंने गांधी से सवाल किया कि तो क्या वह यह चाहते हैं कि भारत को चीन के सामने समर्पण कर देना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि गांधी ने भारतीय सेना की पिटाई होने की बात कह कर सेना का मनोबल गिराने का प्रयास किया और अब 135 करोड़ भारतीयों के मनोबल को गिरा रहे हैं। उन्होंने पूछा, ''पहले सेना और अब भारतीयों के सम्मान को गिराने का काम राहुल क्यों कर रहे हैं। उन्होंने यह भी पूछा कि गांधी दुनिया के ऐसे 4-5 देशों का नाम बता दें जो आज चीन के साथ खड़े हैं जबकि भारत के साथ सारी दुनिया खड़ी है। उन्होंने कहा, राहुल जी,भारत में घूमने से नहीं भारत को समझने से भारतीयता को समझा जा सकता है। यही एक मात्र देश है जो प्रागैतिहासिक काल से जीवंत है लेकिन इनकी चार पीढ़ी से 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' ही चल रही है।

## इन्दिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान योजना में आवेदन आमंत्रित



**एजेंसियां**

**उदयपुर :** राजस्थान सरकार द्वारा आगामी आठ मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए इन्दिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान योजनान्तर्गत विभिन्न श्रेणियों में राज्य एवं जिला स्तर पर पुरस्कार एवं सम्मान के लिए 10 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गये है। महिला अधिकारिता उप निदेशक संजय जोशी ने बताया कि इसके तहत व्यक्तिगत श्रेणी, संस्थागत श्रेणी, दानदाता, सीएसआर, महिला एवं बाल विकास कर्मियों की श्रेणी साथिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, सहायिका व उड़ान योजनान्तर्गत माहवारी स्वास्थ्य एवं प्रबंधन जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति, संस्था, एनजीओ. उड़ान योजनान्तर्गत सेनेटरी नैपकिन उत्पादन में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ एसएचजी आदि को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रपत्र एवं दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्य स्तर पर आवेदन करने वाले इच्छुक व्यक्ति या संस्था अपना आवेदन इंस्पाअवार्डस 2023 एटदीरेट जीमेल डॉट कॉम पर तथा जिला स्तर पर आवेदन करने वाले इच्छुक व्यक्ति या संस्था अपना आवेदन महिला अधिकारिता विभाग के जिला कार्यालय में 10 जनवरी तक प्रेषित कर सकते हैं।

## घने कोहरे की चपेट में, शीतलहर का प्रकोप जारी



**एजेंसियां**

**चंडीगढ़ :** पश्चिमोत्तर क्षेत्र में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप जारी रहने से आम जनजीवन प्रभावित रहा। घने कोहरे से हवाई ,रेल और सड़क आवागमन पर असर पड़ा। दोपहर बाद कोहरा छंटने के बाद यातायात सामान्य हुआ लेकिन दृश्यता कम होने से न तो कोई उड़ान आयी और न यहां से जा सकी। अमृतसर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी उड़ानें बुरी तरह प्रभावित रहीं। मौसम केन्द्र के अनुसार अगले तीन- चार दिन घने कोहरे से राहत के आसार नहीं हैं। क्षेत्र में अति घना कोहरा रहने के साथ कोल्ड डे और कहीं-कहीं शीतलहर का प्रकोप जारी रहने के आसार हैं। पंजाब में बठिंडा का पारा एक डिग्री और हरियाणा में सिरसा तीन डिग्री सेल्सियस रहा। क्षेत्र में कुछ स्थानों पर न्यूनतम पारा तीन से चार डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। चंडीगढ़ में सुबह घना कोहरा रहा तथा दिन में कोल्ड डे से ठिठुरन बढ़ गयी। दोपहर बाद मामूली गुनगुनी धूप निकली लेकिन ठंड से राहत न दिला सकी। शहर में पारा छह डिग्री रहा। पंजाब में बठिंडा सबसे कम एक डिग्री, गुरदासपुर दो डिग्री तक गिर गया। अमृतसर पांच डिग्री ,लुधियाना पांच डिग्री, पटियाला चार डिग्री,पठानकोट छह डिग्री सेल्सियस रहा। अगले कुछ दिन ठंड तथा कोहरे से राहत के आसार नहीं हैं।

## सरकार ने स्वास्थ्यकर्मियों की हड़ताल खत्म कराने में नहीं उठाया कोई कदम



**एजेंसियां**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आरोप लगाया है कि सरकार ने प्रदेश में हड़ताल कर रहे हजारों संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की हड़ताल को समाप्त कराने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। कमलनाथ ने अपने ट्वीट में कहा कि प्रदेश के 32 हजार संविदा स्वास्थ्यकर्मी 15 दिसंबर से हड़ताल पर हैं। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का हाल पहले से ही खराब है, लेकिन सरकार ने अब तक इस हड़ताल को समाप्त कराने के लिए कोई न्यायप्रिय कदम नहीं उठाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ती ठंड और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोरोना को लेकर जताई जा रही आशंकाओं के बीच यह बहुत जरूरी है कि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की बात सुनी जाए और प्रदेश की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं की अव्यवस्था से बचाया जाए।

## आतंकवाद पीड़ित पुलिस कर्मचारियों की सहायता की जाए : प्रो. चावला



**एजेंसियां**

**अमृतसर :** पंजाब की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री प्रो. लक्ष्मीकांता चावला ने मंगलवार को पंजाब सरकार से मांग की कि राज्य में आंतकवाद के दौरान अदालतों के मुकदमों में फंसे पुलिस कर्मचारियों की सहायता करें। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और पुलिस महानिदेशक गौरव यादव को लिखे पत्र में प्रो. चावला ने कहा कि आतंकवाद से लड़ने वाले जो पुलिस कर्मी शहीद हो गए, उनके परिवारों को तो सरकार ने जिंदगी जीने के साधन दे दिए,लेकिन जो पुलिस कर्मचारी आतंकवाद से लड़ते हुए अदालतों के मुकदमों में फंस गए, जेलों में बंद हैं, जमानत पर हैं या पैरोल पर आकर मुकदमे लड़ रहे हैं, उनकी सरकार ने कोई सहायता नहीं की। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह पुलिस कर्मचारी वर्षों से अदालतों के दरवाजे पर धक्के खा रहे हैं। वकीलों के लिए पैसे का प्रबंध भी करते हैं। जेलों में भी बंद हैं। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री और डीजीपी से अनुरोध किया है कि वे समय निकालकर आतंकवाद पीड़ित सभी पुलिस कर्मचारियों और उनके परिवारों को बुलाएं तथा उनकी तकलीफें सुन कर उचित सहायता करें। उन्होंने कहा कि जो पुलिस कर्मचारी जेलों में बंद और मुकदमे भुगत रहे हैं। उनके परिवारों की स्थिति बहुत दयनीय है और उन जवानों की भी जो लड़ाई लड़ते-लड़ते बूढ़े हो रहे हैं। परेशान और निराश भी हैं। इसके साथ ही बहुत से ऐसे युवक-युवतियां हैं जो अब अधेड़ावस्था में पहुंच गए। उनके परिजनों को आतंकवादियों ने मारा था। प्रो. चावला ने कहा कि जो नेता चार दशक पहले भी आतंकवादियों ने मारे, उनके परिजनों को तो डीएसपी बना दिया, अफसर बना दिया, लेकिन जिनके परिवार के सभी पुरुष मार दिए गए, वे सिपाही बनकर ही मजबूरी और बेबसी में जी रहे हैं। कृपया ऐसे परिवारों को भी राहत दें।

---

**सूर्य** — निदेशक एन रघुनंदन कुमार ने एक विज्ञप्ति में कहा

# पृथ्वी बुधवार को सूर्य के सबसे निकट पहुंचेगी : पीएसआई

- पृथ्वी पर मौसम या तापमान में बदलाव होता है
- वार्षिक चक्कर के दौरान इसके झुकाव से मौसम तय होता है




**एजेंसियां**

**हैदराबाद :** प्लैनेटरी सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीएसआई) ने मंगलवार को कहा कि पृथ्वी बुधवार की रात सूर्य के सबसे निकटतम बिंदु पर पहुंचेगी। पीएसआई के निदेशक एन रघुनंदन कुमार ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पृथ्वी कल रात नौ बजकर 44 मिनट पर अपनी वार्षिक दीर्घवृत्तीय कक्षा में सूर्य के निकटतम बिंदु पर 0.98329 एयू यानी सूर्य से 14,70,98,928 किलोमीटर दूर पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर दीर्घवृत्तीय कक्षा में चक्कर लगाती है, जिसके कारण एक वर्ष में एक समय पृथ्वी सूर्य के सबसे निकट होती है और एक समय सबसे दूर होती है। खगोलीय रूप से इस घटना को 'उपसौर' कहा जाता है, जबकि सात जुलाई, 2023 को सुबह 01:16 बजे पृथ्वी सूर्य से 1.016एयू (15,20,93,253 किमी) पर होगी यानी सूर्य से सबसे दूर बिंदु पर, जिसे 'अपसौर' कहा जाता है। दूसरे शब्दों में, चार जनवरी को उपसौर के कारण, पृथ्वी अपनी कक्षा में सात जुलाई, 2023 की तुलना में सूर्य से 49,94,325 किमी नजदीक होगी। कुमार ने कहा कि आमतौर पर माना जाता है कि पृथ्वी से सूर्य की दूरी के कारण पृथ्वी पर मौसम या तापमान में बदलाव होता है लेकिन यह सच नहीं है। सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हुए पृथ्वी का अक्षीय झुकाव (लगभग 23.5 डिग्री) पृथ्वी पर मौसम और तापमान निर्धारित करता है, जिसमें से एक गोलार्ध सूर्य की ओर और दूसरा उसके विपरित होता है। उन्होंने कहा कि वर्ष की शुरुआत में जनवरी महीने में उत्तरी गोलार्ध के अधिकांश देशों में ठंड होती है जबकि पृथ्वी सूर्य के सबसे निकट होती है। जबकि दक्षिणी गोलार्ध के देशों में गर्मी होती है। साथ ही, जुलाई में जब पृथ्वी सूर्य से सबसे दूर होती है तो जनवरी की तुलना में भारत और पड़ोस देशों में बहुत गर्मी पड़ती है। इसलिए यह स्पष्ट होता है कि सूर्य से पृथ्वी की दूरी से मौसम निर्धारित नहीं होता है बल्कि सूर्य के चारों ओर अपनी वार्षिक चक्कर के दौरान इसके झुकाव से मौसम तय होता है। पीएसआई निदेशक ने कहा कि पृथ्वी को सूर्य की एक परिक्रमा पूरी करने में 365.25 दिन लगते हैं। पृथ्वी की तुलना में, बृहस्पति ग्रह को सूर्य की एक परिक्रमा पूरा करने में 11.862 वर्ष लगते हैं। कुमार ने कहा कि पृथ्वी की तरह ही बृहस्पति का भी सूर्य की परिक्रमा के दौरान उपसौर और अपसौर होता है। इस प्रकार से, 20 जनवरी, 2023 को, बृहस्पति सूर्य के निकटतम बिंदु पर होगा जबकि बृहस्पति 28 दिसंबर, 2028 को सूर्य से सबसे दूरस्थ बिंदु पर होगा। पिछली बार बृहस्पति 17 मार्च, 2011 को सूर्य के निकटतम बिंदु पर था। अन्य ग्रहों की तरह सूर्य के चारों ओर बृहस्पति की कक्षा भी अण्डाकार है लेकिन यह गोलाकार के बहुत करीब है।

---

## न्यूज फटाफट

### अमेरिका में कैपिटल हिल जैसा फिर हो सकता है हमला

**वाशिंगटन** : अमेरिका में कैपिटल पुलिस के प्रमुख थॉमस मंगर ने चेतावनी जारी की है कि 06 जनवरी, 2021 को हुए कैपिटल हमले की तरह फिर से दंगे हो सकते हैं। मंगर ने एक बयान में कहा, हमारे देश की ध्रुवीकृत स्थिति के कारण 06 जनवरी, 2021 को हुए हमले जैसा फिर प्रयास किया जा सकता है। उन्होंने कहा,''कुछ घटना होती है तो उसे विफल करने के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं।

### यूक्रेन में हवाई हमले की चेतावनी जारी हुई

**कीव** : यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध के बीच यूक्रेन के किरोवोह्राद, निकोलायेव, खार्की व और निप्रॉपेट्रोस क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है। यूक्रेन के डिजिटल परिवर्तन मंत्रालय के ऑनलाइन हवाई हमले के अलर्ट मानचित्र के अनुसार यूक्रेन नियंत्रित खेरसॉन और जापोरिज्जयिा हवाई हमले के सायरन भी बजने लगे। उल्लेखनीय है कि रूस के क्रीमियन ब्रिज पर यूक्रेन के हमले के दो दिन बाद 10 अक्टूबर, 2022 को रूस ने यूक्रेन के बुनियादी ढांचे पर हमला करना शुरू किया था। पूरे यूक्रेन में बिजली, रक्षा उद्योग, सैन्य कमान और संचार सुविधाओं पर हमले किए गए। वहीं यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस शमीहाल ने 15 नवंबर 2022 को हमलों के बाद कहा कि देश के लगभग आधे पावर ग्रिड में सेवा ठप है। वहीं, राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने गत दिसंबर में कहा कि अब यूक्रेनी पावर ग्रिड को पूरी तरह से बहाल करना असंभव है।

### संयुक्त परमाणु अभ्यास पर द. कोरिया से चर्चा नहीं कर रहा है

**वाशिंगटन** : अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि अमेरिका दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल के साथ संयुक्त परमाणु अभ्यास पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सुक-योल ने द चोसुन इल्बो अखबार को दिए साक्षात्कार में कहा था कि द. कोरिया उत्तर कोरिया के परमाणु खतरे का मुकाबला करने के लिए अमेरिकी परमाणु बलों की भागीदारी के साथ संयुक्त रूप से योजना बनाने और अभ्यास करने के लिए अमेरिका से बातचीत कर रहा है। वहीं,दक्षिण कोरिया के साथ संयुक्त परमाणु अभ्यास के मुद्दे पर पूछे गए सवाल के जवाब में बाइडेन ने कहा, नहीं।

### उत्तर कोरिया बना सकता है 20 से 60 परमाणु हथियार

**सोल** : उत्तर कोरिया 20 से 60 परमाणु हथियार बना सकता है। दक्षिण कोरिया की मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोरियाई प्रायद्वीप में स्थिति तनावपूर्ण हो गई है क्योंकि उ. कोरिया के नेता किम जोंग उन ने पिछले सप्ताह एक त्वरित परमाणु जवाबी हमले के लिए एक नई अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली को विकसित करने का आदेश दिया था। उन्होंने देश के निपटान में परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया था। समाचार एजेंसी ने अमेरिकी इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल स्ट्रैटेजिक स्टडीज (आईएनएसएस),स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) और जापानी रिसर्च सेंटर फॉर न्यूक्लियर वेपन्स एबोलिशन (आरईसीएनए) सहित विशेष पश्चिमी विश्वविद्यालयों द्वारा 2022 में प्रकाशित आंकड़ों का विश्लेषण किया। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिमी देशों के विशेषज्ञ इस बात से सहमत हैं कि उ.कोरिया के पास सितंबर तक करीब 20-30 परमाणु हथियार थे, लेकिन आईएनएसएस ने नोट किया कि नवंबर में इनकी संख्या बढ़कर 60 हो सकती है। वहीं, एसआईपीआरआई का मानना है कि उ. कोरिया के पास 45-55 परमाणु हथियार बनाने के लिए यूरेनियम- 235 और प्लूटोनियम -239 नामक सामग्री पर्याप्त मात्रा में है।

### इजरायल की ओर से किए गए हमले में छह सैनिक मारे गए

**दमिश्क** : इजरायल की वायु सेना के विमानों द्वारा गोलान हाइट क्षेत्र से किये गये हवाई हमले में सीरिया के छह सैनिकों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी सीरिया में विरोधी पक्षों के सुलह के लिए स्थापित रूसी रक्षा मंत्रालय के केंद्र के उप प्रमुख मेजर जनरल ओलेग येगोरोव ने दी है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 02 जनवरी को सुबह 2 बजे से 02:06 बजे तक इजरायली वायु सेना के चार एफ-16 विमान गोलान हाइट्स के क्षेत्र से सीरियाई हवाई क्षेत्र में प्रवेश किए बिना दमिश्क के पास दुवाली और ब्ले एयरफ़ील्ड में सैन्य केंद्रों पर निर्देशित मिसाइलोंहमला किया। उन्होंने कहा, इस हमले में सीरिया के छह सैनिक मारे गए तथा तीन अन्य घायल हो गए।

### सड़क हादसे में एक ही परिवार को पांच सदस्यों की मौत

**चेन्नई** : तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के अय्यनारपलायम गांव में मंगलवार तड़के तिरुचि-चेन्नई राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार की ट्रक ने एक कार को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें एक आईटी दंपति सहित एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतकों की पहचान विजयराघवन, उनकी पत्नी वत्सला, उनकी मां वसंतलक्ष्मी और दंपति के दो बच्चों विष्णु और आदिर्थ के रूप में की गई है। वे मदुरै के मूल निवासी थे और वर्तमान में चेन्नई के नांगनल्लूर में रह रहे थे। हादसे के समय वे केरल से लौट रहे थे। यह दुर्घटना सुबह लगभग तीन बजे हुई जब कार चालक ने विजयराघवन ने राजमार्ग पर ट्रैफिक जाम के कारण एक ट्रक के पीछे कार को धीमा किया। इस बीच तेलंगाना रजिस्ट्रेशन नंबर वाले तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने पीछे से कार को ठोंक दिया। टक्कर के बाद कार दोनों ट्रकों के बीच फंस गई और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार सभी पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मामले की जांच चल रही है।

## आज का इतिहास

- 1643 : गुरुत्वाकर्षण का सिद्धान्त और गति के नियम का प्रतिपादन करने वाले इंग्लैंड के महान भौतिक शास्त्री और गणितज्ञ सर आइजैक न्यूटन का जन्म।
- 1931 : प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री निरुपा रॉय का जन्म।
- 1948 : दक्षिण पूर्व एशियाई देश बर्मा (म्यांमार) को ब्रिटेन से आजादी मिली।
- 1952 : भारत के 43वें मुख्य न्यायाधीश टी. एस. ठाकुर का जन्म।
- 1955 : सामाजिक कार्यकर्ता और राजनेता प्रताप चन्द्र सारंगी का जन्म।
- 1958 : न्यूजीलैंड के सर एडमंड हिलेरी ने दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखा।
- 1965 : हिन्दी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता आदित्य पंचोली का जन्म।
- 1966 : भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और पाकिस्तान के जनरल अयूब खान के बीच भारत पाकिस्तान सम्मलेन की शुरुआत।
- 1972 : विभिन्न अपराधों की जांच को बेहतर और आधुनिक तरीके से अंजाम देने के लिए नई दिल्ली में इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिमिनालॅजी एंड फारेंसिक साइंस की स्थापना।
- 1990 : पाकिस्तान में रेल दुर्घटना के इतिहास की सबसे दुखद घटना में दो ट्रेनों के बीच भीषण टक्कर में 307 लोगों की मौत और बहुत से लोग घायल हुए।
- 1994 : मशहूर संगीतकार राहुल देव बर्मन का निधन।
- 1998 : बंगलादेश ने भारत को उल्फा महासचिव अनूप चेतिया को सौंपने से इन्कार किया।
- 2006 : दुबई के शासक शेख़मकतूम बिन रशीद अल मकतूम का निधन।
- 2007 : अमेरिका में नैंसी पेलोसी को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव का स्पीकर चुना गया। इस पद पर पहुंचने वाली वह पहली महिला।
- 2008 : अमेरिका ने श्रीलंका को सैन्य उपकरणों और सेवाओं की आपूर्ति पर रोक लगायी।
- 2009 : पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने यूपीए से नाता तोड़ा।
- 2010 : संयुक्त अरब अमीरात के दुबई स्थित बुर्ज खलीफा को आधिकारिक तौर पर खोला गया। इसे उस समय दुनिया की सबसे ऊंची इमारत कहा गया था।
- 2016 : भारत के 38वें मुख्य न्यायाधीश एस.एच कपाड़िया का निधन।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची बुधवार
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
4:01:2023





## कोहरे के आगोश में झारखंड

रांची: राजधानी समेत पूरे राज्य इन दिनों कोहरे और ठंड की चपेट में है। मौसम के बदले मिजाज से पूरे राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राज्य के कोहरे की चपेट में आ जाने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार कम हो गया है तो कई फ्लाइट व ट्रेनों की समयसारिणी भी प्रभावित हुई है।

**जमानत** बेटी की बीमारी के आधार पर जमानत,नहीं जा सकेंगी दिल्ली एनसीआर से बाहर

# पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से मिली एक महीने की अंतरिम जमानत

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**झारखड की निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है । जस्टिस एसके कौल एवं जस्टिस अभय ओका की बेंच ने उन्हें 1 महीने की अंतरिम जमानत दी है। पूजा सिंघल की तरफ से बीमार बेटी के देखभाल को आधार बनाया गया था। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत दी है। जमानत में यह शर्त रखी गई है कि उन्हें दिल्ली में ही रहना होगा। एनसीआर से बाहर वह नहीं जा सकती हैं। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका 3 नवंबर को झारखंड हाई कोर्ट ने खारिज कर दी थी जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया था। पूजा सिंघल को ईडी ने 11 मई को गिरफ्तार किया था। उसके बाद से ही वह जेल में बंद हैं। जेल में बंद पूजा सिंघल को करीब 6 महीने बीत गए हैं लेकिन, उन्हें अबतक जमानत नहीं मिली है। इससे पहले ईडी कोर्ट ने पूजा सिंघल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। 2022 में 6 मई को ईडी ने मनरेगा घोटाला में झारखंड की तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी को 19.41 करोड़ मिले थे।

जांच के बाद ईडी ने बताया कि जब्त पैसों में अधिकांश राशि राज्य के बड़े राजनीतिज्ञों और नौकरशाहों की है। इसके बाद आठ जुलाई को ईडी ने पूजा सिंघल को ईडी ने 11 मई को गिरफ्तार किया था। उसके बाद से ही वह जेल में बंद हैं। जेल में बंद पूजा सिंघल को करीब 6 महीने बीत गए हैं लेकिन, उन्हें अबतक जमानत नहीं मिली है। इससे पहले ईडी कोर्ट ने पूजा सिंघल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में ईडी ने 19 जुलाई को पंकज मिश्रा को मास्टरमाइंड बताते हुए गिरफ्तार किया था। बाद में ईडी ने 25 अगस्त को सत्ता के गलियारे में चर्चित रहे प्रेम प्रकाश, सीए जे जयपुरिया के ठिकानें पर छापेमारी की थी।

इस दौरान प्रेम के यहां से सीएम हाउस में तैनात दो सिपाहियों की एके 47 व 60 कारतूस बरामद किए थे, जबकि जयपुरियार के यहां से संपत्ति व निवेश से जुड़े कच्चे कागजात व फाइलें बरामद की गई थीं। इसी मामले में एक आईएएस अफसर के दो करीबी और निसित केसरी और विशाल चौधरी के यहां भी ईडी ने छापेमारी की थी। वहीं ईडी ने सितंबर महीने में मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद से भी तीन दिनों तक पूछताछ की थी।

2016 हॉर्स ट्रेडिंग मामले में

# ईडी ने मांगी सुपरविजन रिपोर्ट



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राज्यसभा चुनाव 2016 हॉर्स ट्रेडिंग मामले में ईडी ने दूसरी बार झारखंड पुलिस को पत्र लिखा है। इससे पूर्व ईडी ने दर्ज एफआईआर की कॉपी मांगी थी जिसे रांची पुलिस के द्वारा उपलब्ध करवाया गया था। इस बार जो पत्र लिखा गया है उसमें ईडी ने मामले में सुपरविजन और इंटरनल रिपोर्ट की मांग की है। साथ ही ईडी के द्वारा यह भी पूछा गया है कि क्या केस में प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट लगा है। पत्र के द्वारा झारखंड पुलिस से जल्द से जल्द सभी जानकारी ईडी को उपलब्ध करवाने की बात कही गई है। गौरतलब है केंद्रीय निर्वाचन आयोग के आदेश पर रांची के जगन्नाथपुर थाने में वर्ष 2016 में चुनाव को प्रभावित करने संबंधी एक प्राथमिकी (154/18) दर्ज की गयी थी। मामले की जांच दौरान पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और उनकी पत्नी तथा तत्कालीन विधायक निर्मला देवी का भी बयान लिया गया था। निर्मला देवी ने अपने बयान में आरोप लगाया था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास और उनके सहयोगियों, विशेष शाखा के तत्कालीन एडीजी अनुराग गुप्ता, तत्कालीन मुख्यमंत्री के सलाहकार अजय कुमार ने उन्हें एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के एवज में पांच करोड़ रुपये देने की लालच दी थी और भाजपा में शामिल होने का प्रस्ताव दिया था। मतदान के लिए धमकाने से संबंधित एक ऑडियो भी रिकॉर्ड किया गया था। इसके बाद ही इस मामले ने तूल पकड़ा था और प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। तब से ही मामले की जांच चल रही है। रांची के तत्कालीन सिटी एसपी अंशुमन कुमार ने 17 नवंबर 2022 को सौंपी अपनी सुपरविजन रिपोर्ट में जांच को लेकर कुछ बिंदुओं पर टिप्पणी की थी। सिटी एसपी ने कुछ और बिंदुओं पर जांच करने की सलाह दी थी। मसलन विधि-विज्ञान प्रयोगशाला गांधीनगर से प्राप्त जांच रिपोर्ट के बिंदु नंबर 12 और 13 का जिक्र रिपोर्ट में नहीं किया गया है। वहीं फोन पर डिलीटेड डेटा की एक डीवीडी बनाकर सीएफएसएल गांधीनगर से भेजी गयी थी, जांच अधिकारी के द्वारा उसका भी कोई अध्ययन नहीं किया गया। तत्कालीन सिटी एसपी ने इन सभी मामलों पर पूरी जांच करने का निर्देश दिया था।

रांची में जैन समुदाय ने निकाला मौन जुलूस, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, कहा

# सम्मेद शिखर को पवित्र तीर्थ क्षेत्र करें घोषित

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** पावन व पवित्र तीर्थस्थल श्री सम्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल घोषणा के विरोध मे जैन समाज के तत्वधान में प्रातः 9 बजे दिगंबर जैन मंदिर अपर बाजार रांची से राजभवन तक विशाल मौन पदयात्रा निकाली गई। मौन पदयात्रा मेन रोड, शहीद चौक, कचहरी चौक होते हुए राजभवन पहुंचा, पदयात्रा में जैन समाज, मारवाड़ी समाज एवं अन्य संगठनों के बड़ी संख्या में पुरुषों एवं महिलाओं ने भाग लिया। सबों ने अपने हाथों में स्लोगन की तख्तियां एवं झंडे लिए हुए थे, तदुपरांत जैन समाज एवं झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने महामहिम राज्यपाल रमेश बैस को एक ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें कहा गया है कि जैन धर्मावलंबियों के पवित्र तीर्थ स्थल श्री सम्मेद शिखरजी मधुबन को धार्मिक पर्यटन स्थल घोषित करने से दुनिया भर में स्थित जैन समाज आहत है। आप भली-भांति अवगत होंगे कि विश्व प्रसिद्ध श्री सम्मेद शिखरजी जैन धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा पवित्र तीर्थ स्थल है जैन समाज के 24 तीर्थंकरो में से 20 तीर्थ करो ने इस पर्वत पर तपस्या की और मोक्ष प्राप्त किया है। जैन समाज के लिए यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का तीर्थ स्थल है। इसे पर्यटन स्थल बनाने इसकी पवित्रता भंग होगी, उस क्षेत्र में मांसाहार और शराब सेवन जैसी अनैतिक गतिविधियां प्रारंभ होने की संभावना होगी। इससे अहिंसक जैन समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल घोषित करने से जैन समाज में निराशा का माहौल है, इसलिए जैन धर्मावलंबियों की वास्तविक मांग पर सहानुभूत पूर्वक विचार करते हुए श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल बनाने पर रोक लगे, इस पवित्र तीर्थ स्थल को धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित किया जाए।

### प्रमाण पत्र की जांच 12 जनवरी को

**रांची:** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा रिम्स में परिचारिका (नर्स) श्रेणी-ए के रिक्त पदों पर हुए परीक्षा के आधार पर चयनित 16 अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र की जांच की तिथि घोषित कर दी गई है।। रिम्स के प्रशासनिक भवन में 12 जनवरी को सुबह 10:00 से शाम 5:00 बजे तक चयनित अभ्यर्थियों को अपना प्रमाण पत्र लेकर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। प्रमाण पत्र की जांच के बाद सब कुछ सही रहा, तो संबंधित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाएगा। इसके लिए किशोर कुमावत, किशन लाल प्रजापति, नोमिता लकड़ा, भवानी कुमारी, इशरत आरा, रेणु कुमारी, पुष्पा कुमारी, अलका बाखला, रूपा मुर्मू, अनिल प्रसाद वर्मा, और नमिता मिंज चयनित किये गये हैं।

# गवाह नहीं आए तो कड़ा रुख अपनाएगा कोर्ट

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** 2019 विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरेश बैठा की इलेक्शन पिटीशन पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक समरी लाल की ओर से गवाह प्रस्तुत किया जाना था, लेकिन उनकी ओर से कोई गवाह अदालत में उपस्थित नहीं हुआ। जिस पर अदालत ने नाराजगी जाहिर करते हुए समरी लाल को निर्देश दिया कि अगली सुनवाई में ऑफिशियल नहीं पहुंचे, तो कोर्ट उनके खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करेगा। याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विभास सिन्हा और अविनाश अखौरी ने कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा। वहीं समरी लाल की ओर से अधिवक्ता अमर कुमार सिन्हा ने पक्ष रखा। बता दें कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा की आरक्षित सीट से कांग्रेस पार्टी के



उम्मीदवार सुरेश बैठा और बीजेपी के प्रत्याशी समरी लाल चुनाव लड़े थे। मतगणना के बाद भाजपा के प्रत्याशी समरी लाल को निर्वाचित घोषित किया गया था। जिसके बाद सुरेश बैठा ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर समरी लाल के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की है। इसके पीछे उन्होंने आधार दिया है कि समरी लाल द्वारा चुनाव के दौरान दिया गया जाति प्रमाण पत्र गलत है।

# 4 सूत्री मांगों को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड राज्य आजीविका कैडर संघ का हेमंत सरकार और जेएसएलपीएस के वरीय पदाधिकारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन 23वें दिन भी जारी है। कैडर संघ अपनी 4 सूत्री मांगों को लेकर 12 दिसंबर से राजभवन के सामने धरने पर बैठे हैं। संघ से सीएम को अपनी मांग पत्र सौंपी है। कैडर संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुन्ना कापरी ने कहा कि हम अपनी मांगों को लेकर कई जगह मांग पत्र सौंपी। लेकिन अब तक इस पर कोई पहल नहीं की गयी है। जब तक संघ की मांगें पूरी नहीं होगी, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। संघ आगे भूख हड़ताल और आमरण अनशन करेंगे। संघ का कहना है कि वरीय पदाधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं। अगस्त माह में विरोध प्रदर्शन कर विभाग ने पत्र जारी कर मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया। इसको लेकर कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। जिसमें कई निर्णय लिये गये। इसको लेकर संघ के प्रतिनिधि ने कई बार पत्र भी लिखा गया। लेकिन अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। जिसके बाद संघ धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य हैं। कैडर संघ के प्रदेश सचिव मुस्तकीम रज्जा ने कहा 2014 से अब तक संघ ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को धरातल में उतारने का काम किया है। जेएसएलपीएस अंतर्गत ग्राम स्तर पर गरीब महिलाओं के साथ जुड़कर छोटे-बड़े संगठन का निर्माण कर उन्हें प्रशिक्षण देने का काम किया। जिससे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक हर दृष्टिकोण से लोग सशक्त हो रहे हैं।

# रांची में प्रधानमंत्री आवास योजना पूरा नहीं करनेवालों पर होगा एक्शन



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रांची में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को आवास बनाने के लिए रांची नगर निगम चार किश्तों में राशि उपलब्ध करा रहा है। लेकिन कई लाभुक ऐसे है जिन्होंने राशि लेकर आवास को अधूरा छोड़ दिया है। वहीं कुछ तो ऐसे लाभुक है जिन्होंने राशि लेकर काम ही शुरू नहीं कराया। ऐसे में न तो उनका घर पूरा हो पा रहा है और नगर निगम की रिपोर्ट में ये मकान अधूरे है, जिससे कि आवास को समय से पूरा कराने का निगम का लक्ष्य भी अधर में लटक गया है। अब रांची नगर निगम ऐसे लाभुकों पर सख्त कार्रवाई करने की मूड में है इतना ही नहीं योजना की पूरी राशि जो अबतक लाभुको को ट्रांसफर की गई है उसे भी रिकवर करने की योजना है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर किसी का हो घर अपना केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है। इसकी मॉनिटरिंग प्रधानमंत्री कार्यालय से की जा रही है। अब केंद्र से सख्ती के बाद निगम के अधिकारी भी रेस हो गए है। रांची नगर निगम की सहायक नगर आयुक्त (एएमसी) खुद से वाडों में निरीक्षण के लिए जा रही है। वहीं अधूरे निर्माण और काम शुरू नहीं करने वाले लाभुकों को समझाने की कोशिश कर रही है जिससे कि लोग आवास का निर्माण कार्य पूरा कर सके हालांकि आवास निर्माण को लेकर पहले भी नगर निगम ने कई बार लाभुकों को नोटिस भेजा था। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमवाई वर्टिकल-4) के तहत लाभुक अपनी खाली जमीन पर घर का निर्माण करा सकता है। इसके लिए भवन प्लान का डिजाइन केंद्र सरकार की तरफ से ही स्वीकृत है, अलग से नगर निगम से नक्शा पास कराने की जरूरत नहीं होती है योजना के तहत लामुक 386 वर्गफीट (करीब 400 वर्गफीट) का घर बना सकता है, घर बनाने के लिए सरकार एक लाभुक को 2.25 लाख रुपए दे रही है।




**मौसम** बादलों के कारण तापमान में आयी गिरावट, कनकनी ने आमजनों की मुश्किलें बढ़ी

# कोहरे के आगोश में राज्य, वाहनों की रफ्तार धीमी, रेल-हवाई सेवा भी प्रभावित

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**राजधानी समेत पूरे राज्य इन दिनों कोहरे और ठंड की चपेट में है। मौसम के बदले मिजाज से पूरे राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राज्य के कोहरे की चपेट में आ जाने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार कम हो गया है तो कई फ्लाइट व ट्रेनों की समयसारिणी तक प्रभावित हुई है। आज सुबह से धूप की लुकाछिपी जारी रही। सुबह 11 बजे तक कोहरे का असर देखा गया, ग्रामीण क्षेत्र में तो कोहरे का ज्यादा असर देखा गया। ठंड की वजह से लोग घरों में ही दुबके रहे। हालांकि 11 बजे के बाद हल्की धूप निकली लेकिन फिर बादलों का डेरा हो जाने से धूप गायब हो गयी। ठंड व कोहरे की वजह से मौसम सुहावना हो जाने से लोगों ने नववर्ष का भरपूर आनंद उठाया। पिछले दो दिनों से नववर्ष पर आंशिक धूप खिली रही। हालांकि, कनकनी लगातार बनी रही। इसके बाद भी शहरवासियों ने नववर्ष में कई पिकनिक स्पाट पर जाकर खूब मस्ती की। पूरे राज्य में पश्चिमी दिशा से आ रही हवा का असर देखा जा रहा है। देर रात कनकनी ने आमजनों की मुश्किलें बढ़ा दी है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने भी बढ़ती ठंड को देखते हुए बुजुर्गों व बच्चों को सतर्क रहने की सलाह दी है। यह पूवार्नुमान है कि राजधानी रांची समेत आसपास के जिलों में सुबह कोहरे व धुंध का असर देखने को मिलेगा। आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे और मौसम शुष्क बना रहेगा। वरीय वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों तक राजधानी के तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले दो दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की जाएगी।